


बालाघाट, सिवनी, गोंदिया एवं भंडारा जिले में प्रसारित हिन्दी दैनिक..

# जग प्रेरणा

बालाघाट - 16 जुलाई 2026 | दिन - गुरुवार | वर्ष-14 वां | पृष्ठ - 12 | अंक - 170 | मूल्य - 5 रुपये






# सोनम वांगचुक के अनशन की अनदेखी कर सरकार क्रूरता कर रही : अभिजीत दीपके



**नई दिल्ली, (भाषा)।** कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की भूख हड़ताल के 18वें दिन बुधवार को विभिन्न दलों के नेता उनसे मिलने पहुंचे। वहीं, कॉकरोच जनता पार्टी (कॉजपा) के संस्थापक अभिजीत दीपके ने प्रदर्शनकारियों के साथ बातचीत नहीं करने को लेकर सरकार को ''क्रूर'' बताया। कॉजपा का

मेडिकल की प्रवेश परीक्षा 'नीट' में कथित अनियमितताओं के विरोध में जंतर-मंतर पर जारी प्रदर्शन 26 वें दिन में प्रवेश कर गया। कॉजपा ने 20 जुलाई को प्रस्तावित 'चलो संसद' मार्च से पहले बृहस्पतिवार को एक दिन की सामूहिक भूख हड़ताल की भी घोषणा की। कॉजपा की ओर से जारी मेडिकल बुलेटिन के अनुसार, वांगचुक अभी भी ''बहुत कमजोर'' हैं और लगातार चिकित्सकीय निगरानी में हैं। वांगचुक का वजन घटकर 57.15 किलोग्राम रह गया है। पिछले 24 घंटे में उनका वजन 400 ग्राम कम हुआ है। भूख हड़ताल शुरू होने के बाद से अब तक उनका कुल वजन 8.9 किलोग्राम कम हो चुका है। मेडिकल बुलेटिन के अनुसार, उनका रक्तचाप 105/76, रक्त शर्करा का स्तर 80 एमजी/डीएल और ऑक्सीजन संतृप्ति 97 प्रतिशत दर्ज की गई। शरीर में पानी का स्तर ठीक बताया गया है। डॉक्टरों ने बताया कि वह होश में हैं और मानसिक रूप से पूरी तरह सतर्क हैं, लेकिन उन्हें लगातार निगरानी की आवश्यकता है। दीपके ने 'एक्स' पर लिखा, ''सोनम वांगचुक की भूख हड़ताल का 18 वां दिन है। जिस व्यक्ति ने आत्महत्या करने वाले छात्रों के लिए न्याय की मांग को लेकर अपनी जान दांव पर लगाने का फैसला किया, उसे सरकार की ओर से केवल चुप्पी मिली है। सरकार न केवल जवाबदेही से बच रही है, बल्कि वह क्रूर भी है।'' दीपके ने कहा कि जिन सवालों के जवाब मिलने चाहिए, वे ये हैं कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बातचीत करने से क्यों इनकार कर रहे हैं और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को अब तक जवाबदेह क्यों नहीं ठहराया गया है। उन्होंने कहा, ''यह पूछने के बजाय कि विपक्ष के नेता ने कॉजपा का समर्थन क्यों नहीं किया या कॉजपा की टीम का हर सदस्य सोनम सर के साथ भूख हड़ताल पर क्यों नहीं बैठा है, उन सवालों को पूछिए जो वास्तव में मायने रखते हैं।''

भीम आर्मी प्रमुख और नगीना से सांसद चंद्रशेखर आजाद, समाजवादी पार्टी के सांसद मोहिबुल्लाह नदवी और अजेंद्र सिंह लोधी, तृणमूल कांग्रेस की राज्यसभा सदस्य डोला सेन, कांग्रेस के लोकसभा सदस्य प्रशांत यादवराव पडोले तथा भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्यसभा सदस्य संदोष कुमार जंतर-मंतर पहुंचे और आंदोलन के प्रति अपना समर्थन जताया। कॉजपा के अनुसार, सांसदों ने प्रदर्शनकारियों को भरोसा दिलाया कि संसद के मानसून सत्र और 19 जुलाई को होने वाली सर्वदलीय बैठक में उनके मुद्दों को ज़ोर-शोर से उठाया जाएगा। प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए चंद्रशेखर आज़ाद ने संसद मार्च का समर्थन किया और देश भर के छात्रों और युवाओं से इस आंदोलन में शामिल होने का आह्वान किया। आजाद ने कहा, ''यह तानाशाही कब तक चलेगी? प्रधानमंत्री, गृह मंत्री और शिक्षा मंत्री बात क्यों नहीं सुन रहे हैं? क्या यह सरकार सोनम वांगचुक की मौत का इंतजार कर रही है? मैं उनके साहस को सलाम करता हूं। अगर उन्हें कुछ भी होता है, तो सरकार ज़िम्मेदार होगी।''

## अमन सहरावत ने बुडापेस्ट में स्वर्ण पदक जीता

**बुडापेस्ट, (भाषा)** भारत के ओलंपिक कांस्य पदक विजेता अमन सहरावत ने बुधवार को यहां पोल्याक इमरे, वर्गा यानोस और कोज्मा इस्तवान स्मृति सीनियर रैंकिंग टूर्नामेंट में पुरुषों के 57 किग्रा फ्रीस्टाइल वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। सहरावत ने खिताबी मुकाबले में जॉर्जिया के रोबेर्टी डिंगाशविली को तकनीकी दक्षता के आधार पर 13-3 से करारी शिकस्त दी। भारतीय दल के पदकों की संख्या तब और बढ़ गई जब दीपक ने 61 किग्रा फ्रीस्टाइल में कड़े मुकाबले के बाद कांस्य पदक जीता। दीपक ने प्लेऑफमें अजरबैजान के नुरद्दीन नोवरुजोव को 9-8 से हराया। भारत 65 किग्रा फ्रीस्टाइल वर्ग में दो और पदक जीतने की दौड़ में बना हुआ है। कुमार मोहित का सामना कांस्य पदक के मैच में कजाखस्तान के नाचिन कुलर से होगा जबकि उनके साथी विशाल कालीरमन तीसरे स्थान के लिए होने वाले अपने प्लेऑफमुकाबले में कजाखस्तान के ही ओसुमजान दास्तानबेक से भिड़ेंगे।








कुंडली निर्माण, कुंडली मिलान, विवाह मुहूर्त, कुम्भ विवाह, वास्तु परामर्श, वास्तु शान्ति पूजन, पितृदोष, कालसर्प, अन्य ग्रहों की शांति पूजा एवं महामृत्युंजय अनुष्ठान, लक्ष्मी कुबेर अनुष्ठान, भैरव अनुष्ठान आदि के लिये संपर्क करें..

मार्गदर्शक डॉ. अरविंदचन्द्र तिवारी एसोसिएट प्रोफेसर कॉमर्स, ज्योतिष पद्मविभूषण बालाघाट म.प्र.

ग्रहयोग भवन, नर्मदा नगर, शिव मंदिर चौक, बालाघाट मो. 94251-38638 94067-38800



2 गुरुवार 16 जुलाई 2026

जग प्रेरणा live शहर बालाघाट

● गर्रा ● भटेरा ● देवटोला ● आंवलाझरी ● भरवेली ● हीरापुर ● कोसमी ● नवेगांव ● गोंगलई



मान्यता ऑटो पार्ट्स

सभी प्रकार की टू-व्हीलर गाड़ियों के स्पेयर पार्ट्स मिलते हैं एवं गाड़ियाँ सुधारी जाती है।

Hero BAJAJ HONDA TVS

मनीष वर्मा मो. 9425448126

वार्ड नं. 17, महाराणा प्रताप चौक, शाह कॉम्पलेक्स, बालाघाट (म.प्र.)


# आखिर किस मजबूरी में बड़े राईस उद्योग कानुन की नजरो में बन गए चोर..

## एक हाथ से कौड़ियों में एथेनॉल प्लांट को चांवल देने तैयार लेकिन टेस्ट मीलिंग कर राईस मिलर्स को धान देने के लिये तैयार नहीं सरकार..

### क्या सरकार की दोहरी नीति से राईस उद्योग का भविष्य गर्त में.. प्रस्तुत है जगप्रेरणा की विशेष रिपोर्ट..



जगप्रेरणा बालाघाट।

*बालाघाट जिले के वारासिवनी के प्रतिष्ठित चांवल उद्योग संचेती राईस मिल में एथेनॉल प्लांट से चांवल पहुंचते हैं, और पीछे से पुलिस दबिश देकर उन ट्रकों को पकड़ती है, और फिर सामने आता है कि जो चांवल भारतीय खाद्य निगम के नवेगांव गोदाम से छिंदवाड़ा के बोरगांव स्थित एवीजे एथेनॉल प्लांट जाना था, उस चांवल को वारासिवनी के संचेती राईस मिल को बेच दिया गया, और फिर*

पुलिस ने ट्रकों को जब्त कर संचेती राईस मिल के मालिक, ट्रक ड्राईवर, एवीजे प्लांट के मैनेजर एवं मालिक संहित अन्य राईस मिलर्स की भी जांच करते हुए बीते एक सवा महीने में अब तक कुल 13 लोगों पर अपराध दर्ज किया है, लेकिन इस मामले में सुक्ष्म विश्लेषण किया जाए तो यह मामला वैसा नहीं है जैसा कि प्रदर्शित किया जा रहा है, बल्कि यह मामला ऐसा है कि जिसमें असली चोर और फरेब के रचनाकार कोई राईस मिलर्स नहीं है, बल्कि वास्तव में सरकार की नीतियां है, और सरकार की ऐसी ही नीतियों के कारण जहां एथेनॉल प्लांट को फल फुल रहे हैं, जबकि एथेनॉल का निर्माण भी चांवल से ही होता है, लेकिन चांवल उद्योग संचालित करने वाले राईस मिलर्स बर्बाद हो रहे हैं। बड़े राईस उद्योगों की ऐसी दयनीय स्थिति और कानुन के बनते प्रकरण पर प्रस्तुत है जगप्रेरणा की विशेष रिपोर्ट।

### एथेनॉल प्लांट और राईस मिलर्स के बीच सरकार का भेदभाव..

गौरतलब है कि एथेनॉल प्लांट से चांवल के वापस राईस मिलर्स के द्वारा खरीदा जाना अपने आप में एक आश्चर्यजनक विषय है, लेकिन देखा जाए तो यहीं से तय किया जा सकता है कि वास्तव में चोर कौन है? देखा जाए तो एथेनॉल प्लांट से एक राईस मिलर्स द्वारा चांवल खरीदना का कृत्य ऐसा है जैसे मानो एक मिठाई उत्पादक उससे मिठाई खरीद रहा है, जिसे वह मिठाई बेच रहा है, लेकिन ऐसा होना ही अपने आप में चोरी के अपराध की शुरुआत है, जिसमें यह समझना होगा कि इस चोरी की रचनाकार वास्तव में सरकार की नीति और खुद सरकार में बैठे चोर हैं, जो खुद तो एथेनॉल प्लांट में किसी ना किसी रुप में अंदरुनी भागीदार बनकर सरकार की तिजोरी से नीतिगत आधार बनाकर सब्सिडी की लूट को अंजाम दे रहे हैं, जबकि वास्तविकता में रोजगार मूलक बड़े स्थापित राईस उद्योग जिसके आधार पर ही उनके एथेनॉल प्लांटों की चांवल आपूर्ति की निर्भरता है, उन्हें ही खत्म करने का पाप भी कर रहे हैं, तथा चूंकि सरकार राईस उद्योगों की मूल आवश्यकताओं को नजर अंदाज कर रही है, जिसका परिणाम है कि लाखों करोड़ों के राईस मिलर्स सरकार को ही चांवल की प्रतिपूर्ति करने के नाम पर चोर करार दिये जा रहे हैं, और सरकार की ऐसी संवेदनहीन नीति के कारण अब बालाघाट संहित देश का राईस उद्योग दमतोड़ता नजर आने लगा है।

### क्या होना चाहिये और क्या कर रही राईस मिलर्स के साथ सरकार..

**गौरतलब है कि भारत देश कृषि पर निर्भर देश है। भारत के अनेक राज्यों में धान का उत्पादन किसान करते हैं, तथा भारत से चांवल का निर्यात भी अनेक देशों में होता है। भारत की अर्थव्यवस्था में जबकि चांवल से बनने वाला अब एथेनॉल भी है, जिससे चलते चांवल का जितना उत्पादन बढ़ता है, वह सरकार के लिये लाभदायक हो सकता है, लेकिन सरकार चांवल उत्पादन को बढ़ावा देने की बजाए चांवल उत्पादकों की कमर तोड़ने का काम कर रही है। जी हां, ऐसा ही कुछ सरकार की नीतियों और निर्णयों के कारण हो रहा है। एक तरफ सरकार किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदती है, सरकार का समर्थन मूल्य सुनिश्चित है, जिसके कारण अधिकांश किसान एक साधारण क्रॉप ही तैयार करता है जो वह सरकार को समर्थन मूल्य पर बेच सके, और उसकी रोजी रोटी चलती रहे। सरकार किसानों से धान खरीदती है, फिर उसका चांवल बनाने के लिये राईस मिलर्स को देती है, और सरकार राईस मिलर्स से अनुबंध के आधार पर 67 प्रतिशत चांवल की मांग करती है, जबकि राईस मिलर्स धान से सरकार की मांग के अनुरुप चांवल का उत्पादन ही नहीं कर पाता, और इसका परिणाम है कि फिर सरकार को धान के बदले चांवल की आपूर्ति के लिये राईस मिलर्स को उल्टे बाजार से चांवल खरीदकर सरकार को बेचना होता है, ताकि वह सरकार की अनुबंधित आपूर्ति कर सके, और उसका राईस उद्योग जैसे तैसे चलते रहे।**

### जब धान से 67 प्रतिशत होता ही नहीं उत्पादन, तो कैसे दे सरकार को राईस मिलर्स इतना चांवल..

गौरतलब है कि धान की विभिन्न किस्में और क्वालिटी को एक साथ मिक्स करके सरकार बोरों में राईस मिलर्स को दे देती है, और उनसे 67 प्रतिशत चांवल की आपूर्ति करवाई जाती है, जबकि राईस मिलर्स का कहना है कि धान से चांवल बनाने के दौरान चांवल की टूट फूट होकर पूरा चांवल नहीं बनता, बल्कि चांवल का मैदा भी उसके साथ निकलता है, तथा चांवल उत्पादन का प्रतिशत 50 से 52 या 54 प्रतिशत तक हो सकता है, और जब चांवल का उत्पादन कम होता है तो उसकी आपूर्ति के लिये राईस मिलर्स को अन्य जगहों से चांवल खरीदकर सरकार की आपूर्ति करनी पड़ती है, और इसके लिये व्यापारियों को अनेक तरीकों का इस्तेमाल करना पड़ता है, जिसमें चूंकि वे उक्त चांवल जो उन्होंने सरकार को दिया है, उसका विक्रय दस्तावेजी प्रमाणित नहीं सकते, इसलिये बिना बिल के ही बाहर से चांवल खरीदी की व्यवस्था राईस मिलर्स को करनी पड़ती है, देखा जाए तो ना सिर्फ संचेती राईस मिल, अपितु संपूर्ण राईस मिलर्स ऐसा ही करके सरकार की चांवल की आपूर्ति करने के लिये मजबूरी में ऐसा करते चले जा रहे हैं, जिसका परिणाम हुआ कि एथेनॉल प्लांट को चांवल बेचने वाले राईस मिलर्स को सरकार को चांवल की आपूर्ति के लिये उल्टा राईस मिलर्स से खरीदना पड़ा, जिसके कारण पुलिस ने सरकारी अनाज को बेचे जाने के लिये एथेनॉल प्लांट और राईस मिलर्स पर कानुनी शिकंजा कस दिया है।

### करोड़ों का निवेश और राईस मिलर्स की मजबूरी..

गौरतलब है कि अगर बालाघाट जिले की बात की जाए तो एक समय था कि बालाघाट जिले में बड़ी मात्रा में नैचरल सुगंधित चिन्नौर चांवल का उत्पादन होता था, लेकिन चिन्नौर की धान बहुत कम मात्रा में होती है, और चिन्नौर या महंगे चांवल के खरीददार भी कम होते हैं, जबकि सरकार किसानों से पूरा धान खरीद लेती है, तो फिर सरकार की कस्टम मिलिंग पर ही राईस मिलर्स को निर्भर होना पड़ता है। वर्तमान समय में बाजार की स्थिति के अनुरुप जिन राईस मिलर्स से बैंक लोन और अन्य माध्यमों से राईस उद्योग को स्थापित किया है, उनके लिये सरकार से मिलने वाली धान की मिलिंग ही एकमात्र उपाय रह गया है, जिसके आधार पर वे राईस मिल को चला सकते हैं। राईस मिलर्स को सरकार मिलिंग के ऐवज में राशि देती है, लेकिन उससे आवश्यकतानुरुप लाभ प्राप्त नहीं हो पाता, जबकि राईस मिल करोड़ों की मशीनों को कौड़ियों में बेच नहीं सकते, इस स्थिति में अब उद्योग लग ही गया है, तो उसे चलाने के एक विकल्प के कारण ही अनेक राईस मिलर्स अपने राईस उद्योग को चलाने मजबूर हैं, तथा सरकार की नीतियों के आगे विवश होकर बाहर से चांवल खरीदकर चांवल की आपूर्ति करने का कार्य कर रहे हैं, और इसी के कारण अब राईस मिलर्स को सरकार की नजरों में कानुनी प्रावधानों में कमियों के कारण चोर करार दिया जाने लगा है।

### चार महीने हड़ताल पर भी सरकार ने नहीं सुनी राईस मिलर्स की..

गौरतलब है कि कुछ माह पूर्व बालाघाट संहित मध्यभारत और विदर्भ में राईस मिलर्स ने चार महीनों तक सरकार से मांगों को मनवाने के लिये लड़ाई लड़ी और राईस मिलों को बंद रखा, तब बंद राईस मिल का भी उन्हें लाखों का बिजली बिल, कर्मचारियों का वेतन उन्हें घर बैठे देना पड़ा, जिसके कारण नुकसान और बढ़ता गया, सरकार नहीं मानी तो फिर विवशता में सरकार की नीतियों के साथ चलते हुए राईस मिलर्स ने बाजार से प्रतिपूर्ति करने की मजबूरी का मार्ग अपनाते हुए मिलिंग शुरु की। जिले और प्रदेश व देश में सरकार की नीतिगत कमियों का परिणाम है कि एक साथ बड़ा नुकसान झेलने की बजाए थोड़ा थोड़ा नुकसान उठाते हुए राईस मिलर्स उद्योग को जीवित रखे हुए है जबकि अनेक राईस उद्यमी तो अपनी मीलों को ताला भी लगा चुके हैं।

### एथेनॉल प्लांट को भी सब्सिडी में चांवल देने की सरकार की भेदभावपूर्ण नीति..

गौरतलब है कि एथेनॉल प्लांट लगाए गए तो प्लांट वाले राईस मिलर्स से चांवल खरीद रहे थे, जिसके कारण राईस मिलर्स को कुछ राहत मिलना शुरु हुई थी, लेकिन सरकार ने दूसरी नीति बनाकर सस्ते दाम पर एथेनॉल प्लांट को सीधे चांवल देना शुरु कर दिया। इससे राईस उद्योग का एक बड़ा ग्राहक उनसे छुट गया। अब इस स्थिति में एथेनॉल प्लांट संचालकों ने दोहरा लाभ अर्जित करते हुए उल्टे राईस मिल को चांवल बेचना शुरु किया, और मजबूर राईस मिलर्स को सरकार की आपूर्ति के लिये प्लांट से चांवल खरीदने बाध्य होना पड़ा। अब यहां सवाल यह उठता है कि जब सरकार एथेनॉल प्लांट को चांवल सब्सिडी पर दे सकती है, तो फिर वही चांवल उसी दर पर वापस राईस मिलर्स को क्यों नहीं दे सकती? यदि सरकार राईस मिलर्स की टेस्ट मिलिंग की मांग भी स्वीकार कर लेती तो राईस मिलर्स को बाहर से चांवल खरीदकर सरकार की आपूर्ति के लिये क्यों बाध्य होना पड़ता।

कुल मिलाकर देखा जाए तो आज करोड़ों का निवेश करने वाले राईस मिलर्स को सरकार की नीतियों ने चोर साबित कर दिया है, और पुलिस राईस मिलर्स पर अपराध दर्ज कर उन्हें जेल की सलाखों के पीछे डालने पड़ी हुई है, जबकि दूसरी ओर देखा जो सरकार की नीति के कारण एथेनॉल प्लांट संचालक जो कि सब्सिडी का दोहरा लाभ अर्जित करते हुए भी भारी मुनाफे में है, और राईस उद्योग दम तोड़ता नजर आ रहा है।

### सरकार की नीतियों के कारण राईस उद्योग संकट में.. - बोले पूर्व अध्यक्ष

जगप्रेरणा से चर्चा में बालाघाट जिला राईस मिलर्स एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि बालाघाट जिला संहित पुरे प्रदेश में सरकार की पक्षपातपूर्ण नीति के कारण राईस उद्योग बड़े संकट में है। सरकार राईस मिलर्स की टेस्ट मिलिंग की मांग को दरकिनार कर रही है, मामला उच्च न्यायालय में भी लंबित है। सरकार की ओर से एथेनॉल प्लांट को सीधे चांवल की आपूर्ति की जा रही है, तो फिर वही चांवल सरकार अपने गोदामों से उल्टे राईस मिलर्स को भी बेच सकती है, लेकिन सरकार ने वह भी नहीं किया। सरकार की पक्षपातपूर्ण नीति के कारण राईस मिलर्स संकट में है, और आज बड़े उद्योग स्थापित करने और हजारों लोगों को रोजगार देने के बाद भी राईस उद्योगों को चोर बताया जा रहा है, यह राईस मिलर्स के साथ अन्याय है।

## नाबालिग के बलात्कारी को 20 वर्ष कठोर कारावास एवं अर्थदंड की सजा..



जगप्रेरणा बालाघाट।

*मान. विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) श्रीमान गौतम सिंह मरकाम, जिला बालाघाट ने न्यायालय के विशेष प्रकरण थाना ग्रामीण नवेगांव के अपराध क्रमांक 334/2025 में आरोपी पंचम पिता बल्लु बारेकर उम्र 45 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 6 जयहिन्द टॉकीज*

के पीछे पुलिस थाना कोतवाली तहसील व जिला-बालाघाट को धारा 96 भारतीय न्याय संहिता में दोषसिद्ध करते हुए 7 वर्ष का कठोर कारावास एवं 1000/-रू अर्थदंड, धारा 65(2) भारतीय न्याय संहिता/5एम, 6 पॉक्सो एक्ट में 20 वर्ष का कठोर कारावास एवं 5000/-रू अर्थदंड से दंडित किया। श्री कपिल कुमार डहेरिया, सहायक संचालक/विशेष लोक अभियोजक, बालाघाट द्वारा प्रकरण में सशक्त पैरवी की गई। घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 29.10.2025 को फरियादिया नाबालिग पीड़िता की मां ने थाना ग्रामीण नवेगांव में उपस्थित होकर यह रिपोर्ट लेख करायी थी कि उसकी नाबालिग लड़की उम्र 9 वर्ष ने उसे बताया कि जब वह दोपहर के समय घर के पास अकेली खेल रही थी तब आरोपी पंचम बारेकर आया और नाबालिग पीड़िता को घटना स्थल पर हाथ पकड़कर ले गया और उसके साथ गलत काम किया। सूचना पर आरोपी के विरूद्ध अपराध दर्ज कर प्रकरण विवेचना में लिया जाकर अभियुक्त के विरूद्ध अभियोग पत्र माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया था। माननीय न्यायालय ने विचारण उपरांत प्रकरण में आयी सकारात्मक साक्ष्य के आधार पर उक्त आरोपी को आज दिनांक 15.07.2026 को उपरोक्त दण्ड से दण्डित किया।

## कमला नेहरू कन्या महाविद्यालय में निकाली गई नशा मुक्ति रैली, दिलाई गई शपथ..

**जगप्रेरणा बालाघाट।** 'नशे से दूरी है जरूरी 2.0' नशा उन्मूलन अभियान के तहत बुधकार को शासकीय कमला नेहरू कन्या महाविद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। अभियान के प्रथम 15 जुलाई को प्राचार्य डॉ. निधि ठाकुर के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना (रा.से.यो.) की कार्यक्रम अधिकारी सुश्री रुचिका धुर्वे के नेतृत्व में स्वयंसेवकों एवं छात्राओं ने नशा मुक्ति रैली निकालकर समाज को नशे से दूर रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य डॉ. निधि ठाकुर ने महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं छात्राओं को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि नशामुक्त समाज के निर्माण में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है और जनजागरूकता के माध्यम से ही इस अभियान को सफ्ल बनाया जा सकता है। कार्यक्रम के सफ्ल आयोजन में भूतपूर्व कार्यक्रम अधिकारी डॉ. तनुश्री अगासे सहित महाविद्यालय परिवार का सक्रिय सहयोग रहा।

## बालाघाट बैहर मार्ग पर मानेगांव में ट्रक मोटर सायकिल की टक्कर में 2 की मौत, 1 घायल..







जगप्रेरणा बालाघाट।

*बालाघाट से बैहर मार्ग पर मानेगांव के पास आज 15 जुलाई दिन बुधवार रात्रि लगभग 8 बजे एक ट्रक ने मोटर सायकिल पर सवार तीन युवकों को अपनी चपेट में ले लिया, जिसमें जानकारी के अनुसार दो युवकों की मौत हो गई, वहीं घायल को रेफर किया गया है। मृतकों की पहचान मॉयल कर्मी गोविंद मर्सकोले और प्रकाश चौरे के रूप में हुई है,*

वहीं, धानेश्वर मर्सकोले नाम का युवक घायल हो गया। इस संदर्भ में प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रकाश चौरे पिता योगराज चौरे 44 वर्ष निवासी वार्ड नं.5 भरवेली, भरवेली माईस में कार्यरत कर्मचारी गोविंद मर्सकोले 40 वर्ष एवं भरवेली निवासी 23 वर्षीय धानेश्वर मर्सकोले पिता दशरथ मर्सकोले तीनों एक ही बाईक में सवार होकर कही जा रहे थे। इसी दौरान एक ट्रक ने बाईक को टक्कर मार दी, जिसमें घटना स्थल पर ही गोविंद मर्सकोले 40 वर्ष की मौत हो गई। जबकि प्रकाश चौरे एवं धानेश्वर मर्सकोले गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना की सूचना मिलने पर घटना स्थल में पुलिस पहुंची और ग्रामीणों की मदद से घायलों को उपचार के लिये जिला अस्पताल पहुंचाई। बताया गया है कि प्रकाश चौरे को गंभीर हालत में जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक गोविंद मर्सकोले आर प्रकाश चौरे के शव को सुरक्षित रख दिया गया है। जिसका पोस्टमार्टम कल 16 जुलाई को किया जावेगा। वही घायल धानेश्वर की भी स्थिति काफी गंभीर बताई गई है। जिनका प्राथमिक उपचार जिला अस्पताल बालाघाट में करने के उपरांत बेहतर उपचार के लिये अन्यंत्र रेफर किया गया है।


स्वामी विवेकानन्द प्रा. आई.टी.आई.

इलेक्ट्रिशियन फिटर

न्यूनतम शुल्क सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षण

सर्वाधिक रोजगार रोजगार हेतु नियमित कैम्पस

मोती तालाब के पास, सुरभी नगर, बालाघाट

मो. 7000627847, 7000482405, 9826324832





### व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..

**बालाघाट, गोंदिया एवं सिवनी में एक साथ प्रसारित दैनिक 'जगप्रेरणा' अब व्हाट्स अप पर भी उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचाने के लिये जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को अपने किसी भी ग्रुप में जोड़ें और स्वयं और अन्य लोगों को भी ताजा एवं महत्वपूर्ण खबरों से जोड़ें।**

### सार्वजनिक सूचना..

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे ड्राइविंग लाइसेंस में मेरा नाम **"Charanjeet Singh"** अंकित है, जबकि मेरा सही एवं पूर्ण नाम **"Charanjeet Singh Chhabra"** है। अतः भविष्य में मेरे सभी शासकीय, अर्द्धशासकीय, बैंकिंग, वित्तीय एवं अन्य अभिलेखों में **"Charanjeet Singh"** तथा **"Charanjeet Singh Chhabra"** को एक ही व्यक्ति का नाम माना जाए। मैं अपने ड्राइविंग लाइसेंस एवं अन्य अभिलेखों में नाम संशोधित कर **"Charanjeet Singh Chhabra"** दर्ज कराने की प्रक्रिया में हूँ।

**(Charanjeet Singh Chhabra)**

**Balaghat (M.P.)**

विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



जग प्रेरणा live जिला सिवनी
बरघाट, छपारा, केवलारी, घंसौर, लखनादौन, धनोरा एवं संपूर्ण सिवनी जिले की खबरें..

विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# मानवता की मिसाल : बंडोल पुलिस ने मानसिक विक्षिप्त व्यक्ति को परिजनों से मिलाया..

### सोशल मीडिया व समन्वय से 24 घंटे में हुई गुम इंसान की दस्तयाबी



जगप्रेरणा सिवनी।

*पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी (भा.पु.से.) के निर्देशन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा एवं SDOP सिवनी चंचलेश मरकाम के मार्गदर्शन में सिवनी पुलिस द्वारा*

गुमशुदा/भटके हुए व्यक्तियों की तलाश हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में दिनांक 13.07.2026 को डायल 112 के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम गंगई, थाना बंडोल क्षेत्र में एक मानसिक विक्षिप्त व्यक्ति भटक रहा है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी बंडोल उनि. मनोज जंघेला के नेतृत्व में पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और उक्त व्यक्ति को सकुशल थाने लाया गया। प्रारंभिक पूछताछ में वह व्यक्ति अपना नाम-पता सही से नहीं बता पा रहा था। मानवता एवं संवेदनशीलता का परिचय देते हुए बंडोल पुलिस ने तत्परता से उसकी पहचान के प्रयास शुरू किए। व्यक्ति का फोटो सोशल मीडिया पर प्रसारित किया गया, आसपास के थाना क्षेत्रों एवं जिलों में सूचना प्रेषित की गई।

समन्वय के दौरान पता चला कि उक्त व्यक्ति का गुम इंसान थाना चौरई, चौकी कपुर्दा में दर्ज है। पता तलाश पर उक्त व्यक्ति की पहचान लीलाराम पिता रघुनाथ सुनरो, निवासी किरंजीपार, थाना चौरई, जिला छिंदवाड़ा के रूप में हुई। तत्पश्चात चौकी कपुर्दा से स्टाफ एवं गुमशुदा के परिजनों को सूचित किया गया। परिजन थाना बंडोल उपस्थित हुए। आवश्यक सत्यापन उपरांत मानसिक विक्षिप्त व्यक्ति को सकुशल उनके सुपुर्द किया गया। परिजनों ने बंडोल पुलिस की संवेदनशीलता एवं त्वरित कार्रवाई के लिए आभार व्यक्त किया।

### सराहनीय भूमिका..

इस कार्य में थाना प्रभारी उनि. मनोज जंघेला, सउनि. राजेन्द्र ठाकुर, प्रआर. नौशाद खैरो, प्रआर. सुखराम कुमरे, प्रआर. जितेन्द्र बघेल, चौकी कपुर्दा, थाना चौरई का सराहनीय योगदान रहा।

सिवनी पुलिस का सदैव प्रयास है कि हर जरूरतमंद तक मदद पहुंचे और 'देश भक्ति के साथ जनसेवा' का संकल्प साकार हो।

# सिवनी जिले के 5 निरीक्षकों को डीएसपी एवं 3 सूबेदारों को रक्षित निरीक्षक पद पर पदोन्नति..

### एसपी श्री कृष्ण लालचंदानी ने फीता काटकर व स्टार लगाकर दी नई जिम्मेदारी..

### पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा जारी पदोन्नति आदेश का हुआ पालन..



जगप्रेरणा सिवनी।

पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा जारी पदोन्नति आदेश के अंतर्गत सिवनी जिले के अधिकारियों को नवीन दायित्व प्राप्त हुए हैं। पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी (भा.पु.से.) द्वारा पुलिस कार्यालय में आयोजित गरिमामय कार्यक्रम में पदोन्नत अधिकारियों को कंधे पर नए रैंक लगाकर सम्मानित किया गया। उप पुलिस अधीक्षक के पद पर पदोन्नत निरीक्षक रक्षित निरीक्षक प्रवीण नायडू, निरीक्षक चंद्र किशोर सिरामे, निरीक्षक संतोष पंद्रे, निरीक्षक कीरत प्रसाद धुर्वे, निरीक्षक प्रदीप वाल्टर रक्षित निरीक्षक के पद पर पदोन्नत सूबेदार कार्यवाहक रक्षित निरीक्षक विजय बघेल, सूबेदार गौरव मर्सकोले, सूबेदार सुश्री स्नेहा घोरमारे एसपी ने पदोन्नत हुए सभी अधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नई जिम्मेदारी के साथ कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी एवं जनसेवा की भावना से कार्य करें। विभाग को आप सभी से बेहतर कार्य की अपेक्षा है। आपके उज्जवल भविष्य की कामना है।

इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा, SDOP सिवनी चंचलेश मरकाम सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। सभी ने पदोन्नत अधिकारियों को पुष्पगुच्छ एवं शुभकामनाएं भेंट कर बधाई दी। सिवनी पुलिस परिवार पदोन्नत हुए सभी अधिकारियों के उज्जवल भविष्य एवं सफल कार्यकाल की कामना करता है।

# युवक को निर्वस्त्र कर बेरहमी से पीटने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल



जगप्रेरणा सिवनी।

*जिले के डूंडा सिवनी थाना क्षेत्र में एक युवक को निर्वस्त्र कर बेरहमी से पीटने का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। जिसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।*

प्रारंभिक जांच में घटना 11-12 जून की बताई जा रही है। जिसका वीडियो आज सामने आया है। पुलिस ने वीडियो के आधार पर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

पुलिस के अनुसार पीड़ित युवक की पहचान कान्हीवाड़ा निवासी शोहेल खान के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि उसका एक युवती से प्रेम संबंध था। इसकी जानकारी युवती के परिजनों को लगने पर उन्होंने साथियों के साथ मिलकर युवक को डूंडा सिवनी थाना क्षेत्र के खेरीटेक के पास एक खेत में ले जाकर बेरहमी से पीटा।

### निर्वस्त्र कर बनाया वीडियो, अब सामने आया..

आरोपियों ने युवक को निर्वस्त्र कर मारपीट की और पूरी घटना का वीडियो भी बनाया। करीब एक माह बाद यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसके बाद पुलिस ने स्वतः संज्ञान लेकर जांच शुरू की।

पुलिस अधीक्षक कृष्ण लाल चंदानी ने बताया कि वीडियो के आधार पर अब तक आरोपी मंजीत रैकवार, शुभ चौरे और अभिषेक उइके को गिरफ्तार किया गया है। अन्य आरोपियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

### वीडियो वायरल करने वालों पर भी कार्रवाई..

पुलिस के अनुसार, पीड़ित युवक फिलहाल नागपुर में है। उससे संपर्क किया गया है और उसके सिवनी पहुंचकर शिकायत दर्ज कराने की उम्मीद है। शिकायत मिलने के बाद आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (BNS) की संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।पुलिस का कहना है कि जांच के दौरान यदि वीडियो बनाने, शेयर करने या पीड़ित की गरिमा को ठेस पहुंचाने के साक्ष्य मिले तो संबंधित धाराएं भी जोड़ी जाएंगी। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि किसी भी विवाद में कानून अपने हाथ में न लें और वीडियो साझा करने से बचें। मामले की जांच जारी है और सभी दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### कार्यवाही की मांग को लेकर नगर कांग्रेस ने पुलिस अधीक्षक से की मांग..

नगर कांग्रेस कमेटी सिवनी द्वारा सिवनी आईटीआई में अध्ययनरत छात्र के साथ अमानवीय हिंसा व क्रुरता किए जाने पर पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर दोषियों के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही किये जाने की मांग की है। सोशल मीडिया पर एक विडियों वायरल हुआ जिसमें एक छात्र को निर्वस्त्र कर असामाजिक तत्वो द्वारा बहुत ही बेरहमी से पीटाई कर रहें है पीठ में गहरे जख्म पर नमक एवं मिर्च पाउडर रगढ़ रहें है हैवानियत की हद पार करते हुए उस पर शराब या जला आईल डाल रहें है सिवनी जिला बहुत ही शांत एवं सरल स्वाभाव का है कुछ गुंडा तत्व यहा का अमन चैन खराब करना चाहते है। बैखौफहोकर इस तरह का विडियों गुंडा तत्वों द्वारा वायरल किया गया है मानो कि वह कानून व्यवस्था पुलिस अधीक्षक को चिड़ा रहें है। इस प्रकार के अपराध की सिवनी नगर एवं जिले में पुनर्रावृत्ति न हो नगर कांग्रेस इस विडियों की निष्पक्षता से जांच कर अपराध में शामिल असामाजिक तत्वों की पहचान कर उन पर कानून के तहत कठोर से कठोर दण्डात्मक कार्यवाही करने का कष्ट करें। इस अवसर पर नगर कांग्रेस अध्यक्ष तनवीर अहमद, जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष आदित्य मोन्टू भूरा, युवा कांग्रेस नगर अध्यक्ष सोहेल अमन खान, जिला पंचायत सदस्य नितिन डहेरिया, मोहसीन खान, गनी अहमद उपस्थित रहें।

# धनौरा कॉम्प्लेक्स मामला: जांच पूरी, सच कबूला, फिर भी एक्शन 'जीरो..

### क्या रसूखदारों के दबाव में घुटने टेक चुका है प्रशासन?



जगप्रेरणा बलजीत सिंह धनौरा।

*बालपुर मार्ग पर 19 लाख रू. की सरकारी लागत से बने 12 मार्केट कॉम्प्लेक्स की दुकानों पर हुए अवैध कब्जे का मामला प्रशासनिक* इच्छाशक्ति के जनाजे में तब्दील होता नजर आ रहा है। जांच अधिकारी PCO आनंद कुमार उइके के सामने खुद कब्जाधारियों ने ऑन-कैमरा ताले तोड़ने का जुर्म कबूला, जनपद सीईओ ने भी सुरक्षा की जिम्मेदारी ग्राम पंचायत की बताकर पल्ला झाड़ लिया, और उपसरपंच ने शिकायतों का अंबार लगा दिया।

इसके बावजूद अब तक न तो दुकानें सील हुईं और न ही किसी पर FIR दर्ज की गई। कार्रवाई के नाम पर प्रशासन का यह 'मौन व्रत' क्षेत्र में व्यापक चर्चा और जनाक्रोश का विषय बन चुका है। जनता अब सीधे जिला कलेक्टर से हस्तक्षेप की मांग कर रही है।

### उठ रहे सवाल..

जब जांच में 'ताले तोड़ने' का संगीन और गैर-कानूनी जुर्म खुद कब्जाधारियों ने कबूल कर लिया है, तो धनौरा पुलिस और पंचायत प्रशासन किस 'मुहूर्त' का इंतजार कर रहे हैं? एक तरफ जनपद की 6 दुकानों की नीलामी में नियम-कायदों का पाठ पढ़ाया जाता है, तो दूसरी तरफ इसी मार्ग की 12 दुकानों पर खुली प्रशासनिक अराजकता को मूक सहमति क्यों दी जा रही है? क्या धनौरा में कानून सिर्फ गरीबों और लाचारों के लिए है? क्या रसूख और पैसे के दम पर सरकारी संपत्तियों पर डकैती डालने वालों को प्रशासन का खुला संरक्षण प्राप्त है?

जिला पंचायत सीईओ और सिवनी कलेक्टर महोदय से सीधा सवाल–क्या धनौरा पंचायत के इस खुले भ्रष्टाचार और प्रशासनिक सुस्ती पर संज्ञान लेकर दोषियों पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी, या फाइलें यूँ ही ठंडे बस्ते में दबी रहेंगी?

# कान्हीवाड़ आंगनबाड़ी केंद्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गोद भराई उत्सव..





जगप्रेरणा कान्हीवाड़ा।

*महिला एवं बाल विकास ग्रामीण-2 परियोजना के अंतर्गत आने वाले आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक-6 में सुपोषण और स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'गोद भराई कार्यक्रम' का भव्य आयोजन किया गया।*

कार्यक्रम में क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं सहित बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

### पारंपरिक रीति-रिवाज से पूजी गई माताएं..

कार्यक्रम की शुरुआत पर्यवेक्षक प्रियंका खंगार की गरिमामयी उपस्थिति में हुई। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता आरती भारद्वाज एवं सहायिका प्रेमलता उइके द्वारा पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ गर्भवती महिलाओं का तिलक लगाकर, अक्षत और माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान माताओं की गोद में फल, हरी सब्जियां और पोषण सामग्री भेंट कर उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना की गई।

### पोषण और स्वास्थ्य की दी गई जानकारी..

पर्यवेक्षक प्रियंका खंगारे ने उपस्थित महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान सही पोषण, नियमित स्वास्थ्य जांच और आयरन-कैल्शियम की गोलियों के सेवन के महत्व के बारे में विस्तार से समझाया। उन्होंने बताया कि जच्चा-बच्चा को स्वस्थ रखने के लिए सही खान-पान बेहद जरूरी है।

### स्व सहायता समूह ने परोसी 'खीर-पूरी'..

गोद भराई की रस्मों के समापन के पश्चात कार्यक्रम में उपस्थित सभी हितग्राहियों और ग्रामीणों को स्थानीय स्व सहायता समूह द्वारा तैयार की गई स्वादिष्ट खीर-पूरी का वितरण किया गया।

इस दौरान आंगनबाड़ी स्टाफ ने समस्त क्षेत्रवासियों और महिलाओं का आभार व्यक्त किया, जिनके सहयोग से यह कार्यक्रम अत्यंत सफ्ल और आनंदमयी रहा।

# कन्या महाविद्यालय में ऑनलाइन व्याख्यान का हुआ आयोजन..



जगप्रेरणा सिवनी।

विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस शासकीय कन्या महाविद्यालय, सिवनी में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना, उच्च शिक्षा विभाग, मध्य प्रदेश शासन के अंतर्गत एक ऑनलाइन व्याख्यान का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उच्च शिक्षा विभाग, जबलपुर के विशेष कर्तव्य अधिकारी की प्रमुख उपस्थिति रही तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता माननीय अध्यक्ष, जनभागीदारी समिति, PomE शासकीय पी.जी. कॉलेज, छिंदवाड़ा द्वारा की गई। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने विद्यार्थियों को विश्व कौशल दिवस के महत्व से अवगत कराते हुए वर्तमान समय में कौशल विकास, व्यक्तित्व निर्माण, रोजगारोन्मुखी शिक्षा तथा आत्मनिर्भरता की दिशा में सतत प्रयास करने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने विद्यार्थियों को अपने ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक कौशल विकसित करने तथा बदलती वैश्विक आवश्यकताओं के अनुरूप स्वयं को तैयार करने के लिए प्रेरित किया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ओम प्रकाश सरवैया के संरक्षण एवं कैरियर प्रभारी प्रो. लक्ष्मी मेश्राम के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी युग में केवल शैक्षणिक ज्ञान ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि सफलता के लिए व्यावहारिक कौशल, आत्मविश्वास और सकारात्मक दृष्टिकोण की अत्यंत आवश्यकता है। उन्होंने छात्राओं को निरंतर सीखने और अपने कौशल का विकास करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. समिता शर्मा द्वारा किया गया। उन्होंने छात्राओं को राष्ट्रीय युवा कौशल दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विभिन्न कौशल विकास योजनाओं एवं कैरियर संबंधी अवसरों की विस्तृत जानकारी दी, तथा उन्हें अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित होकर निरंतर प्रयास करने के लिए प्रेरित किया। व्याख्यान के दौरान छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए विषय से संबंधित जिज्ञासाओं का समाधान भी प्राप्त किया।

इस कार्यक्रम में प्रो. पंकज शेंडे, प्रो.नरेंद्र भीमटे,प्रो. रामदीन भलावी,भी प्रो.गजेंद्र परते, डॉ अनीता भट्ट, डॉ.डिंपल डहेरिया,डॉ रश्मि पाठक, डॉ.सीमा रायकवार, डॉ अर्पणा अवस्थी,डॉ मोहम्मद राशिद खान एवं बड़ी संख्या में छात्राओं ने उत्साह पूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में कौशल विकास के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना, उन्हें रोजगारपरक शिक्षा से जोड़ना तथा आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना था।

न्यू लाईफ मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
डॉ. आमिर अंसारी
MBBS, MS (Gen. Surgery), FMAS, FISCP
डॉ. समरीन आमिर अंसारी
MBBS, DGO (KEM, Mumbai), FMAS
विशेषज्ञ चिकित्सक सहित सुविधाएं उपलब्ध
मिलने का समय
सुबह 10 से दोप. 1 बजे, शाम 4 से 7 बजे तक
पता- बड़ी ज्वारत हाल्डा फेक्ट्री रोड अकबर वार्ड सिवनी
मो.- 8817448039

सिवनी मे जगप्रेरणा
समाचार पत्र
के लिये संपर्क करें..
हसीब मोहम्मद 7898530101

# जिला कांग्रेस महिला उत्पीड़न प्रकोष्ठ द्वारा विधानसभा एवं ब्लॉक अध्यक्षो की नियुक्ति

जगप्रेरणा सवनी।

*मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के दिशा निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेश मरावी की सहमति से म.प्र. कांग्रेस महिला* उत्पीड़न निवारण प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती प्रियंका किरार के द्वारा जिला कांग्रेस महिला उत्पीड़न प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष पूर्व पार्षद श्रीमती शबनम खालिद को नियुक्त किया गया। श्रीमती शबनम खान द्वारा विधानसभा एवं ब्लॉक अध्यक्षो की नियुक्ति की गई है।

बरघाट विधानसभा से श्रीमती अनीता श्रीवेल, सिवनी विधानसभा से श्रीमती गीता सिंह ठाकुर, केवलारी विधानसभा से श्रीमती नुसरत खान, लखनादौन से श्रीमती सुनीता सराठे को विधानसभा अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

इसी तरह बरघाट ब्लॉक से श्रीमती गोदावती निशाद, कुरई से श्रीमती साधना बट्टी, सिवनी से श्रीमती सीता निखारे, बंडोल से श्रीमती मीनाक्षी उइके, केवलारी से श्रीमती पुष्पलता डोंगरे, धनौरा से श्रीमती उर्मिला डहेरिया, लखनादौन श्रीमती रजनी अग्रवाल, घंसौर से श्रीमती बरखा पटैल को ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया है।

# "नशे से दूरी है जरूरी 2.0" नशा उन्मूलन अभियान संचालित..



जगप्रेरणा सिवनी।

*नेताजी सुभाष चंद्र बोस शासकीय कन्या महाविद्यालय में आज दिनांक 15.07.2026 को ''नशे से दूरी है जरूरी 2.0'' नशा उन्मूलन अभियान संचालित किया गया।*

महाविद्यालय के प्राचार्य एवं संरक्षक डॉ. ओम प्रकाश सरवैया एवं कार्यक्रम प्रभारी प्रो. रामदीन भलावी के नेतृत्व में कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम में नशा मुक्ति संदेश पम्पलेट का वितरण किया गया तथा महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा नशामुक्ति को लेकर ड्रग अवेयरनेस पर रैली निकली गई। तथा छात्राओं एवं कॉलेज स्टाफ को नशा मुक्ति की शपथ दिलवाई गई। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की छात्राओं एवं महाविद्यालय के शैक्षणिक स्टाफ प्रो. पंकज कुमार शेड, प्रो. गजेन्द्र कुमार परते, डॉ. राशिद खान, डॉ समिता शर्मा, डॉ. डिंपल डेहरिया, डॉ. अनीता भट्ट, डॉ. अपर्णा अवस्थी एवं कॉलेज के अन्य स्टाफका इस प्रोग्राम में सराहयनी योगदान रहा।

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# नपा परिषद के जनता दरबार मे नागा साधुओ की टीम ने भी आकर अपनी समस्या से कराया अवगत

## जनता दरबार मे आज भी दिखा जनमानस की बडती आशाओ व विश्वास का नजारा







जगप्रेरणा वारासिवनी।

***नपा परिषद की परंपरा बन चुके जनता दरबार मे आज मंगलवार को भी पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल, नपा अध्यक्ष श्रीमती सरिता मनोज दांदरे ने विभिन्न वार्डो के नागरिको की तरह तरह की समस्याओ का समाधान त्वरित मे करने का प्रयास किया।***

आज के दिवस मे भी अधिक संख्या मे नपा आकर नागरिको ने अपने वार्डो मे सुविधाओ को लेकर अपनी लिखित शिकायत दर्ज करवायी। जनता दरबार मे आज विशेष रूप से बरसात के समय मे सब्जी मार्केट से लेकर नगर मे अन्य जगहो पर किचडनुमा माहौल को देखते हुये नपा ने सबसे पहले इस समस्या को गंभीरता से लिया। तत्काल अधिकारीयो को कार्यआदेश जारी कर नगर के सभी वार्डो मे आवश्यकतानुसार किचडनुमा जगहो पर चिल्ली डालने के लिये आदेशित किया गया। साथ ही संज्ञान मे आये स्थानो को चिन्हित कर अधिकारीयो को जल्द इस कार्य को संपादित करने के निर्देश प्रदान किये।

समाधान के विषय मे किसी के घर के पास शोकपीट, कच्ची नाली की समस्या, शंकर नगर मे कालेज के पास तीन पांईट पर स्पीड ब्रेकर की मांग, मटका व्यवसायीयो के विस्थापन के विषय के साथ अन्य समस्याओ के समाधान का प्रयास किया गया।

आज जनता दरबार मे नागा साधुवो की टोली भी अपने प्रयागराज जाने के खर्चे को मांगते नजर आयी। जिस पर नपा की ओर से आर्थिक सहायता व भोजन बनाने के बर्तन प्रदान कर उनका भी आर्शीवाद प्राप्त किया गया। दरबार मे आज नपा के पार्षद, वार्ड प्रभारी व अधिकारीगण भी सक्रिय नजर आये।

# नशे से आजादी की ओर बढ़ता मध्यप्रदेश: कटंगी में पुलिस और पत्रकारों ने संभाली कमान, 15 दिनों में 2 लाख लोगों को जागरूक करने का लक्ष्य..

जगप्रेरणा कटंगी।

***मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार प्रदेशव्यापी नशामुक्ति जागरूकता अभियान ÷नशे से दूरी है जरूरी÷ के दूसरे चरण का शंखनाद हो चुका है। पिछले वर्ष की अपार सफलता के बाद इस वर्ष भी मध्यप्रदेश पुलिस समाज के हर वर्ग को इस मुहिम से जोड़कर एक***

स्वस्थ और व्यसनमुक्त समाज के निर्माण में जुट गई है। इसी कड़ी में आज पुलिस थाना कटंगी में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस (स्ष्ठह्रक्क) विवेक कुमार शर्मा एवं थाना निरीक्षक धर्मेंद्र कुशराम की विशेष उपस्थिति में क्षेत्र के पत्रकारों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य मीडिया जगत के माध्यम से इस जागरूकता संदेश को जन-जन तक पहुंचाना है।

## समाज के हर वर्ग की सहभागिता से सफल होगी मुहिम

बैठक को संबोधित करते हुए एसडीओपी विवेक कुमार शर्मा ने कहा कि नशा केवल एक व्यक्ति को नहीं, बल्कि उसके पूरे परिवार, समाज, स्वास्थ्य, आर्थिक स्थिति और अंततः राष्ट्र को खोखला कर देता है। इस अभियान को सफल बनाने के लिए पुलिस बल पुरजोर प्रयास कर रहा है। शासन की इस मंशा के तहत स्कूलों व कॉलेजों के छात्र-छात्राओं, कोचिंग संस्थान के शिक्षकों, सामाजिक संगठनों, व्यापारी वर्ग, शासकीय, अर्ध-शासकीय व निजी कार्यालयों के कर्मचारियों सहित सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स, पत्रकारों और नशामुक्ति समितियों को एक मंच पर लाया जा रहा है। हाट-बाजारों जैसे सार्वजनिक स्थलों पर भी सघन अभियान चलाया जाएगा।



## 15 दिनों का विशेष रोडमैप, 2 लाख लोगों तक पहुंचने का संकल्प

थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुशराम ने अभियान की रूपरेखा साझा करते हुए बताया कि यह अभियान आगामी 15 दिनों तक निरंतर चलेगा। प्रतिदिन अलग-अलग थीम और तर्कों के आधार पर समाज के विभिन्न वर्गों को जागरूक किया जाएगा। पुलिस का लक्ष्य क्षेत्र के लगभग दो लाख लोगों तक सीधा संपर्क स्थापित करना है। जो लोग अनजाने में या किसी लत के कारण नशे के आदी हो चुके हैं, पुलिस प्रशासन स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से उनका उचित उपचार और काउंसलिंग कराएगा, ताकि वे मुख्यधारा में लौट सकें।

## विभिन्न माध्यमों से फैलेगा जागरूकता का उजाला

ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में प्रभाव छोड़ने के लिए बहुआयामी प्रचार माध्यमों का सहारा लिया जा रहा है। अभियान के तहत प्रमुख चौक-चौराहों पर एलईडी स्क्रीन के माध्यम से लघु फिल्में दिखाई जाएंगी। इसके साथ ही नशामुक्ति रैलियां, नुक्कड़ नाटक, पोस्टर बैनर और समाचार पत्रों के माध्यम से ÷वन-टू-वन÷ (व्यक्तिगत संवाद) कर नशे के दुष्प्रभावों से आम जनता को अवगत कराया जाएगा। बैठक में उपस्थित पत्रकारों ने भी एक सुर में इस पुनीत कार्य में प्रशासन का पूरा साथ देने और अपनी कलम के माध्यम से जनजागरण फैलाने का संकल्प लिया। कटंगी पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे अपने आस-पास किसी भी प्रकार के अवैध नशे के कारोबार की सूचना पुलिस को दें और इस अभियान को जन-आंदोलन बनाने में सहयोग करें।

# छतरी तोड़ने के विवाद में मासूम की पिटाई, बचाने पहुंची दादी से भी मारपीट..

## खैरलांजी के ग्राम झरिया की घटना, आरोपी सुनील शेण्डे पर बीएनएस की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज




जगप्रेरणा खैरलांजी।

***थाना क्षेत्र के ग्राम झरिया में मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। बेटे की छतरी तोड़ने की बात को लेकर एक व्यक्ति ने तीसरी कक्षा में पढ़ने वाले मासूम की बेरहमी से पिटाई कर दी।***

जब बच्चे की दादी उसे बचाने पहुंची तो आरोपी ने उनके साथ भी गाली-गलौज करते हुए धक्का देकर जमीन पर गिरा दिया। घटना में दादी और नाती दोनों घायल हो गए। पुलिस ने आरोपी सुनील शेण्डे के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, ग्राम झरिया निवासी महिला ने शिकायत में बताया कि उसका नाती प्रणय टांडेकर उसके पास रहकर प्राथमिक शाला झरिया में तीसरी कक्षा में पढ़ाई करता है। 7 जुलाई की शाम करीब 4:30 बजे गांव के लोकेश मोरकुरे ने सूचना दी कि सुनील शेण्डे उसके नाती के साथ अपने घर के सामने सड़क पर मारपीट कर रहा है। महिला मौके पर पहुंची तो देखा कि आरोपी अपने बेटे की छतरी तोड़ने का आरोप लगाकर बच्चे को हाथ-मुक्कों से पीट रहा था।

शिकायत के मुताबिक, बीच-बचाव करने पर आरोपी ने महिला को मां-बहन की अश्लील गालियां दीं और विरोध करने पर धक्का देकर जमीन पर गिरा दिया, जिससे उनके बाएं घुटने में चोट आई। वहीं मासूम प्रणय टांडेकर के नाक, दाहिनी आंख और सिर पर भी चोटें आईं। आरोपी ने भविष्य में दोबारा ऐसी घटना होने पर जान से खत्म करने की धमकी भी दी।घटना के प्रत्यक्षदर्शी के रूप में लोकेश मोरकुरे और डुली भलावे के नाम सामने आए हैं। खैरलांजी पुलिस ने आरोपी सुनील शेण्डे के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 115(2), 296, 351(2) सहित अन्य प्रासंगिक धाराओं में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू कर दी है।

# डायरिया रोको अभियान: कटंगी एवं परसवाड़ा के गांवों में पेयजल की जांच, स्वच्छता अपनाने का दिया संदेश..







जगप्रेरणा बालाघाट।

***बालाघाट जिले में जलजनित बीमारियों की रोकथाम एवं ग्रामीणों को सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचई) विभाग द्वारा 'डायरिया रोको अभियान' के तहत लगातार जनजागरूकता गतिविधियां संचालित की जा रही हैं।***

बुधवार, 15 जुलाई को कटंगी एवं परसवाड़ा विकासखंड के ग्राम सेलवा, दुधारा, खजरी एवं बडग़ांव में विभागीय टीम ने पेयजल स्रोतों की गुणवत्ता की जांच कर ग्रामीणों को स्वच्छता एवं सुरक्षित पेयजल के प्रति जागरूक किया। कार्यपालन यंत्री श्री बी.एल. उइके के निर्देशन में विभाग की सहयोगी संस्था नई रोशनी के फील्ड समन्वयकों ने संबंधित गांवों का भ्रमण कर मैदानी स्तर पर विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया। इस दौरान आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, स्कूल शिक्षकों, स्कूली छात्र-छात्राओं एवं ग्रामीणों की सक्रिय सहभागिता रही।

## एफटीके किट से जांची गई पेयजल की गुणवत्ता

अभियान के दौरान टीम ने फील्ड टेस्ट किट (एफटीके) के माध्यम से विभिन्न पेयजल स्रोतों के पानी की रासायनिक गुणवत्ता की जांच की। साथ ही ग्रामीणों को एफटीके किट के उपयोग की विधि भी समझाई गई, ताकि वे स्वयं समय-समय पर पानी की गुणवत्ता की जांच कर दूषित पानी के सेवन से बच सकें।

## हैंडवॉश के छह चरणों का कराया अभ्यास

स्वच्छता को स्वास्थ्य की पहली सीढ़ी बताते हुए फील्ड समन्वयकों ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, ग्रामीणों और स्कूली बच्चों को हाथ धोने की सही तकनीक का प्रदर्शन किया। उन्होंने हैंडवॉश के छह महत्वपूर्ण चरणों की जानकारी देते हुए बताया कि भोजन बनाने से पहले, भोजन करने से पहले और शौच के बाद साबुन से अच्छी तरह हाथ धोना डायरिया जैसी बीमारियों से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय है।

## स्वच्छ पेयजल और साफ सफाई पर दिया जोर

अभियान के दौरान ग्रामीणों से हमेशा स्वच्छ एवं ढका हुआ पानी पीने, जल स्रोतों के आसपास साफ-सफाई बनाए रखने तथा गंदगी दिखाई देने पर तत्काल सफाई करने की अपील की गई। विभागीय टीम ने बताया कि सजगता, स्वच्छता और शुद्ध पेयजल ही डायरिया जैसी जलजनित बीमारियों की रोकथाम का सबसे कारगर उपाय है। पीएचई विभाग ने बताया कि जिले में डायरिया रोको अभियान के तहत इस प्रकार की जनजागरूकता एवं जल गुणवत्ता जांच की गतिविधियां लगातार जारी रहेंगी, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षित पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके और जलजनित बीमारियों पर प्रभावी नियंत्रण रखा जा सके।

# खैरलांजी किसान कांग्रेस अध्यक्ष बने अनुपचन्द टेम्भरे..



जगप्रेरणा वारासिवनी।

***खैरलांजी क्षेत्र के जुझारू ऊर्जावान किसान अनुपचन्द ठाकरे को खैरलांजी ब्लाक के किसान कांग्रेस अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर क्षेत्र के किसानों में हर्ष व्याप्त हैं।***

बीते दिवस किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष भुरू पटेल ने प्रदेश किसान कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेंद्र प्रधान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी जिला कांग्रेस अध्यक्ष संजय उइके की अनुशंसा पर खैरलांजी के प्रगतिशील किसान अनुपचन्द ठाकरे को खैरलांजी ब्लाक कांग्रेस किसान मोर्चा का अध्यक्ष नियुक्त किया हैं।साथ ही नवनियुक्त अध्यक्ष ने अपनी कार्यकारिणी में फत्तूलाल तुरकर को उपाध्यक्ष, रूपलाल पटले को सचिव एवं शंकरलाल पटले को सहसचिव नियुक्त किया हैं। किसान कांग्रेस में हुई इस नियुक्ति पर पूर्व सांसदद्वय विश्वेश्वर भगत, बोधसिंह भगत, विधायक विवेक पटेल, जनपद सदस्य जितेंद्र सिंह राजपूत, गोकुल गौतम, तेजराम नगपुरे, देवी लिल्हारे, राजकुमार चौधरी, सुनील राणा, थानसिंह पटले सहित अन्य लोंगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए किसानों के हित में नवनियुक्त पदाधिकारियों से कार्य करने की उम्मीद जाहिर की हैं।

## व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..

बालाघाट, गोंदिया एवं सिवनी में एक साथ प्रसारित दैनिक 'जगप्रेरणा' अब व्हाट्स अप पर भी उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचाने के लिये जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को अपने किसी भी ग्रुप में जोड़ें और स्वयं और अन्य लोगों को भी ताजा एवं महत्वपूर्ण खबरों से जोड़ें।

# राष्ट्रीय नमस्ते दिवस पर वारासिवनी में सफाई मित्रों का सम्मान, पीपीई किट व आयुष्मान कार्ड वितरित..

जगप्रेरणा बालाघाट।

***संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास, मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार भारत सरकार की नेशनल एक्शन फॉर मैकेनाइज्ड सैनिटेशन इकोसिस्टम (ह्रूस्ञ्जश्व) योजना के तहत मंगलवार को नगर पालिका परिषद वारासिवनी में राष्ट्रीय नमस्ते दिवस का गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सफाई मित्रों और वेस्ट पिकर्स का सम्मान कर उन्हें पर्सनल प्रोटेक्टिव इक्विपमेंट (पीपीई) किट तथा पात्र हितग्राहियों को आयुष्मान भारत कार्ड वितरित किए गए।***

कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सरिता मनोज दादरे, उपयंत्री एवं स्वच्छता नोडल श्रीमती आंशिक सिंह चौहान, जनप्रतिनिधि, पार्षद, स्वच्छता ब्रांड एम्बेसेडर, नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में सफाई मित्र उपस्थित रहे। इस अवसर पर सफाई मित्रों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर भी आयोजित किया गया, जिसमें मेडिकल ऑफिसर एवं स्वास्थ्य कर्मियों ने उनका स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक परामर्श दिया। नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सरिता मनोज दादरे ने कहा कि सफाई मित्र शहर की स्वच्छता व्यवस्था की रीढ़ हैं। उनका सम्मान, सुरक्षा और स्वास्थ्य सुनिश्चित करना नगर पालिका की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय नमस्ते दिवस का उद्देश्य सफाई मित्रों के योगदान को सम्मान देना और उन्हें सुरक्षित एवं सम्मानजनक कार्य वातावरण उपलब्ध कराना है। उपयंत्री एवं स्वच्छता नोडल श्रीमती आंशिक सिंह चौहान ने कहा कि नगर पालिका सफाई मित्रों के कल्याण के लिए संचालित सभी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करेगी तथा उनके हित में भविष्य में भी निरंतर कार्य किए जाएंगे। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने स्वच्छता, सुरक्षित कार्य व्यवहार एवं पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर पार्षद श्री धर्मेश धर्मु जोशी, पार्षद एवं स्वच्छता ब्रांड एम्बेसेडर श्री प्रवीण डोंगरे, मनोनीत पार्षद श्री मिथलेश बूरडे सहित नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में स्वच्छता मित्र उपस्थित रहे।

# खैरलांजी महाविद्यालय में गूंजा संदेश - 'नशे से दूरी है जरूरी', एनएसएस स्वयंसेवकों ने ली नशामुक्ति की शपथ







जगप्रेरणा खैरलांजी।

मध्यप्रदेश शासन के ÷नशे से दूरी है जरूरी 2.0÷ अभियान के तहत वीरांगना रानी अवंती बाई शासकीय महाविद्यालय, खैरलांजी में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई एवं रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को एक दिवसीय नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए स्वस्थ एवं नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य श्री नीरज सिंह ठाकुर की अध्यक्षता एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी श्री रोहित कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन में माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। अपने संबोधन में प्राचार्य श्री नीरज सिंह ठाकुर ने कहा कि नशा केवल व्यक्ति ही नहीं, बल्कि उसके पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है। उन्होंने विद्यार्थियों से नशे से दूर रहकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि ÷नशा, नाश का द्वार है। यदि युवाओं को सशक्त बनना है तो उन्हें हर प्रकार के व्यसन से दूरी बनानी होगी।÷

कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों को नशामुक्ति की सामूहिक शपथ दिलाई गई। सभी ने जीवन में कभी भी किसी प्रकार का नशा नहीं करने तथा अपने परिवार, मित्रों और समाज के लोगों को भी नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने ÷नशे से दूरी है जरूरी÷ विषय पर आकर्षक पोस्टर एवं नारा लेखन प्रतियोगिता में भाग लेकर नशामुक्त समाज का संदेश दिया। वहीं लघु भाषणों एवं कविताओं के माध्यम से भी विद्यार्थियों ने नशे के विरुद्ध प्रभावी जनजागरूकता का संदेश प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम में श्री अमर सिंह गोंड, श्री वीरेंद्र कुमार पटले, श्रीमती शालिनी मेश्राम, डॉ. प्रतिभा राजपूत, डॉ. अशोक कुमार टेंभुरने, डॉ. विवेक खरगाल, श्री विक्रांत रंधावा, सुश्री पल्लवी ठोकर, सुश्री शिखा डहरवाल, श्री वैभव लांजेवार एवं श्री सुनील देवारे सहित महाविद्यालय के समस्त शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक स्टाफ राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का सफल संचालन कार्यक्रम अधिकारी श्री रोहित कुमार पाण्डेय ने किया, जबकि डॉ. प्रतिभा राजपूत ने आभार व्यक्त किया।

महाविद्यालय प्रबंधन ने कहा कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम युवाओं को नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रखने और जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433





विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433


# जिम्मेदार निष्क्रिय, स्टेट बैंक के सामने पार्किंग व्यवस्था बनी नासूर..






जगप्रेरणा लांजी।

***नगर के सबसे व्यस्त लांजी-भिलाई मार्ग पर स्थित भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के सामने पसरा पार्किंग का संकट अब महज एक अव्यवस्था नहीं, बल्कि जिम्मेदार तंत्र की निष्क्रियता का जीवंत स्मारक बन चुका है। करीब डेढ़ दशक से नगरवासी, बैंक उपभोक्ता और राहगीर जिस समस्या से दो-चार हो रहे हैं,***

वह आज भी वहीं खड़ी है, जबकि नगर परिषद के नोटिसों का पुलिंदा लगातार मोटा होता गया। हालात ऐसे हैं कि कागजों में कार्रवाई दौड़ती रही, लेकिन जमीनी हकीकत एक कदम भी आगे नहीं बढ़ी। सडक़ पर बेतरतीब खड़े वाहन, पार्किंग के नाम पर शून्य व्यवस्था,

वर्षों से जंग खाती कबाड़ बन चुकी मिक्सर मशीन और भवन के भीतर पसरी गंदगी यह बताने के लिए काफी है कि जिम्मेदारों की प्राथमिकताओं में आम नागरिकों की सुविधा आखिर किस पायदान पर है। एसबीआई भवन में बैंक, पोस्ट ऑफिस एवं अन्य कार्यालयों के कर्मचारियों के लिए तो परिसर के भीतर पार्किंग की व्यवस्था मौजूद है,

लेकिन प्रतिदिन बैंक पहुंचने वाले सैकड़ों उपभोक्ताओं के लिए आज तक कोई अलग पार्किंग स्थल विकसित नहीं किया गया। नतीजतन लोग मजबूरी में सडक़ किनारे वाहन खड़े करते हैं, जिससे पूरे मार्ग पर यातायात प्रभावित होता है और दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

### पार्किंग स्थल में व्यवसायिक गतिविधियां..

विडंबना यह भी है कि जिस स्थान का उपयोग सार्वजनिक पार्किंग के लिए होना चाहिए, उसका भी व्यावसायिक उपयोग किए जाने की चर्चा लंबे समय से होती रही है। नगर परिषद ने पार्किंग व्यवस्था सुधारने के नाम पर स्टॉपर तो लगा दिए, लेकिन वे भी केवल दिखावे की व्यवस्था बनकर रह गए। न पार्किंग सुधरी और न अतिक्रमण खत्म हुआ। भवन के सामने कई वर्षों से खड़ी मिक्सर मशीन अब पूरी तरह कबाड़ में तब्दील हो चुकी है। इसके बावजूद न भवन मालिक ने उसे हटाया और न ही नगर परिषद ने इस दिशा में कोई प्रभावी कदम उठाया। यह कबाड़ आज भी परिसर की बदहाल व्यवस्था और प्रशासनिक उदासीनता का प्रतीक बना हुआ है।

### भवन के अंदर भी गंदगी का अंबार..

भवन के भीतर भी स्थिति कम चिंताजनक नहीं है। गंदे पानी की निकासी व्यवस्था वर्षों से बदहाल है। पुराने पाइपों से रिसता पानी भवन में आने-जाने वाले लोगों पर टपकता रहता है, जबकि फर्श पर फैला पानी दुर्घटना की आशंका को बढ़ाता है। गंदगी और रखरखाव की कमी के कारण आम नागरिकों को रोज असुविधा का सामना करना पड़ता है। यहां आने वाले लोगों का कहना है कि इस संबंध में कई बार शिकायतें की गई, नगर परिषद ने नोटिस भी जारी किए, लेकिन कार्रवाई नोटिसों की सीमा से बाहर नहीं निकल सकी।

परिणाम यह है कि वर्षों पुरानी समस्या आज भी उसी स्थिति में खड़ी है और जिम्मेदार विभाग स्थायी समाधान देने में नाकाम साबित हो रहे हैं।

### इनका कहना है..

इस संबंध में सीएमओ नगर परिषद को भवन का निरीक्षण करने के लिये निर्देशित किया जाएगा और जो खामियां पाई जाती है उसे तत्काल सुधार कराने के लिये कहा जाएगा। और उक्त भवन के पार्किंग स्थल में अगर व्यवसायिक गतिविधियां संचालित है तो उन्हें भी हटाने के लिये निर्देशित किया जाएगा।

# क्लास से बाहर निकाला, बुरी तरह पीटा, 7वीं के छात्र ने घर आकर किया सुसाइड अटेम्प्ट; बेंगलुरु में जयपुर के अमायरा जैसा केस..



डेस्क जगप्रेरणा।

***कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु के एक प्राइवेट स्कूल में प्रताड़ना और पिटाई का शिकार होने के बाद 7वीं कक्षा के एक छात्र ने आत्महत्या करने की कोशिश की। आत्मघाती कदम उठाने से पहले छात्र ने अपनी*** बहन को इसकी जानकारी दी थी। सुसाइड की कोशिश के बाद छात्र को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने स्कूल मैनेजमेंट और टीचर्स के खिलाफ FIR दर्ज की है।

### क्या है पूरा मामला?

यह घटना मंगलवार को हुई। पुलिस ने बताया कि छात्र यहां मरियप्पनपाल्या इलाके के एक स्कूल में पढ़ता है। पुलिस ने प्रारंभिक जांच के हवाले से बताया कि एक अन्य छात्र के साथ की गई किसी शरारत को लेकर टीचर ने उसे फटकार लगाई थी और क्लास से बाहर जाने को कहा था। पुलिस के एक सीनियर अधिकारी ने बताया कि छात्र के पिता की शिकायत पर ज्ञानभारती थाने में स्कूल प्रबंधन के सचिव, प्रिंसिपल और 2-3 टीचर्स के खिलाफ BNS की विभिन्न धाराओं के साथ-साथ किशोर न्याय अधिनियम (जेजे एक्ट) के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### RTE के तहत पढ़ाई कर रहा है छात्र

पीड़ित छात्र शिक्षा के अधिकार (RTE) अधिनियम, 2009 के तहत स्कूल में पढ़ाई कर रहा है। छात्र के पिता ने आरोप लगाया है कि 14 जुलाई को स्कूल के संस्थापक सचिव, प्रिंसिपल और दो-तीन शिक्षकों ने किसी अज्ञात वजह से छात्र पर अपना गुस्सा निकाला और उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी, जिससे उसके पूरे शरीर पर गंभीर चोटें आईं। शिकायत में कहा गया है, 'पिटाई के कारण हुए अत्यधिक दर्द और डर की वजह से मेरे बेटे ने उसी शाम फांसी लगाकर आत्महत्या करने की कोशिश की।'

### कुछ दिनों से स्कूल जाने से मना कर रहा था छात्र..

शिकायतकर्ता ने यह भी आरोप लगाया कि पिछले कुछ दिनों से उनका बेटा लगातार स्कूल जाने से मना कर रहा था। छात्र का कहना था कि टीचर, प्रिंसिपल, स्कूल प्रबंधन के सचिव और यहां तक कि अन्य छात्रों के माता-पिता भी उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे हैं। पिता ने बताया कि वह अपने बेटे को लगातार समझा-बुझा रहे थे और उन्होंने वादा किया था कि मौजूदा शैक्षणिक वर्ष पूरा होने के बाद वे उसका दाखिला किसी दूसरे स्कूल में करा देंगे। पुलिस ने छात्र के पिता की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है और सभी आरोपों की जांच कर रहे हैं।

### व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..

**बालाघाट एवं गोंदिया से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक 'जगप्रेरणा' समाचार पत्र व्हाट्स अप पर भी आम जनों के लिये उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचा सकते हैं। जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को किसी भी ग्रुप में जोड़ा जा सकता है।**

# प्यार में पड़ा 17 साल का लड़का 10वीं मंजिल से गिरा, गर्लफ्रेंड की मां से बचने के लिए पाइप पर लटका था..



डेस्क जगप्रेरणा।

***ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर से एक बेहद दुखद और चौंकाने वाली घटना सामने आई है। लक्ष्मीसागर थाना क्षेत्र के एक बहुमंजिला अपार्टमेंट में 11वीं कक्षा के 17 वर्षीय छात्र की 10वीं मंजिल से गिरने के कारण मौत हो गई।***

शुरुआती जांच में सामने आया है कि छात्र अपनी दोस्त के घर उससे मिलने गया था। उसी दौरान लड़की की मां अचानक घर लौट आई। घबराहट में छात्र ने खुद को छिपाने की कोशिश की, लेकिन यही कोशिश उसकी जान पर भारी पड़ गई।

मृतक की पहचान रफान खुर्शीद के रूप में हुई है। वह भुवनेश्वर के एक निजी स्कूल में 11वीं कक्षा का छात्र था। उसके पिता एक निजी बैंक में रिलेशनशिप मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं।

### मां के अचानक घर आने पर घबराया छात्र..

जानकारी के मुताबिक, घटना वाले दिन रफान अपनी महिला मित्र से मिलने उसके फ्लैट पर गया था। उस समय लड़की घर में अकेली थी। कुछ देर बाद लड़की की मां अचानक घर पहुंच गई। उन्हें देखकर रफान घबरा गया और पहले बाथरूम में छिप गया। लेकिन जब उसे लगा कि वह वहां पकड़ा जा सकता है, तो उसने बाथरूम से निकलकर बिल्डिंग के डक्ट यार्ड में मौजूद पाइप के सहारे बाहर लटककर छिपने की कोशिश की।

### कैसे हुआ हादसा?

बताया जा रहा है कि रफान करीब 10वीं मंजिल की ऊंचाई पर पाइप पकड़कर कई मिनट तक लटका रहा। इसी दौरान उसका संतुलन बिगड़ गया और वह सीधे नीचे गिर पड़ा। इतनी ऊंचाई से गिरने के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद अपार्टमेंट परिसर में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भुवनेश्वर के कैपिटल अस्पताल भेज दिया।

जांच के दौरान पुलिस ने अपार्टमेंट में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली। पुलिस अब इसी फुटेज के आधार पर घटना के पूरे घटनाक्रम को जोड़ने का प्रयास कर रही है।

### दुर्घटना या और कोई वजह?

पुलिस ने लड़की और उसके परिवार से भी पूछताछ की है। अभी जांच जारी है और हर पहलू की बारीकी से जांच की जा रही है। यह पता लगाया जा रहा है कि यह पूरी तरह एक दुर्घटना थी या इसके पीछे कोई अन्य कारण भी हो सकता है। फिलहाल पुलिस ने इस मामले को अस्वाभाविक मौत के रूप में दर्ज किया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और फॉरेंसिक जांच रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की असली वजह और परिस्थितियां पूरी तरह स्पष्ट हो सकेंगी।

बता दें कि कर्नाटक के बेंगलुरु में भी ऐसा ही एक बेहद हैरान कर देने वाला मामला सामने आया था जहां बॉयफ्रेंड से दुखी होकर युवती इमोशनल रील बना रही थी। लेकिन पैर फिसलने से 13वीं मंजिल से गिरकर उसकी दर्दनाक मौत हो गई थी।

## एंबुलेंस नहीं मिली, ऑक्सीजन को तरसे..

# पिता की गोद में तड़प-तड़प कर 9वीं की छात्रा ने तोड़ा दम..



डेस्क जगप्रेरणा।

***झारखंड के गुमला जिले से स्वास्थ्य व्यवस्था को शर्मसार कर देने वाला एक मामला सामने आया है। यहां चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की कथित लापरवाही और बदहाली ने एक 15 वर्षीय छात्रा की जान ले ली। 9वीं कक्षा में पढ़ने वाली शिवानी कुमारी को गंभीर हालत में अस्पताल लाया गया था, लेकिन समय पर एंबुलेंस और ऑक्सीजन न मिलने के कारण उसने अपने माता-पिता की गोद में ही दम तोड़ दिया।***

परिजनों के मुताबिक, शिवानी कुमारी को अचानक तेज सिरदर्द और लगातार उल्टी की शिकायत होने के बाद चैनपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया था। अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद छात्रा की बिगड़ती हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे बेहतर इलाज के लिए बड़े अस्पताल में रेफर किया। आरोप है कि डॉक्टरों द्वारा रेफर किए जाने के बाद जब परिजनों ने एंबुलेंस की मांग की, तो अस्पताल प्रबंधन ने हाथ खड़े कर दिए। प्रबंधन का कहना था कि एंबुलेंस खराब है और स्टार्ट नहीं हो रही है। बेबस परिजन करीब एक से दो घंटे तक अस्पताल परिसर में एंबुलेंस की आस में तड़पते रहे और मदद की गुहार लगाते रहे, लेकिन किसी ने उनकी सुध नहीं ली।

### न एंबुलेंस मिली, न मिला ऑक्सीजन सिलेंडर..

जब कोई मदद नहीं मिली, तो लाचार पिता ने भाग-दौड़ कर एक निजी पिकअप वैन का इंतजाम किया। परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन से मरीज की गंभीर स्थिति को देखते हुए गाड़ी में एक ऑक्सीजन सिलेंडर लगाने की मिन्नतें कीं, लेकिन आरोप है कि अस्पताल की ओर से जीवनरक्षक ऑक्सीजन तक उपलब्ध नहीं कराई गई।

### रास्ते में ही टूट गई सांसें..

बिना ऑक्सीजन के पिकअप वैन से बड़े अस्पताल ले जाने के दौरान रास्ते में शिवानी की तबीयत और ज्यादा बिगड़ गई। तड़पते हुए आखिरकार उसने अपने माता-पिता की गोद में ही दम तोड़ दिया। इस दिल दहला देने वाली घटना के बाद से स्थानीय लोगों और परिजनों में स्वास्थ्य विभाग के खिलाफ गहरा गुस्सा है। लोगों का कहना है कि यदि अस्पताल में एंबुलेंस और आवश्यक जीवनरक्षक सुविधाएं उपलब्ध होतीं, तो एक मासूम छात्रा की जान बचाई जा सकती थी। मामले को लेकर स्वास्थ्य विभाग की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

# फतुहा में 3 दिनों से लापता डेकोरेटर कारोबारी का शव नदी से बरामद, जांच में जुटी पुलिस..



डेस्क जगप्रेरणा।

***बिहार की राजधानी पटना के आलमगंज थाना क्षेत्र के काजीबाग से तीन दिनों से लापता एक कारोबारी का शव पुलिस ने फतुहा के पुनपुन नदी से बरामद किया है।***

मृतक की पहचान पटना के आलमगंज थाना क्षेत्र के काजी बाग निवासी आशीर्वाद डेकोरेटर के मालिक मनोज कुमार (50 वर्ष) के रूप में हुई है। इस घटना के बाद से मृतक के परिवार में कोहराम मच गया है। पुलिस ने डेड बॉडी को जप्त कर पोस्टमार्टम के लिए नालंदा मेडिकल कॉलेज भेज दिया है और जांच में जुट गयी है।

### 13 जुलाई की सुबह लापता हुए मनोज कुमार..

जानकारी के अनुसार, आशीर्वाद डेकोरेटर के मालिक मनोज कुमार बीते सोमवार, 13 जुलाई की सुबह अपनी स्कूटी से किसी काम के लिए घर से निकले थे। उसके बाद से वे वापस नहीं लौटे और उनका मोबाइल भी बंद आने लगा। काफी खोजबीन के बाद भी जब उनका कोई सुराग नहीं मिला, तो परिजनों ने अनहोनी की आशंका जताते हुए स्थानीय थाने आलमगंज में उनके लापता होने की शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस तभी से उनकी तलाश में जुटी हुई थी।

### पुनपुन नदी में मिला शव..

15 जुलाई 2026 दिन बुधवार की शाम को पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि फतुहा थाना क्षेत्र के पुनपुन नदी में एक अज्ञात शव तैरता हुआ देखा गया है। वहीं, पूल के पास पिछले तीन दिनों से एक लावारिस स्कूटी खड़ी थी। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। जब शव को पुनपुन नदी जलकुंभी से बाहर निकाला गया, तो उसकी पहचान काजी बाग निवासी लापता कारोबारी मनोज कुमार के रूप में की गई। पुलिस ने मौके से उनकी स्कूटी को भी जब्त कर लिया है।

### पोस्टमार्टम के लिए भेजा शव..

मामले की पुष्टि करते हुए आलमगंज थाना पुलिस ने बताया कि मृतक मनोज कुमार की पहचान कर ली गई है। मौत के कारणों के संबंध में पूछे जाने पर पुलिस अधिकारियों ने बताया की शव को नदी से बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए नालंदा मेडिकल कॉलेज में भेज दिया गया है। शरीर पर चोट या अन्य संदिग्ध निशान की जांच की जा रही है।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही यह पूरी तरह से स्पष्ट हो पाएगा कि मनोज कुमार की मौत पानी में डूबने से हुई है, यह हत्या का मामला है या फिर इसके पीछे कोई और वजह है। इस घटना ने इलाके के व्यवसायियों और स्थानीय लोगों को झकझोर कर रख दिया है। पुलिस का कहना है कि वे इस मामले के हर पहलू की गहराई से जांच कर रहे हैं।

मनोज कुमार के मोबाइल के कॉल डिटेल्स खंगाले जा रहे हैं ताकि यह पता चल सके कि गायब होने से पहले वे किसके संपर्क में थे। अभी कुछ दिन पहले ही पटना के बहादुरपुर थाना क्षेत्र में एक फल व्यापारी को दिनदहाड़े गोली मार दी गयी थी।

# शिमला में रोडवेज बस के खाई में गिरने से दो लोगों की मौत, 22 यात्री घायल...

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

हिमाचल पथ परिवहन निगम (एचआरटीसी) की एक बस के बुधवार को यहां खाई में गिरने से दो लोगों की मौत हो गई और 22 अन्य यात्री घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान ननखड़ी के घड़ोली गांव निवासी बस परिचालक जय प्रकाश नेगी (57) और उसी तहसील के शाहडू गांव निवासी धाकू राम (72) के रूप में हुई है।

अधिकारियों ने बताया कि रामपुर बुशहर जा रही यह बस शाम करीब साढ़े छह बजे गारटोलू गांव के पास खोलीघाट-रामपुर मार्ग पर चालक के वाहन से नियंत्रण खो देने के कारण दुर्घटनाग्रस्त हो गई।

बस में चालक और परिचालक सहित कुल 24 लोग सवार थे। पुलिस व जिला प्रशासन की टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं और बचाव अभियान शुरू किया। घायलों को उपचार के लिए रामपुर स्थित महात्मा गांधी चिकित्सा सेवा परिसर भेजा गया,

जबकि शवों को पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया। उपायुक्त अनुपम कश्यप ने बताया कि हादसे में जान गंवाने वालों के परिजनों और घायलों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

# बिहार के कटिहार में एक व्यक्ति की हत्या के मामले में पत्नी, उसका प्रेमी और शूटर गिरफ्तार..



जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

बिहार के कटिहार जिले में पुलिस ने एक व्यक्ति की हत्या के मामले में पत्नी, उसके कथित प्रेमी और एक शूटर को बुधवार को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, बिजली विभाग में ग्रेड-एक तकनीशियन देव कुमार गुंजन की पिछले माह खगड़िया जिले के बदला घाट के पास उस समय गोली मारकर हत्या कर दी गई थी, जब वह अपनी पत्नी समिता कुमारी से मिलने ट्रेन से सुपौल जा रहे थे। उसने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में समिता कुमारी, उसका कथित प्रेमी अजीत कुमार और शूटर राजू कुमार शामिल हैं।

कटिहार में राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) के पुलिस अधीक्षक (एसपी) हरि शंकर कुमार ने कहा, 'जमुई में तैनात ग्रेड-एक तकनीशियन देव कुमार गुंजन अपनी पत्नी से मिलने 11 जून को ट्रेन से जा रहे थे। इसी दौरान जीआरपी के मानसी थाना क्षेत्र के बदला घाट के पास एक हमलावर ने उन्हें गोली मार दी। बाद में उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।'

उन्होंने बताया कि वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर की गई जांच में पता चला कि समिता कुमारी का नालंदा में तैनात ग्रेड-एक तकनीशियन अजीत कुमार के साथ कथित प्रेम संबंध था। उन्होंने कहा, 'दोनों ने गुंजन को अपने रास्ते से हटाने के लिए साजिश रची और उसकी हत्या कराने के लिए एक शूटर को सुपारी दी।'

पुलिस अधीक्षक ने कहा, 'पूछताछ में अजीत कुमार ने स्वीकार किया कि उसका और समिता का प्रेम संबंध था तथा वे गुंजन को अपने रिश्ते में बाधा मानते थे। दोनों ने मिलकर साजिश रची और राजू कुमार उर्फधीरज को गुंजन की हत्या की सुपारी दी।' पुलिस अधीक्षक कार्यालय की ओर से जारी बयान के अनुसार, राजू कुमार उर्फधीरज का आपराधिक इतिहास रहा है। वह भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और शस्त्र अधिनियम के तहत 2025 में दर्ज एक मामले में जेल जा चुका है और बाद में जमानत पर रिहा हुआ था। बयान में कहा गया है कि मामले में शामिल अन्य लोगों की तलाश और गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि देव कुमार गुंजन और समिता कुमारी का विवाह 2018 में हुआ था। उनकी छह वर्ष की एक बेटी भी है।



जग प्रेरणा

# खेल मनोरंजन

खेल जगत एवं बॉलीवुड व हॉलीवुड की खबरें..



## आयरलैंड की टीम से जुड़े जोनाथन ट्रॉट, 14 दिन के लिए निभाएंगे कंसलटेंट की अहम भूमिका..

डेस्क जगप्रेरणा।

***अफगानिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व कोच जोनाथन ट्रॉट को लेकर बड़ी खबर आई है। जोनाथन ट्रॉट आयरलैंड क्रिकेट टीम से जुड़ गए हैं। अगले महीने अफगानिस्तान के खिलाफ ODI सीरीज के लिए आयरलैंड मेन्स क्रिकेट टीम ने जोनाथन ट्रॉट को अपने साथ जोड़ा है।***



जोनाथन कंसलटेंट की भूमिका में नजर आएंगे। खास बात यह है कि यह नियुक्ति ऐसे समय हुई है, जब उनका नाम इंग्लैंड की टेस्ट टीम के नए मुख्य कोच बनने की दौड़ में भी तेजी से उभर रहा है। ब्रेंडन मैकुलम के पद छोड़ने के बाद इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड यानी **ECB** नए कोच की तलाश में जुटा है। इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज ट्रॉट आयरलैंड टीम के साथ 14 दिनों तक काम करेंगे। इस दौरान वह 5 अगस्त से शुरू होने वाली अफगानिस्तान के खिलाफ पांच मैचों की **ODI** सीरीज के शुरुआती दो मुकाबलों में भी टीम के साथ रहेंगे।

### जोनाथन के जुड़ने से टीम को मिलेगी मजबूती..

आयरलैंड के परफॉर्मेंस डायरेक्टर ग्रेम वेस्ट ने कहा कि अफगानिस्तान के खिलाफ यह **ODI** सीरीज 2027 की शुरुआत में होने वाले **ICC** मेन्स क्रिकेट वर्ल्ड कप क्वालिफायर की तैयारियों के लिहाज से बेहद अहम है। उन्होंने कहा कि ट्रॉट जैसे विश्वस्तरीय कोच को टीम के साथ जोड़ना एक दुर्लभ अवसर है, क्योंकि उन्हें अफगानिस्तान टीम के साथ काम करने का अनुभव है। इससे खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ को विपक्षी टीम की रणनीति समझने के साथ-साथ 50 ओवर के क्रिकेट को नए नजरिए से देखने का मौका मिलेगा।

आयरलैंड ने पिछले महीने अपने कोचिंग सेटअप में बदलाव किया था। गैरी विल्सन को हेनरिक मलान की जगह टीम का नया हेड कोच बनाया गया है। वेस्ट का मानना है कि ट्रॉट का अनुभव नए कोचिंग स्टाफ के लिए भी काफी उपयोगी साबित होगा। उन्होंने कहा कि ट्रॉट सिर्फ खिलाड़ियों के विकास तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि अपने नेतृत्व के अनुभव, विश्वस्तरीय खिलाड़ियों के साथ काम करने की सोच और इंटरनेशनल टीम को संभालने की कार्यशैली भी कोचिंग स्टाफके साथ साझा करेंगे।

### भारत पर ऐतिहासिक जीत के बाद नई तैयारी..

आयरलैंड हाल ही में भारत के खिलाफ 2 मैचों की **T20I** सीरीज 2-0 से जीतकर इतिहास रच चुका है। यह भारत के खिलाफ उसकी पहली द्विपक्षीय सीरीज जीत थी। अब टीम की नजर अफगानिस्तान के खिलाफ **ODI** सीरीज और आगे 2027 वर्ल्ड कप क्वालिफायर की तैयारियों पर है।

## कंधे की सर्जरी के बाद अस्पताल से डिस्चार्ज हुए पवन कल्याण, पत्नी अन्ना ने शेयर किया हेल्थ अपडेट..

डेस्क जगप्रेरणा।

***आंध्र प्रदेश के डिप्टी सीएम पवन कल्याण कुछ दिनों से अपनी सेहत को लेकर चर्चा में हैं। पवन कल्याण पिछले दिनों ही एक सर्जरी से होकर गुजरे थे। उन्हें पिछले दिनों साइनस की दिक्कत हो गई थी,***



जिसके चलते धीरे-धीरे इंफेक्शन आंख तक पहुंच गया, जिसके बाद उन्हें सर्जरी करानी पड़ी और अब एक पुरानी चोट के चलते हाल ही में फिर से अस्पताल में भर्ती होना पड़ा। अभिनेता से राजनेता बने पवन कल्याण के दाहिने कंधे की हाल ही में सर्जरी हुई, जिसके चलते उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। हालांकि, अब उन्हें अस्पताल से छुट्टी मिल गई है, जिसकी जानकारी उनकी पत्नी अन्ना कल्याण ने हाल ही में एक पोस्ट के जरिए दी।

### अस्पताल से डिस्चार्ज हुए पवन कल्याण..

कंधे की सफल सर्जरी के बाद पवन कल्याण को आज, 15 जुलाई को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। उनकी पत्नी अन्ना ने अस्पताल से तस्वीरें शेयर करते हुए एक्टर का हेल्थ अपडेट दिया और डॉक्टर्स और अस्पताल के स्टाफ की तारीफ की। इंस्टाग्राम पर जानकारी देते हुए पवन कल्याण की पत्नी अन्ना कोनिडेला ने लिखा, 'आज हमें आखिरकार अस्पताल से छुट्टी मिल गई है और हमारा दिल आभार से भरा है। मेरे पति का इतना बेहतरीन ख्याल रखने और बहुत ही कुशलता और प्रोफेशनलिज्म के साथ उनकी सर्जरी करने के लिए इस शानदार टीम का दिल से शुक्रिया। हमें पता था कि वे सबसे अच्छे हाथों में हैं, और इससे हमारे परिवार को एक अनमोल चीज मिली - मन की शांति।'

### 11 जुलाई को हुई थी पवन कल्याण की सर्जरी..

जानकारी के लिए बता दें कि पवन कल्याण को उनके दाहिने हाथ में लगी पुरानी चोट के चलते मुंबई के कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां 11 जुलाई 2026 को उनके कंधे की रोटेटर कफ इंजरी की सर्जरी हुई। इस हफ्ते की शुरुआत में, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू भी पवन कल्याण से मिलने अस्पताल पहुंचे थे और उनके जल्द ठीक होने की कामना की।

### पवन कल्याण का वर्क फ्रंट..

वर्क फ्रंट की बात करें तो पवन कल्याण को आखिरी बार तेलुगु एक्शन ड्रामा 'उस्ताद भगत सिंह' में नजर आए थे, जिसमें उनके साथ श्रीलीला और राशी खन्ना मुख्य भूमिका में नजर आई थीं। हालांकि, बॉक्स ऑफिस पर ये फिल्म कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी। 'उस्ताद भगत सिंह' अब **OTT** प्लेटफॉर्म पर भी देखी जा सकती है। ये फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर मौजूद है। इसके बाद वे सुजीत के निर्देशन में बन रही 2025 की फिल्म 'दे कॉल हिम ह्ल' के सीक्वल में नजर आएंगे, जिसका नाम अभी के लिए 'ह्ल 2' रखा गया है।

## स्पेन खिताब का दावेदार, इंग्लैंड-अर्जेंटीना सेमीफाइनल को लेकर विशेषज्ञों की राय बंटी..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***भारत के पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के अनुसार स्पेन अपने अनुशासित खेल, मजबूत रक्षण और मैच के दौरान परिस्थितियों के अनुसार खुद को ढालने की काबिलियत की बदौलत फीफा विश्व कप का सबसे प्रबल दावेदार है***



लेकिन बुधवार को इंग्लैंड और अर्जेंटीना के बीच होने वाले सेमीफाइनल को लेकर विशेषज्ञों की राय अलग-अलग है। स्पेन ने फ्रांस को 2-0 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। इस जीत के साथ उसने टूर्नामेंट में अपना शानदार रक्षात्मक रिकॉर्ड भी कायम रखा। सात मैच में स्पेन ने महज एक गोल गंवाया है जबकि छह में क्लीन शीट रही।

फ्रांस के स्टार खिलाड़ी किलियन एमबाप्पे और उस्मान डेम्बेले पूरे मैच में असर नहीं छोड़ सके। स्पेन ने मजबूत रक्षण और शानदार मिडफील्ड खेल के दम पर मैच पर नियंत्रण बनाए रखा। पूर्व भारतीय कप्तान और ध्यानचंद पुरस्कार विजेता शब्बीर अली ने कहा कि स्पेन का मैच की शुरुआत से ही फ्रांस की लय बिगाड़ना उसकी जीत में अहम रहा।

उन्होंने पीटीआई से कहा, 'स्पेन ने फ्रांस के मिडफील्ड को डेम्बेले और एमबाप्पे के लिए मौके बनाने ही नहीं दिए। जैसे ही स्पेन ने मिडफील्ड पर नियंत्रण किया, पूरे मैच में वही हावी रहा।'

वह स्पेन की रणनीति को लेकर लचीलेपन से भी काफी प्रभावित नजर आए। पूर्व स्ट्राइकर ने कहा, 'सबसे ज्यादा यह अच्छा लगा कि उन्होंने एक ही तरह की फुटबॉल नहीं खेली। कभी छोटे पास, कभी लंबे पास, कभी विंग से और कभी बीच से आक्रमण किया। फ्रांस उनकी रणनीति को समझ ही नहीं पाया।'

अली ने कहा कि स्पेन की सफलता किसी एक खिलाड़ी की नहीं, बल्कि पूरी टीम के शानदर प्रदर्शन का परिणाम है। उन्होंने कहा, 'गोलकीपर का काम गोल बचाना होता है और उनाई सिमोन ने यह जिम्मेदारी अच्छी तरह निभाई।

लेकिन स्पेन के एकजुट रक्षण के कारण फ्रांस गोल करने के मौके ही नहीं बना सका।' पूर्व भारतीय महिला कप्तान अदिति चौहान ने भी माना कि स्पेन की मजबूत रक्षात्मक क्षमता ही उसकी सबसे बड़ी ताकत रही है। उन्होंने कहा, 'स्पेन ने पूरे टूर्नामेंट में सिर्फ एक गोल खाया है। पाउ कुबार्सी शानदार रहे, मार्क कुकुरेला ने अपना काम किया, रोड्री और पेड्रो पोरो ने भी बड़ा योगदान दिया। मजबूत रक्षण ही टीम को चैंपियन बनाता है और स्पेन ने इसे साबित किया है।'

पूर्व भारतीय मिडफील्डर सैयद रहीम नबी ने कहा कि स्पेन की मेहनत उसे फाइनल तक ले गई। उन्होंने कहा, 'उन्होंने हर गेंद के लिए संघर्ष किया और एमबाप्पे को खेल में आने ही नहीं दिया। स्पेन के मिडफील्ड ने पूरे मैच पर नियंत्रण रखा और उसकी पूरी टीम इस जीत की हकदार है।'

अब सबकी नजरें इंग्लैंड और मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल पर हैं। अली का मानना है कि लियोनल मेस्सी के बावजूद इंग्लैंड अपने अनुशासित प्रदर्शन के कारण मजबूत दावेदार है। उन्होंने कहा, 'इंग्लैंड ने बेहतरीन रक्षण किया है और जूड बेलिंगहम शानदार फॉर्म में हैं। हैरी केन हमेशा खतरा बने रहते हैं और उनके पास बेंच पर भी अच्छे खिलाड़ी हैं। अगर वे मेस्सी तक गेंद पहुंचने से रोक दें तो उनके पास जीत का अच्छा मौका होगा।' उन्होंने कहा, 'सिर्फ मेस्सी ही नहीं हैं। जूलियन अल्वारेज और एंजो फर्नांडीज जैसे खिलाड़ी भी हैं इसलिए इंग्लैंड को सिर्फ एक खिलाड़ी को ही नहीं बल्कि पूरी अर्जेंटीना टीम को रोकना होगा।'

वहीं अदिति का मानना है कि अर्जेंटीना फाइनल तक पहुंच सकता है। वहीं नबी का कहना है कि इंग्लैंड की टीम अर्जेंटीना की अपेक्षाकृत कमजोर रक्षापंक्ति की कड़ी परीक्षा लेगी लेकिन मेस्सी का जादू किसी भी समय मैच का रुख बदल सकता है।

## निकाह पर फतवे के बीच आमिर खान का दो टूक जवाब, बोले- 'न गौरी, न रीना और न ही किरण ने बदला धर्म'..

डेस्क जगप्रेरणा।

***बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान हाल ही में गौरी स्प्रैट के साथ शादी के बंधन में बंधे हैं। उनकी इस तीसरी शादी के बाद से ही सोशल मीडिया से लेकर समाज के एक तबके में तीखी बहस छिड़ गई है।***



कुछ कट्टरपंथियों और एक मुस्लिम धर्मगुरु द्वारा इस शादी के खिलाफ फतवा जारी किए जाने के बाद मामले ने राजनीतिक और सामाजिक तूल पकड़ लिया। इन तमाम विवादों और खुद पर लव जिहाद का ब्रांड एंबेसडर होने के लग रहे आरोपों पर अब अभिनेता ने चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने साफ किया कि उनकी एक भी शादी में धर्म परिवर्तन नहीं किया गया।

### धर्म बदलना कभी मुद्दा नहीं रहा..

रेडिफको दिए इंटरव्यू में आमिर खान ने इन सभी आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए बेहद बेबाकी से जवाब दिया है। उन्होंने साफकहा कि उनके परिवार में हमेशा से ही सभी धर्मों का सम्मान किया गया है और उनकी किसी भी शादी में कभी भी धर्म परिवर्तन की कोई शर्त या कोशिश नहीं रही। इंटरव्यू के दौरान जब आमिर खान से लव जिहाद और अंतरधार्मिक विवाहों को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि सच तो यह है कि उनका परिवार बहुत ही समावेशी और खुले विचारों वाला है। आमिर ने अपने परिवार का उदाहरण देते हुए कहा, मेरी दोनों बहनों की शादी हिंदू परिवारों में हुई है, मेरी बेटी ईरा ने भी एक हिंदू से शादी की है और मेरे कजिन मंसूर ने एक ईसाई महिला से निकाह किया है। हमारे परिवार में ये शादियां सिविल मैरिज यानी स्पेशल मैरिज एक्ट के तहत हुई हैं।' उन्होंने आगे स्पष्ट करते हुए कहा, 'न तो गौरी, न किरण और न ही रीना ने कभी अपना धर्म बदला, क्योंकि हमारी शादियां कानूनी तौर पर कोर्ट मैरिज थीं। गौरी तो हिंदू भी नहीं हैं, वह एक ईसाई हैं और वो भी रूढ़िवादी ईसाई नहीं हैं। वक्त के साथ दुनिया और चीजें काफी अजीब और मजाकिया होती जा रही हैं।'

### मौलाना का फतवा, गैर-मुस्लिम से शादी को बताया हराम और गुनाह..

आमिर खान का यह बयान उस वक्त आया है जब मुस्लिम पर्सनल दारुल इफ्ता के शाही मुख्य मुफ्ती, मौलाना इब्राहिम हुसैन ने उनकी इस शादी को लेकर एक फतवा जारी कर दिया है। एएनआई की रिपोर्ट और सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो में मौलाना ने शरीयत का हवाला देते हुए कहा कि किसी भी मुस्लिम मर्द के लिए किसी गैर-मुस्लिम महिला से शादी करना पूरी तरह से हराम है। उन्होंने इसे एक बड़ा गुनाह करार देते हुए कहा कि जो लोग इसे पाप नहीं मानते, उन्हें आखिरकार अल्लाह को जवाब देना होगा। इसके अलावा मौलाना ने आमिर खान की तीन शादियों पर भी तंज कसा और कहा कि बार-बार शादी करना और तलाक देना तब तक सही नहीं ठहराया जा सकता जब तक कोई व्यक्ति अपनी जिम्मेदारियों को पूरी तरह से न निभाए।

### 25 साल पुरानी दोस्ती और बेंगलुरु में दोबारा मुलाकात के बाद हुआ निकाह..

आमिर खान और बेंगलुरु की रहने वालीं ब्यूटी एंड वेलनेस एंटरप्रेन्योर गौरी स्प्रैट एक-दूसरे को पिछले करीब 25 सालों से जानते हैं। हालांकि बीच में दोनों का संपर्क टूट गया था, लेकिन दो साल पहले आमिर की कजिन नुजहत खान के जरिए बेंगलुरु में दोनों की दोबारा मुलाकात हुई। पिछले साल मार्च में जब आमिर खान ने अपना 60वां जन्मदिन मनाया था, तब उन्होंने पहली बार गौरी को मीडिया और दुनिया के सामने इंट्रोड्यूस कराया था। धीरे-धीरे दोनों की यह दोस्ती प्यार में बदल गई और दो साल तक एक-दूसरे को डेट करने के बाद आखिरकार उन्होंने इसी साल 5 जुलाई को मुंबई में बेहद सादगी के साथ कोर्ट मैरिज कर ली। इस शादी में मुकेश अंबानी, राज ठाकरे, आशुतोष गोवारिकर और इरफान पठान जैसी जानी-मानी हस्तियां शामिल हुई थीं।

### आमिर खान की पिछली शादियां..

गौरी स्प्रैट से पहले आमिर खान की दो शादियां और हो चुकी हैं। उनकी पहली शादी साल 1986 में रीना दत्ता से हुई थी, जिनसे उनके दो बच्चे जुनैद खान और ईरा खान हैं। 16 साल तक साथ रहने के बाद साल 2002 में दोनों का तलाक हो गया। इसके बाद साल 2005 में आमिर ने फिल्ममेकर किरण राव से शादी की, जिनसे उनका एक बेटा आजाद राव खान है। साल 2021 में आमिर और किरण ने आपसी सहमति से अलग होने का फैसला किया था।

## कमबैक को तैयार रश्मि देसाई, नए शो 'सयोनी' का प्रोमो जारी, चाइल्ड आर्टिस्ट ने दिलाई 'बजरंगी भाईजान' की 'मुन्नी' की याद..

डेस्क जगप्रेरणा।

***रश्मि देसाई टीवी इंडस्ट्री की सबसे पॉपुलर अभिनेत्रियों में से हैं, लेकिन पिछले कुछ सालों से वह छोटे पर्दे से गायब हैं। रश्मि देसाई ने अपने करियर में 'परी हूं मैं' से लेकर 'उतरन' और 'दिल से दिल तक'***



जैसे हिट शोज दिए और साथ ही 'बिग बॉस 13' और 'झलक दिखला जा 5' में भी अपने प्रदर्शन से सबको हैरान कर दिया। मगर पिछले कुछ समय से रश्मि देसाई छोटे पर्दे से गायब हैं, ऐसे में उनके फैंस भी उन्हें मिस कर रहे हैं। इस बीच रश्मि के फैंस के लिए एक खुशखबरी है। एक्ट्रेस एक नए शो के साथ टीवी स्क्रीन्स पर वापसी कर रही हैं। रश्मि देसाई के इस नए शो का नाम 'सयोनी' है, जिसका प्रोमो भी जारी किया जा चुका है।

### टीवी पर रश्मि देसाई की वापसी..

रश्मि देसाई स्टार प्लस के नए शो 'सयोनी' से दर्शकों के बीच लौट रही हैं, जिसका प्रोमो हाल ही में जारी किया गया है। प्रोमो से जाहिर होता है कि रश्मि इस शो में एक मां की भूमिका में नजर आने वाली हैं, जो अपनी बेटी से बिछड़ चुकी हैं। प्रोमो की शुरुआत एक चंचल और मासूम बच्ची 'सान्वी' से होती है, जो अनाथालय में पली-बढ़ी है और उसे नहीं पता कि उसकी कहां है। और इसके बाद यंग सान्वी (जाह्नवी सोनी) देखने को मिलती है। बचपन से सान्वी भगवान से अपनी मां को मांगती आई है। फिर प्रोमो में रश्मि देसाई की एंट्री होती है। मेकर्स ने प्रोमो जारी करते हुए कैप्शन में लिखा- 'मां होकर भी है वो अनाथ... क्या दोनों की दुनिया आ पाएगी एक साथ?'

### चाइल्ड आर्टिस्ट को देख दर्शकों को याद आई बजरंगी भाईजान की मुन्नी..

इस अपकमिंग शो में रश्मि देसाई और जाह्नवी सोनी लीड रोल में नजर आने वाली हैं, लेकिन शो की शुरुआत में नजर आई चाइल्ड आर्टिस्ट ने सारी लाइमलाइट लूट ली। इस चाइल्ड आर्टिस्ट को देखने के बाद दर्शकों को 'बजरंगी भाईजान' की 'मुन्नी' याद आ गई है। कई का कहना है कि 'सयोनी' के प्रोमों में दिखाई दे रही बच्ची के चेहरे पर वही मासूमियत और चंचलता है, जो 'बजरंगी भाईजान' की मुन्नी के चेहरे पर थी।

### रश्मि देसाई की जिंदगी का खौफनाक दौर..

रश्मि देसाई ने पिछले दिनों ही अपने करियर के सबसे खौफनाक दौर के बारे में बात की थी। रश्मि देसाई की जिंदगी में एक ऐसा भी समय था जब न उनके पास काम था, न पैसे और न परिवार। एक्ट्रेस ने एक शो में बताया था कि एक समय ऐसा भी था, जब उनके पास न तो काम था और न पैसे, उनकी जो भी सेविंग्स थीं वो सब खत्म हो चुकी थीं।

राजीव खंडेलवाल के शो 'तुम हो ना - घर की सुपरस्टार' पर रश्मि ने उन दिनों का जिक्र किया, जब वह काम और पैसे नहीं थे और इस मुश्किल दौर में उनका उनके परिवार से कॉन्टेक्ट भी लगभग खत्म हो चुका था। उन्होंने अपनी मां तक को ब्लॉक कर दिया था।

## भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम को ब्रिटेन दौरे पर मिश्रित सफलता..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***इस साल चीन में होने वाले अंडर-21 एशिया कप के लिए तैयारी कर रही भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने ब्रिटेन के अपने दौरे में मिश्रित सफलता हासिल की तथा जहां उसने तीन मैच जीते वहीं चार मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा।***

जूनियर एशिया कप चार से 13 सितंबर तक चीन के मोकी में खेला जाएगा। ब्रिटेन दौरे में भारतीय टीम ने स्कॉटलैंड की सीनियर महिला टीम, अमेरिका की अंडर-21, इंग्लैंड की अंडर-21 और बेल्जियम की अंडर-21 टीमों के खिलाफकुल सात मैच खेले।

भारतीय टीम ने इस दौरे की शुरुआत एडिनबर्ग में स्कॉटलैंड टीम के खिलाफ दो कड़े मुकाबलों से की। पहले मैच में भारत को 2-3 से और दूसरे मैच में 3-1 से हार का सामना करना पड़ा। टीम ने अपने तीसरे मैच में शानदार वापसी करते हुए अमेरिका की अंडर-21 टीम को 6-0 से करारी शिकस्त दी। सुखवीर कौर ने दो जबकि काजल, शशि खासा, पूर्णिमा यादव और पूजा साहू ने एक एक गोल किया।

भारत ने अपनी लय बरकरार रखते हुए इंग्लैंड अंडर-21 के खिलाफरोशनी ऐंद के दो गोल की बदौलत 2-0 से जीत हासिल की।

भारत और अमेरिका अंडर-21 के बीच मैच 1-1 से ड्रॉ रहा। भारत के लिए पूजा साहू ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला, जबकि अमेरिका के लिए रीस एनेट्सबर्गर ने बराबरी का गोल दागा।

अमेरिका ने पेनल्टी शूटआउट में 3-2 से जीत हासिल की। भारत ने इंग्लैंड अंडर-21 पर 2-0 की जीत से जोरदार वापसी की, जिसमें कृष्णा शर्मा और पूर्णिमा यादव ने मैदानी गोल किए। भारतीय टीम अपने आखिरी मैच में बेल्जियम अंडर-21 से 1-2 से हार गई। भारतीय कप्तान शिलेमा चानू खैदेम ने कहा, 'यह दौरा सीखने के लिहाज से काफी महत्वपूर्ण रहा। इन मैचों से हमें यह समझने में मदद मिली है कि हम किन क्षेत्रों में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं और किन क्षेत्रों में हमें सुधार की जरूरत है।'

**लेख, लघु कथा, कविताएं एवं साहित्य सामग्रीयां आमंत्रित है..**

Email - jagprernaw@gmail.com
Whatsapp - 94070-33433




# साहित्य अभिव्यक्ति

■ संपादकीय ■ लेख ■ कविता ■ व्यंग्य ■ महाशब्द पहेली (शब्द ज्ञान)




दैनिक जग प्रेरणा में साहित्य लेख रचनाएं प्रकाशन के लिये संपर्क करें..

एकता आशीष वर्मा
मो. 9407033433


## रेल भूमि पोर्टल और भारत- यूके एफ़टीए का ऐतिहासिक संगम

वैश्विक स्तरपर भारत आज विकसित भारत- 2047 के लक्ष्य की ओर तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है।जिसका प्रमाण,14 जुलाई 2026 से केंद्रीय रेलवे मंत्रालय ने रेलवे पोर्टल की भी शुरुआत की क्योंकि विजन को प्राप्त करने के लिए आंतरिक भ्रष्टाचार मुक्त पारदर्शिता,जवाबदेही, कर्तव्यों कों बढ़ाकर सुशासन लाना जरूरी है, तो दूसरी ओर 56 से अधिक देशों सेएफ्टीए जिसमें दिनांक 15 जुलाई 2026 से ब्रिटेन यूके एफ्टीए की शुरुआत हुई,99 प्रतिशत वस्तुएं कर मुक्त होगी और इसी दिन मुंबई व कोलकाता के बंदरगाहों से निर्यात शुरू हो गया हैं।मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं क़ि भारत- यूके मुक्त व्यापार समझौता,व भारतीय रेलवे की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।विकसित भारत 2047 की दिशा में यह दोनों आर्थिक व पारदर्शिता का ऐतिहासिक कदम हैं। इस लक्ष्य की प्राप्ति में नई रेल लाइनेंडेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर,तीसरी-चौथी लाइन,स्टेशन पुनर्विकास, बुलेट ट्रेन और अन्य आधारभूत परियोजनाओं के लिए बड़े पैमाने पर भूमि अधिग्रहण किया जा रहा है।लेकिन वर्षों से भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया को लेकर किसानों भूमि धारकों और आम नागरिकों के बीच अनेक शिकायतें और विवाद सामने आते रहे हैं। इन्हीं समस्याओं को दूर करने के उद्देश्य से रेलमंत्री द्वारा 14 जुलाई 2026 से रेल भूमि पोर्टल की शुरुआत की गई है,जिसका उद्देश्य भूमि अधिग्रहण और मुआवज़ा भुगतान की पूरी प्रक्रिया को डिजिटल, पारदर्शी, समयबद्ध और जवाबदेह बनाना है।

साथियों बात अगर हमभारत-यूके मुक्त व्यापार समझौता विकसित भारत 2047 की दिशा में ऐतिहासिक आर्थिक कदम कों समझने की करें तो15 जुलाई 2026 से भारत और यूनाइटेड किंगडम (यूके) के बीच व्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौता प्रभावी होने को इसी दिन मुंबई और कोलकाता बंदरगाहों से विशेष कार्यक्रम के माध्यम से निर्यात की नई शुरुआत की गई।इस समझौते के तहत यूके ने भारत के लगभग 99 प्रतिशत निर्यातित उत्पादों को शून्य या शुल्क-मुक्त बाजार पहुंच प्रदान की है, जिससे वस्त्र, चमड़ा, इंजीनियरिंग, समुद्री उत्पाद, रत्न-आभूषण, फार्मा, कृषि एवं एमएसएमई क्षेत्र को बड़ा लाभ मिलेगा। दूसरी ओर भारतीय व्यापारियों को विशाल ब्रिटिश बाजार में प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त,निवेश और रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे,जबकिउपभोक्ताओं को बेहतर गुणवत्ता वाले उत्पाद,अधिक विकल्प और दीर्घकाल में प्रतिस्पर्धी कीमतों का लाभ मिल सकता हैयह समझौता निर्यात, विनिर्माण, सेवा क्षेत्र,वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला और विदेशी निवेश को गति देकर भारत की अर्थव्यवस्था को नई ऊर्जा देगा तथा विकसित भारत-2047 के लक्ष्य, आत्मनिर्भर भारत, मेक इन इंडिया और भारत को वैश्विक व्यापारिक शक्ति बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण सटीकता से मील का पत्थर सिद्ध होगा।

साथियों भूमि किसी किसान के लिए केवल संपत्ति नहीं होती, बल्कि उसकी आजीविका पहचान और आने वाली पीढ़ियों का आधार होती है।इसलिए जब किसी सार्वजनिक परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहित की जाती है,तब यह आवश्यक हो जाता है कि पूरी प्रक्रिया निष्पक्ष,पारदर्शी और कानूनसम्मत हो। भारत में यह प्रक्रिया उचित मुआवज़ा एवं भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास और पुनर्स्थापन में पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 के अनुसार संचालित होती है,जिसमें किसानों को उचित मुआवज़ा,पुनर्वास तथा पुनर्स्थापन का अधिकार दिया गया है।हालाँकि व्यवहारिक स्तर पर भूमि अधिग्रहण के दौरान समय-समय पर अनेक प्रकार की अनियमितताओं के आरोप भी सामने आते रहे हैं। कई मामलों में यह आरोप लगाए गए कि अधिग्रहण की प्रारंभिक सूचना या प्रस्ताव सार्वजनिक होने के बाद संबंधित भूमि के राजस्व रिकॉर्ड में परिवर्तन कराने, कृषि भूमि को गैर-कृषि अथवा व्यावसायिक श्रेणी में परिवर्तित कराने, कृषि भूमि स्टेटस से भूमि का मूल्य बढ़ाने अथवा अधिक मुआवज़ा प्राप्त करने के उद्देश्य से दस्तावेज़ों में बदलाव कराने के प्रयास किए जाते रहे हैं, जो मैंने हमारी भूमि ज़ब रेलवे अधिकरण में गई थी तो उस समय पूरा नज़ारा मैंने स्वयं देखा था कि किस तरह पड़ित जमीन को, चालू व कमर्शियल दिखाकर मिली भगत से पैसे वसूले गए, कुछ मामलों में संबंधित अधिकारियों या अन्य हितधारकों की भूमिका पर भी प्रश्न उठे हैं। यह स्पष्ट करना आवश्यक है कि ऐसे आरोपों की सत्यता प्रत्येक मामले में जांच और न्यायिक प्रक्रिया से ही निर्धारित होती है, इसलिए सभी मामलों या सभी अधिकारियों के बारे में सामान्य निष्कर्ष निकालना उचित नहीं होगा।

साथियों, यही वह पृष्ठभूमि है जिसमें रेल भूमि पोर्टल एक महत्वपूर्ण सुधार के रूप में सामने आया है।यदि अधिग्रहण की अधिसूचना, भूमि की मूल स्थिति,भूमि उपयोग की श्रेणी,स्वामित्व, राजस्व रिकॉर्ड, मूल्यांकन, दस्तावेज़ों में हुए परिवर्तन तथा मुआवज़े की पूरी प्रक्रिया डिजिटल रूप से समय-मुद्रित (टाइम-स्टाम्पड ) होकर दर्ज होगी,तो अधिसूचना के बाद किए गए किसी भी संदिग्ध परिवर्तन की पहचान करना पहले की तुलना में कहीं अधिक आसान हो जाएगा।इससे रिकॉर्ड मेंछेड़छाड़ फर्जी दस्तावेज़,मनमाना वर्गीकरण तथा अनियमित मुआवज़े जैसी संभावित गड़बड़ियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सकेगा।

साथियों, रेल भूमि पोर्टल का सबसे बड़ा लाभ यह होगा कि अब भूमि स्वामी स्वयं अपने अधिग्रहण की स्थिति ऑनलाइन देख सकेंगे। उन्हें यह जानकारी मिलेगी कि उनकी फाइल किस स्तर पर है, कौन-सा दस्तावेज़ लंबित है, मूल्यांकन कब हुआ, मुआवज़े की राशि कितनी निर्धारित हुई और भुगतान किस चरण में है। इससे सरकारी कार्यालयों के अनावश्यक चक्कर कम होंगे और पूरी प्रक्रिया अधिक पारदर्शी बनेगी।इस नई व्यवस्था का एक और महत्वपूर्ण पक्ष यह है कि रेलवे, जिला प्रशासन और राज्य सरकार के बीच समन्वय अधिक मजबूत होगा।

पहले अलग-अलग विभागों में फाइलों के आदान- प्रदान में महीनों लग जाते थे, जिससे परियोजनाएँ भी प्रभावित होती थीं और किसानों को मुआवज़ा मिलने में भी देरी होती थी। अब डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म पर सभी संबंधित विभाग वास्तविक समय में जानकारी साझा कर सकेंगे।

साथियों किसानों के लिए यह भी अत्यंत महत्वपूर्ण है कि वे अपने भूमि अभिलेख, खसरा-खतौनी, आधार, बैंक खाता, नामांतरण तथा अन्य आवश्यक दस्तावेज़ों को अद्यतन रखें। डिजिटल प्रणाली में सही रिकॉर्ड होने से मुआवज़ा भुगतान की प्रक्रिया अधिक तेज़ और विवादरहित होगी।यदि किसी किसान को भूमि के मूल्यांकन, मुआवज़े की राशि अथवा अधिग्रहण प्रक्रिया पर आपत्ति हो, तो वह संबंधित भूमि अधिग्रहण अधिकारी, जिला प्रशासन अथवा कानून के अंतर्गत उपलब्ध अपील के अधिकार का उपयोग कर सकता है। डिजिटल रिकॉर्ड होने से ऐसे मामलों की जांच भी अधिक पारदर्शी और साक्ष्य-आधारित हो सकेगी।

साथियों, यह समझना भी आवश्यक है कि केवल डिजिटल पोर्टल बन जाने से सभी प्रकार कीअनियमितताएँ स्वतः समाप्त नहीं हो जाएँगी। इसकी वास्तविक सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि राज्य सरकारों के भूमि अभिलेख पूरी तरह डिजिटाइज़ हों, सभीपरिवर्तनों का ऑडिट ट्रेल उपलब्ध हो, जवाबदेही तय की जाए, शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण हो और किसी भी प्रकार की गड़बड़ी पाए जाने पर संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए। यदि इन सभी पहलुओं पर समान रूप से ध्यान दिया गया, तो रेल भूमि पोर्टल भूमि अधिग्रहण व्यवस्था में ऐतिहासिक परिवर्तन ला सकता है।

साथियों, भारत में रेलवे केवल परिवहन का माध्यम नहीं बल्कि आर्थिक विकास का इंजन है। नई रेल लाइनें बनने से किसानों को अपनी उपज के लिए बेहतर बाज़ार मिलता है, उद्योगों को सस्ता परिवहन उपलब्ध होता है, रोजगार के अवसर बढ़ते हैं और क्षेत्रीय विकास को नई गति मिलती है। इसलिए यह आवश्यक है कि विकास और किसानों के अधिकार दोनों के बीच संतुलन बना रहे।यदि रेल भूमि पोर्टल का प्रभावी और ईमानदारीपूर्वक क्रियान्वयन किया गया,तो भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया में वर्षों से चली आ रही अनेक समस्याओं पर अंकुश लगाया जा सकेगा।

इससे वास्तविक भूमिधारकों को समय पर उचित मुआवज़ा मिलेगा, रिकॉर्ड में अनियमित परिवर्तन की संभावनाएँ कम होंगी, पारदर्शिता बढ़ेगी और सार्वजनिक परियोजनाओं पर जनता का विश्वास भी मजबूत होगा।

साथियों, अंतरराष्ट्रीय अनुभव भी यही बताते हैं कि डिजिटल भूमि प्रबंधन प्रणाली भ्रष्टाचार की संभावनाओं को कमकरती है परियोजनाओं की गति बढ़ाती है और नागरिकों का विश्वास मजबूत करती है। जापान, दक्षिण कोरिया तथा अनेक यूरोपीय देशों में डिजिटल भूमि रिकॉर्ड और ऑनलाइन अधिग्रहण प्रणाली ने आधारभूत संरचना विकास को अधिक पारदर्शी बनाया है। भारत का यह कदम भी उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण सुधार माना जा रहा है।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन का रास्ता विश्लेषण करें तो हम पाएंगे क़ि कहा जा सकता है कि रेल भूमि पोर्टल केवल एक डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म नहीं, बल्कि भारत में भूमि अधिग्रहण प्रणाली को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और तकनीक-आधारित बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक सुधार है। यदि इसे कानून के कठोर पालन,सशक्त डिजिटल निगरानी और प्रभावी प्रशासनिक जवाबदेही के साथ लागू किया गया, तो यह किसानों के अधिकारों की रक्षा करते हुए विकास परियोजनाओं को नई गति देने वाला एक मील का पत्थर सिद्ध हो सकता है।


रचनाकार



एडव्होकेट किशन भगनानी गोंदिया


## झोका सा था, बवंडर बन गया

झोका सा था, बवंडर बन गया
लोहे का टुकड़ा खंजर बन गया।

जमाने से वफ़ा की उम्मीद मे वो
इतना टूटा की पत्थर बन गया।

वो आया है बुरे वक्त से लड़कर
जो ड़रता था अब ड़र बन गया।

सहारों से कमजोर होता है सख्स
खुद पे यकीं से ताकतवर बन गया।

भीड़ में रहने वाले भेड़ बने संजय
मैं अकेला रहा तो टायगर बन गया।


लेखक



संजय अश्क
पुलपुट्टा, बालाघाट
9753633830



## बुन्देली चौकडियाँ..

अब वर्षा ऐनइँ सैलानी,
नदियाँ जे उफनानी।
गाँव भीतरै पानू भर गव,
ऐसी बाड दिखानी।
हाहा दइया मच गइ घेरउँ,
हो रई भौतई हानी ।
नन्द करें का अन्न के दाता,
चौपट भई किसानी।

लाखन गइयाँ जिनके घर में,
फिरती बेडा भर में।
भर भर चपियाँ माखन होबै,
दूध दई है घर में।
सातउ सुख महलन में पाये,
कान्हा बसबें उर में।
ग्वाल बाल संग नंद निबे,
मोहनी लीलाधर में।


रामानन्द पाठक नन्द


## शब्दवर्गपहेली क्र.- 218



ck;| l| nk;| |& 1) भरोसा करने लायक, विश्वासी 5) एक पश्चिमी देश जिसकी राजधानी ओटावा है 8) पुरुषोचित, पुरुषों का 11) किचड़युक्त जमीन, जिस पर पैर रखने से धंस जाता है 14) कारण 15) लीपने पोतने का काम 16) किसी को बिना उसकी इच्छा के धोखे से ले जाकर रोक रखने की क्रिया 18) मेघ, जलद 19) श्रीरामजी का वंश, इसी वंश के एक पूर्वज राजा 20) द्रव, चंचल 22) छोटे बच्चे का नाम रखने का संस्कार 23) चार युगों में से चौथा 28) एक प्राचीन कालीन शस्त्र 30) कबत्तरों को रखने की अनेक खानोंवाली एक किस्म की आलमारी 32) पक्षियों का चहकना 35) नष्ट, ध्वंस 37) सहयात्री,, साथ में यात्रा करनेवाला 40) स्त्रियोंद्वारा बालों में लगायी जानवाली फुलों की माला 43) भिडन्त 44) राजस्थान का एक प्रसिद्ध ऐतिहासिक शहर 45) जनानखाना 47) पद, बार, दफा 49) एक वृक्ष विशेष 51) मृत्यू होना 52) श्रीकृष्ण की राजधानी,, चार धामों में से एक 53) कृपा करना 55) पुरुष 56) अंगार का अवशेष, भभूती 57) बुद्धिमान, सावधान 58) लाल रंग का एक मीठा कंद 60) यश, जीत 61) नृत्य करना 63) श्रीरामजी का एक भाई 66) गणेशजी 71) मकान, निवासस्थान 72) अपने राज्यसभा की एक भूतपुर्व उपाध्यक्षा 75) सपाट, जिसका तल या सतह समान हो 77) तलवार चलाने में कुशल 81) समान 83) ताकत, शक्ति 84) अंग्रेजी में दीवार 85) पानी,, नीर 86) नृत्य 87) सागर पर चलनेवाला जलयान 88) अमिताभ बच्चन, शशी कपूर, स्मिता पाटील की एक सुपरहिट फिल्म 90) जिव्हा, जीभ 91) आश्चर्य, अनोखा 92) निषिद्ध 93) नीले रंग का मणि 95) पवित्र 97) गुनाहगार, जिसने गलती की हो वह 101) पत्र, चिट्ठी 103) खर्च करना 104) लिप्त, लगा हुआ 105) लीन होना, अनुरक्त होना 107) नवयुवक 109) अनोखा कार्य, करतूत 111) रुक रुक कर क्रोध का आवेश दिखाना या अधिक गरमी से व्याकुल होना इस अर्थ का एक मुहावरा 113) स्त्री जाति का प्राणी 114) बाप, जनक 115) उबारना 116) जो नीचे न हो 117) परसों के बाद का दिन 118) क्रीड़ा, खेल 119) हुकूमत, साम्राज्य

Åij l| uhp |& 1) बड़ा मकान 2) प्रतिदिन 3) स्वास्थ्य 4) तर्क 5) कबूत्तर 6) बेटे या बेटी का बेटा 7) एक फूल, बच्चों की एक मासिक पत्रिका 8) मृत्यू 9) युद्ध 10) अवयस्क 11) अनाज का पीसना 12) राजसभा 13) छोटा 16) शांति (उर्दू) 17) हमेशा 21) भाग जाना इस अर्थवाला एक मुहावरा 24) सत्य 25) भक्षण करना 26) असम्मान, तिरस्कार, अपमान 27) लाश को ओढ़ाया जानेवाला कपड़ा 29) कलंक, धब्बा 30) सुखी धरती,, दीवार या लकड़ी फटने के कारण पड़नेवाली रेखा 31) पुनः पुनः 33) बाजू में सरकना 34) फुलों की माला, पराजय 36) निद्रा लेने का कमरा 37) हिमालय में स्थित एक तीर्थक्षेत्र 38) शासन, राज्यकर्ता 39) प्रस्थान, बिदाई 41) एकत्र होना 42) अज 44) ऋण, कर्ज, नकद न दिया जानेवाला 46) पांच का चौथाई भाग 48) पुत्र 50) स्वाद लेना 51) गीदड़ 54) शव, अस्थी 59) हिफाजत, सुरक्षित 60) जनन, उत्पत्ति 62) गाय, बकरियां आदि चरानेवाला 63) यथाशक्ति 64) आश्चर्ययुक्त या अनोखा काम, सर्वोत्तम 65) भगवान के नाम से कुछ न खाना 66) रोजाना बिक्री की आमदनी 67) वंश 68) बरताव, आचरण 69) समाप्ति 70) मां, एक देवी 73) मध्य प्रदेश का एक प्रमुख शहर 74) दो या अधिक चीजों में तारतम्य या सादृश्य देखना 76) तनातनी, आपसी खींचतान 78) लज्जित होना, शरमाना 79) रात, निशा 80) लोक मत 82) प्रासाद 85) विष 89) रत्न, गोलक 90) महाकवि तुलसीदासजी के पत्नी का नाम 91) मुलायम 92) बड़प्पन 94) उत्तर प्रदेश की राजधानी 96) ओछापन 98) धागा 99) दुर्घटना 100) प्रेषित करना, एक स्थान से दूसरे स्थान को रवाना करना 102) पांव, चरण 103) समाचार 106) नाई 108) दुल्हा 109) हस्त, हाथ 110) देह, शरीर 112) मौसी (उर्दू) 113) कीमती सामान, सम्पत्ति (जबाब अगले अंक में)

### पिछ्ले अंक के शब्दवर्गपहेली का जवाब



anumeya-08446302691





जग प्रेरणा
व्यापार समाचार
● शेयर बाजार ● इलेक्ट्रॉनिक्स ● कपड़ा ● किराना ● लोहा ● सिमेंट ● सराफा ● आटोमोबाईल्स

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# कुशल कर्मियों की कमी जैव-कृषि समाधान को बढ़ावा देने की कोशिशों में बाधा : कृषि आयुक्त..

नई दिल्ली, (भाषा)।

***कृषि आयुक्त पी.के. सिंह ने बुधवार को कहा कि जैविक खेती के लिए जरूरी चीजों - जैसे जैव-उत्प्रेरक से लेकर जैव-कीटनाशक तक ङ्क को बड़े पैमाने पर अपनाने की भारत की महत्वाकांक्षी योजना को प्रशिक्षित कर्मचारियों की कमी के कारण झटका लग सकता है।***



उन्होंने बढ़ते जैव-विनिर्माण क्षेत्र को समर्थन देने के लिए तुरंत कौशल विकास के उपाय करने की बात कही।

उद्योग निकाय बायोलॉजिकल एग्री सॉल्यूशंस एसोसिएशन ऑफइंडिया (बीएएसएआई) द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में सिंह ने कहा कि रासायनिक उर्वरक और कीटनाशक बनाने में लगे कर्मचारियों को सीधे तौर पर जैविक संयंत्र में नहीं लगाया जा सकता।

उन्होंने कहा, ''रासायनिक इंजीनियरों के पास शायद जैविक डिस्टिलेशन या फर्मेंटेशन (किण्वन) प्रणाली के लिए जरूरी विशेषज्ञता न हो।'' उन्होंने इसे एक ढांचागत कमी बताया जिसे भारत के जैव-समाधानों से जुड़े बड़े लक्ष्यों को हासिल करने से पहले ठीक करना जरूरी है।

आयुक्त ने कहा कि सरकार को अब बारीकी से यह तय करना होगा कि इस क्षेत्र को किस तरह के कर्मचारियों की जरूरत होगी ङ्क कितने इंजीनियर, तकनीशियन और सहायक कर्मचारी चाहिए, उनके प्रशिक्षण के मॉड्यूल कैसे होने चाहिए, और कौन से संस्थान ये पाठ्यमक्रम करवाएंगे।

सिंह ने कहा, ''ये कोई सैद्धांतिक सवाल नहीं हैं। कई नीतिगत मंच ने इन्हें उठाया है।'' उन्होंने हाल के वर्षों में कृत्रिम मेधा दक्षता के लिए भारत द्वारा प्रशिक्षण पाइपलाइन तैयार करने का उदाहरण दिया। उन्होंने सुझाव दिया कि यह तरीका जैव-क्षेत्र के लिए भी एक मॉडल बन सकता है।

कर्मचारियों की यह चिंता ऐसे समय में सामने आई है जब भारत प्राकृतिक खेती को बड़े पैमाने पर बढ़ावा दे रहा है। सिंह ने कहा कि भारतीय कृषि उत्पादों को आयात करने वाले देश इस क्षेत्र पर ज्यादा ध्यान दे रहे हैं।

उन्होंने कहा कि 'खेत बचाओ अभियान' जैसी योजनाओं ने शुरू होने के एक महीने के भीतर ही 80 लाख किसानों तक पहुंच बना ली है। यह इस बात का प्रमाण है कि इस क्षेत्र में दबी मांग मौजूद है जिसे पूरा किया जा सकता है।

सिंह ने बताया कि दलहन, कपास और तिलहन से जुड़े सरकारी मिशन को अब इस तरह से फिर से तैयार किया गया है कि उनमें आम तौर पर इस्तेमाल होने वाले रासायनिक के बजाय जरूरत के हिसाब से जैविक समाधान पर जोर दिया जाए। एसएफआईए (सॉल्यूबल फर्टिलाइजर इंडस्ट्री एसोसिएशन) और बीएएसएआई जैसे उद्योग संगठन जमीनी स्तर पर इस बदलाव में मदद कर रहे हैं।

# भारत - ब्रिटेन एफटीए से भारतीय कारोबार, श्रम-प्रधान क्षेत्रों के लिए नए अवसर खुलेंगे: उद्योग जगत

नई दिल्ली, (भाषा)।

***भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) बुधवार से लागू होने के बाद उद्योग संगठनों ने कहा कि यह ऐतिहासिक समझौता ब्रिटेन को होने वाले भारत के लगभग 99 प्रतिशत निर्यात को शून्य शुल्क पर बाजार पहुंच उपलब्ध कराएगा।***



इससे भारतीय कारोबार, खासकर कपड़ा एवं परिधान, चमड़ा एवं जूते-चप्पल तथा रत्न एवं आभूषण जैसे श्रम-प्रधान क्षेत्रों के लिए नए अवसर सृजित होंगे। भारत और ब्रिटेन ने बुधवार से मुक्त व्यापार समझौता लागू कर दिया, जिसके तहत कई भारतीय उत्पादों को ब्रिटेन के बाजार में शून्य आयात शुल्क पर पहुंच मिलेगी। सामाजिक सुरक्षा समझौता भी 15 जुलाई से लागू हो गया है।

भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के महानिदेशक चंद्रजीत बनर्जी ने कहा कि भारत-ब्रिटेन व्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौते (सीईटीए) का लागू होना एक ऐतिहासिक उपलब्धि है, जो द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों को उल्लेखनीय रूप से मजबूत करेगा और भारतीय उद्योग के लिए नए अवसर पैदा करेगा।

उन्होंने कहा, ''भारतीय उद्योग के लिए सीईटीए अवसरों के एक नए युग की शुरुआत है। ब्रिटेन में भारत के 99 प्रतिशत निर्यात को शून्य शुल्क पर बाजार पहुंच मिलने से कपड़ा एवं परिधान, चमड़ा एवं जूते-चप्पल, रत्न एवं आभूषण, समुद्री उत्पाद और प्रसंस्कृत खाद्य जैसे श्रम-प्रधान क्षेत्रों की प्रतिस्पर्धात्मकता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। साथ ही इंजीनियरिंग उत्पाद, वाहन कलपुर्जों, रसायन और अन्य मूल्यवर्धित विनिर्माण क्षेत्रों के लिए भी नए अवसर सृजित होंगे।''

बनर्जी ने कहा कि यह समझौता बेहतर बाजार पहुंच, पारदर्शी नियमों और स्थिर व्यापारिक ढांचे के माध्यम से कारोबार के लिए अधिक निश्चितता भी प्रदान करेगा।

उद्योग मंडल फिक्की के अध्यक्ष अनंत गोयनका ने कहा, ''यह ऐतिहासिक समझौता विकसित भारत के दृष्टिकोण को मजबूती देता है और सतत आर्थिक वृद्धि, वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता तथा अंतरराष्ट्रीय बाजारों के साथ गहरे जुड़ाव की देश की आकांक्षाओं को बल प्रदान करता है।''

गोयनका ने कहा कि विकसित अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में आगे बढ़ रहे भारत के लिए उच्च गुणवत्ता वाली आर्थिक साझेदारियां कारोबारी अवसरों के विस्तार, औद्योगिक क्षमताओं को मजबूत करने और वैश्विक व्यापार एवं निवेश तंत्र में देश की भागीदारी बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

भारती एंटरप्राइजेज के वाइस चेयरमैन राजन भारती मित्तल ने इसे ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए कहा कि यह समझौता व्यापार, निवेश, प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्र में नए अवसर खोलेगा।

एचएसबीसी इंडिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) हितेंद्र दवे ने कहा कि यह समझौता कंपनियों को ÷विश्वास के साथ योजना बनाने और सीमाओं के पार विस्तार करने÷ में मदद करेगा। सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियों के निकाय नैसकॉम के अध्यक्ष राजेश नांबियार ने कहा कि संगठन दोनों सरकारों और उद्योग के साथ मिलकर इस समझौते को व्यापार, निवेश, नवाचार और प्रतिभा सहयोग के जरिये ठोस परिणामों में बदलने के लिए प्रतिबद्ध है।

# बैंकों, एनबीएफसी के लिए आंकड़ों के रखरखाव को और बेहतर बनाने के लिए नियमों का प्रस्ताव

मुंबई, (भाषा)।

***भारतीय रिजर्व बैंक ने बुधवार को प्रस्ताव किया कि उसके नियमन के दायरे में आने वाले बैंकों, गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों और दूसरी संस्थाओं को अपनी जोखिम प्रबंधन रूपरेखा के तहत आंकड़ों से जुड़े जोखिम को प्रबंधित करने के लिए कदम उठाने चाहिए।***




केंद्रीय बैंक ने आंकड़ों के रखरखाव, भूमिकाओं, ढांचा, आंकड़ों से जुड़ी जानकारी, गुणवत्ता और आंकड़े साझा करने से संबंधित तीसरे पक्ष की व्यवस्था के बारे में दिशानिर्देश का मसौदा जारी किया है। वित्तीय क्षेत्र में बढ़ते डिजिटलीकरण और प्रौद्योगिकी आधारित व्यापार मॉडल को अपनाने के साथ, आंकड़े बैंक और एनबीएफसी के लिए एक जरूरी परिसंपत्ति बन गये हैं।

आरबीआई ने नियमों के मसौदे में कहा कि जैसे-जैसे आंकड़े की मात्रा, विविधता और गति बढ़ती जा रही है, ऐसे में यह जरूरी है कि आंकड़ें सभी प्रणाली में सही, एक जैसा, सुरक्षित और काम के लायक बना रहे। इसके लिए प्रभावी आंकड़ा रखरखाव व्यवस्था जरूरी हो गयी है।

केंद्रीय बैंक ने कहा कि आंकड़ों के रखरखाव और इसके प्रबंधन में कमियों से बैंक और एनबीएफसी के लिए बड़े वित्तीय, परिचालन, अनुपालन और साख को लेकर जोखिम पैदा हो सकते हैं।

दिशानिर्देशों के मसौदे में कहा गया, ''बैंक, एनबीएफसी को कुल मिलाकर अपने जोखिम प्रबंधन रूपरेखा के हिस्से के तौर पर आंकड़ा जोखिम को प्रबंधित करने के लिए कदम उठाने चाहिए।''

इसमें आंकड़ों से जुड़े जोखिमों की पहचान, आकलन, निगरानी और प्रबंधन के लिए आंकड़ों की विशेषता, आंकड़ा स्रोत (बाहरी और आंतरिक), आंकड़ा गुणवत्ता, आंकड़ा वर्गीकरण और बड़े आंकड़ों के नजरिये की पहचान शामिल होनी चाहिए। मसौदे में यह भी प्रस्ताव है कि बैंकों और एनबीएफसी को कार्यकारी स्तर की आंकड़ा रखरखाव समिति बनानी चाहिए या यह जिम्मेदारी किसी मौजूदा कार्यकारी समिति को सौंपनी चाहिए।

बैंक, एनबीएफसी के निदेशक मंडल को आंकड़ा रखरखाव रूपरेखा (डीजीएफ) की देखरेख करनी चाहिए और उसके सामने रखी गई रिपोर्ट की समीक्षा करनी चाहिए। साथ ही, डीजीएफ की समीक्षा सालाना या जरूरत के हिसाब से उससे अधिक बार की जानी चाहिए। रिजर्व बैंक ने दिशानिर्देशों मसौदे पर 17 अगस्त तक संबंधित पक्षों से टिप्पणियां मांगी है।

# गौतम अदाणी का अमेरिकी अदालत में हलफनामा, आरोप हटाने के पीछे कोई सौदा या समझौता नहीं..

नई दिल्ली, (भाषा)।

***अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी ने इस बात से इनकार किया है कि उनके खिलाफ आपराधिक आरोपपत्र को खारिज करने के अमेरिकी न्याय विभाग के फैसले के पीछे कोई वादा, समझौता या सौदा था।***

इसके साथ ही अमेरिकी अदालत में दाखिल हलफनामे में उन्होंने कहा है कि उन्हें इस संबंध में किसी भी तरह के लेन-देन की जानकारी नहीं है। यह हलफनामा अमेरिका में न्यूयॉर्क के पूर्वी जिले की जिला अदालत के न्यायाधीश निकोलस गराउफिस के निर्देश पर दाखिल किया गया है। जिला न्यायाधीश ने आठ जुलाई को अदाणी से शपथ लेकर यह स्पष्ट करने को कहा था कि क्या आरोपों को वापस लेने के फैसले के संबंध में उन्हें किसी प्रस्ताव, समझौते या लाभ की जानकारी है।

अदाणी ने अपने हलफनामे में कहा है कि उन्हें 'किसी भी तरह के वादे, पेशकश, मांग, प्राप्ति, सहमति या स्वीकार' के बारे में कोई जानकारी नहीं है। उन्होंने इस बात से भी इनकार किया कि आरोप हटाने के बदले में किसी मूल्यवान चीज के आदान-प्रदान से जुड़ा कोई समझौता हुआ था। अमेरिकी न्याय विभाग ने वर्ष 2024 में तत्कालीन जो बाइडेन प्रशासन के दौरान दायर आरोपों को वापस लेने का अदालत से अनुरोध किया था। इन आरोपों में अदाणी और सात अन्य पर भारत में बिजली आपूर्ति अनुबंध हासिल करने के लिए करीब 25 करोड़ डॉलर की रिश्वत देने और अमेरिकी बाजारों में पूंजी जुटाते समय निवेशकों को गुमराह करने का आरोप लगाया गया था।



अदाणी की तरफ से अमेरिकी प्रशासन के लगाए सभी आरोपों को खारिज किया जा चुका है।

अदाणी ने अपने हलफनामे में कहा है कि उनके समूह की अमेरिका में 10 अरब डॉलर निवेश की योजना 13 नवंबर, 2024 को सार्वजनिक की गई थी, जो आरोपपत्र सार्वजनिक होने से पहले की है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस निवेश योजना का आरोप हटाने के निर्णय से कोई संबंध नहीं है।

शपथ-पत्र के मुताबिक, अदाणी की कानूनी सलाहकार फर्म सुलिवन एंड क्रॉमवेल एलएलपी ने न्याय विभाग और प्रतिभूति एवं विनिमय आयोग (एसईसी) के अधिकारियों के साथ बैठकें कीं और विस्तृत दस्तावेज प्रस्तुत किए। हालांकि, बाद में विभाग ने स्पष्ट किया कि निवेश प्रस्ताव को मामले के निपटान निर्णय में शामिल नहीं किया जाएगा।

इससे पहले चार जुलाई को दायर एक हलफनामे में न्याय विभाग ने मीडिया में आई उन खबरों को खारिज किया था, जिनमें मामले को खत्म करने को निवेश प्रतिबद्धताओं से जोड़ा गया था। विभाग ने कहा था कि अभियोजन कानूनी और साक्ष्य संबंधी चुनौतियों का सामना कर रहा था, क्योंकि कथित घटनाएं मुख्य रूप से भारत में हुई थीं, निवेशकों को नुकसान का कोई प्रमाण नहीं था और मामला भारत में भी जांच के दायरे में है।

विभाग के वरिष्ठ अधिकारी आर. ट्रेंट मैककॉटर ने अदालत को बताया था कि आरोप हटाने का फैसला उन्होंने स्वतंत्र रूप से लिया और इसका किसी निवेश प्रस्ताव से कोई संबंध नहीं था। उन्होंने कहा कि प्रतिभूति धोखाधड़ी का मामला कानूनी रूप से टिकने लायक नहीं था और आरोपियों के अमेरिकी अदालत में पेश होने की संभावना भी कम थी।

हालांकि, न्यायाधीश गराउफिस ने कहा था कि विभाग के ताजा हलफनामे से पहली बार यह संभावना सामने आई कि किसी तरह का समझौता हो सकता था, जबकि अदालत को कोई जानकारी नहीं दी गई। उन्होंने कहा कि आरोप हटाने के अनुरोध को मंजूरी देने से पहले यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि इस निर्णय के पीछे के कारण वास्तविक हैं और कोई 'अज्ञात' समझौता इसमें शामिल नहीं है।

उल्लेखनीय है कि नवंबर, 2024 में आरोप सार्वजनिक होने के बाद अदाणी समूह के शेयरों में तेज गिरावट आई थी और चार कारोबारी सत्रों में ही करीब 2.85 लाख करोड़ रुपये का बाजार पूंजीकरण घट गया था। अमेरिकी अदालत अब न्याय विभाग के आरोपों को स्थायी रूप से खारिज करने के अनुरोध पर निर्णय लेने से पहले सभी पक्षों की दलीलों पर विचार कर रही है।

# सेमीकंडक्टर, मोबाइल विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए 1.9 लाख करोड़ रुपये की योजनाओं को मंजूरी

नई दिल्ली, (भाषा।)।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को देश में सेमीकंडक्टर परिवेश को मजबूत बनाने, मोबाइल फोन का उत्पादन बढ़ाने और वैश्विक इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण केंद्र के तौर पर स्थिति मजबूत करने के लिए लगभग 1.9 लाख करोड़ रुपये के व्यय वाली दो बड़े विनिर्माण कार्यक्रमों को मंजूरी दी। सरकार ने सेमीकंडक्टर डिजाइन और विनिर्माण क्षमता को बढ़ाने के लिए 1.27 लाख करोड़ रुपये के 'सेमीकॉन 2.0' कार्यक्रम को मंजूरी दी है। इसके साथ ही, मोबाइल फोन का घरेलू उत्पादन बढ़ाने, निर्यात को बढ़ावा देने और स्थानीय मूल्य सृजन को मजूबूत करने के मकसद से 62,500 करोड़ रुपये की 'मोबाइल फोन विनिर्माण' योजना को भी मंजूरी दी गई है।

सेमीकंडक्टर कार्यक्रम 'इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन' के पहले चरण पर आधारित है। यह छह मुख्य क्षेत्रों... चिप डिजाइन, सेमीकंडक्टर उपकरण और सामग्री, फैब्रिकेशन सुविधाएं, अत्याधुनिक पैकेजिंग और परीक्षण, शोध और विकास तथा प्रतिभा विकास पर ध्यान देगा।

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''इस कार्यक्रम के अंत तक हम स्वदेशी चिप के उत्पादन में आत्मनिर्भर हो जाएंगे।'' सरकार को उम्मीद है कि नई योजना से लगभग चार लाख करोड़ रुपये का निवेश आएगा और योजना अवधि के दौरान दो लाख करोड़ रुपये मूल्य का सेमीकंडक्टर उत्पादन होगा। वैष्णव ने कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 62,500 करोड़ रुपये की 'मोबाइल फोन विनिर्माण योजना' को भी मंजूरी दी है। इसके तहत वित्त वर्ष 2026-27 से 2030-31 तक यानी पांच वर्षों के लिए विनिर्माताओं को उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) दिए जाएंगे। पात्र मोबाइल फोन की बिक्री पर प्रोत्साहन 2.25 प्रतिशत से पांच प्रतिशत तक होंगे। साथ ही मुख्य कलपुर्जे की घरेलू खरीद और उत्पाद डिजाइन और शोध में निवेश करने वाली भारतीय कंपनियों के लिए अतिरिक्त सहायता भी दी जाएगी। सरकार को उम्मीद है कि मोबाइल फोन योजना से योजना अवधि के दौरान लगभग 39 लाख करोड़ रुपये का कुल उत्पादन होगा, निर्यात में उल्लेखनीय वृद्धि होगी और लगभग 60,000 प्रत्यक्ष नौकरियां सृजित होंगी।



भारत मोबाइल फोन विनिर्माण के मामले में दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा देश बन गया है। अब देश में उपयोग होने वाले 99.2 प्रतिशत मोबाइल फोन यहीं बनते हैं। 2025 में मोबाइल फोन भारत का सबसे अधिक निर्यात होने वाला उत्पाद बन गया। इसने डीजल और तराशे हुए हीरों जैसे पारंपरिक निर्यात वस्तुओं को पीछे छोड़ दिया। सेमीकॉन 2.0 का मकसद सेमीकंडक्टर बौद्धिक संपदा, वाणिज्यिक और रणनीतिक चिप डिजाइन और विभिन्न क्षेत्रों में जरूरी महत्वपूर्ण कलपुर्जे बनाने की क्षमता को बढ़ावा देना है। यह कार्यक्रम सेमीकंडक्टर मशीनरी, सामग्री, रसायन और गैस बनाने वाली कंपनियों को मदद देगा और साथ ही भारत में और फैब्रिकेशन संयंत्र लाने की कोशिश करेगा।

मंत्रिमंडल बैठक के बाद जारी आधिकारिक बयान में कहा गया कि इस पहल से आपूर्ति श्रृंखला मजबूत होगी और भारत को सेमीकंडक्टर डिजाइन और विनिर्माण के प्रमुख केंद्र के तौर पर स्थापित करने में मदद मिलेगी। उम्मीद है कि देश की पहली सेमीकंडक्टर फैब्रिकेशन इकाई 2028 में काम करना शुरू कर देगी। इस कार्यक्रम का मकसद असेंबली, परीक्षण, मार्किंग और पैकेजिंग और आउटसोर्स्ड सेमीकंडक्टर असेंबली एंड टेस्ट क्षमताओं को बढ़ाना और साथ ही अत्याधुनिक चिप प्रौद्योगिकी पर शोध को आगे बढ़ाना भी है। भारत के सेमीकंडक्टर क्षेत्र पर जोर देने से 12 विनिर्माण परियोजनाओं को मंजूरी मिल चुकी है। इन परियोजनाओं में कुल मिलाकर 1.64 लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश होगा। सरकार ने कहा कि 2014-15 के बाद से इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण में काफी वृद्धि हुई है। उत्पादन सात गुना और निर्यात 11 गुना बढ़ गया है। इसमें 'मेक इन इंडिया' पहल के तहत मोबाइल फोन विनिर्माण का बड़ा योगदान है। सेमीकंडक्टर और मोबाइल विनिर्माण के ये कार्यक्रम भारत की उस बड़ी रणनीति का हिस्सा हैं, जिसका मकसद प्रमुख प्रौद्योगिकी में घरेलू क्षमताएं बनाना, आयात पर निर्भरता कम करना और वैश्विक इलेक्ट्रॉनिक आपूर्ति श्रृंखला में मजबूती के साथ एकीकृत होना है।

# एफटीए लागू होने के दिन भारत ने ब्रिटेन को 14 करोड़ डॉलर का निर्यात किया..

नई दिल्ली, (भाषा)।

***वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने बुधवार को कहा कि भारत-ब्रिटेन व्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौते (सीईटीए) के लागू होने के पहले दिन भारत ने ब्रिटेन को 14 करोड़ डॉलर का शून्य-शुल्क पर निर्यात किया है।***



अग्रवाल ने इसे दो बड़ी और एक-दूसरे की पूरक अर्थव्यवस्थाओं के लिए लाभकारी समझौता बताते हुए कहा कि यह भारत के अब तक के सबसे महत्वाकांक्षी व्यापार समझौतों में से एक है।

उन्होंने कहा कि इस व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के लिए 14 दौर की औपचारिक वार्ताओं में 800 से अधिक तकनीकी सत्र आयोजित किए गए। सीईटीए के तहत भारत के लगभग 99 प्रतिशत निर्यात को ब्रिटेन के बाजार में शून्य-शुल्क पहुंच मिली है। इनमें चमड़ा, जूते, वस्त्र, मशीनरी, प्लास्टिक, धातु, समुद्री उत्पाद और रत्न एवं आभूषण जैसे क्षेत्र शामिल हैं, जिन्हें पहले दो से 16 प्रतिशत तक आयात शुल्क का सामना करना पड़ता था।

सरकारी खरीद के प्रावधानों के तहत भारतीय कंपनियों को ब्रिटेन के करीब 90 अरब पाउंड के सरकारी खरीद बाजार तक कानूनी पहुंच मिलेगी, जबकि भारत ने भी ब्रिटेन को लगभग 114 अरब डॉलर के अवसर प्रदान किए हैं।

मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव दर्पण जैन ने कहा कि भारत के सूक्ष्म, लघु और मझोले उद्यमों (एमएसएमई) के हितों की रक्षा के लिए इस समझौते में पर्याप्त रक्षोपाय किए गए हैं और राज्यों के स्तर पर सरकारी खरीद के प्रावधान लागू नहीं होंगे।

जहां तक कार्बन सीमा समायोजन प्रणाली (सीबीएएम) का सवाल है तो इस पर दोनों देशों के बीच बातचीत जारी है। एक अधिकारी ने कहा कि यदि भविष्य में ब्रिटेन का कार्बन कर भारतीय निर्यात को प्रभावित करता है, तो भारत आवश्यक समायोजन करेगा।

इसके साथ ही सरकार ने स्पष्ट किया कि बौद्धिक संपदा अधिकार, श्रम, पर्यावरण और लघु उद्योग से जुड़े प्रावधान भारत की नीतिगत स्वतंत्रता को प्रभावित नहीं करते और इन पर कोई बाध्यकारी विवाद निपटान प्रावधान नहीं है।

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



जग प्रेरणा
लांजी किरनापुर हट्टा
● भानेगांव ● मोहझरी ● बोलेगांव ● रिसेवाड़ा ● बहेला ● साडरा ● हिर्री ● रजेगांव

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# थाना किरनापुर पुलिस ने किया 'नशे से दूरी है जरूरी 2.0' अभियान का शुभारंभ..







जगप्रेरणा किरनापुर।

***बालाघाट पुलिस अधीक्षक श्री आदित्य मिश्रा के कुशल नेतृत्व एवं कुशल कार्य योजना के तहत आज दिनांक 15 जुलाई से 'नशे से दूरी है जरूरी2.0' अभियान का शुभारंभ संपूर्ण बालाघाट जिले के***

प्रत्येक थानों व पुलिस इकाइयों से किया गया यह अभियान पुलिस मुख्यालय मध्य प्रदेश पुलिस महानिदेशक श्री कैलाश मकवाना जी के दिशा दिशा निर्देशन में संपूर्ण मध्य प्रदेश में 15 जुलाई से 30 जुलाई तक चलाया जाएगा ।

इसी क्रम में थाना किरनापुर थाना प्रभारी राजकुमार चौधरी एवं समस्त पुलिस थाना स्टाफ द्वारा नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान का शुभारंभ थाना परिसर किरनापुर से किया जाकर समस्त पुलिस स्टाफ को नशा मुक्ति शपथ दिलाई जाकर किया गया तथा थाना प्रभारी एवं पुलिस स्टाफ द्वारा कस्बा किरनापुर मैं भ्रमणकर आम नागरिकों तथा शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में जाकर स्कूली बच्चों से मुलाकात व संवाद कर उन्हें इस अभियान से संबंधित पोस्टर बैनर एवं पंपलेट वितरित किए जाकर नशे से होने वाले दुष्प्रभावों इसकी रोकथाम नशे से होने वाली बीमारियां आपसी लड़ाई झगड़ा नशे में होने वाली सड़क दुर्घटनाएं नशे की रोकथाम के उपाय पुलिस सहयोग, अवैध गतिविधियों की सूचना पुलिस को देने तथा इसकी जन जागरूकता संबंधी इत्यादि सभी विषयों पर जानकारी स्कूली छात्र-छात्राओं को स्कूल शिक्षकों की उपस्थिति में दी गई एवं नशा मुक्ति संबंधी शपथ दिलाई गई तथा प्रत्येक छात्र- छात्रों स्कूली स्टाफ तथा आम नागरिकों से इस अभियान से जुड़ने एवं इसके व्यापक प्रचार प्रसार करने की अपील की गई ताकि एक नशा मुक्त समाज नशा मुक्त बालाघाट मध्य प्रदेश बनाने के इस प्रयास तथा नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान को सफल बनाया जा सके।

# पोस्ट ऑफिस में आई 3 आइरिस मशीनें, आधार कार्ड सेवाओं में मिलेगी राहत..






जगप्रेरणा लांजी।

***आखिरकार आधार सेवाओं पर छाया तकनीकी संकट समाप्त हो गया। पिछले कई दिनों से आइरिस (आंखों की बायोमेट्रिक) मशीन खराब होने के कारण ठप पड़ी आधार सेवाएं अब पूरी तरह पटरी पर लौट आई हैं।***

लांजी नगर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों के लोगों के लिए यह बड़ी राहत की खबर है, क्योंकि अब आधार कार्ड बनवाने अथवा उसमें संशोधन कराने के लिए महाराष्ट्र या अन्य शहरों के चक्कर लगाने की मजबूरी समाप्त हो गई है। डाक विभाग के अधिकारियों की तत्परता और स्थानीय पोस्ट ऑफिस की सक्रिय पहल से जिला मुख्यालय से तीन नई आइरिस मशीनें उपलब्ध करा दी गई हैं, जिससे आधार केंद्र में कार्य पहले की तरह नियमित और व्यवस्थित रूप से शुरू हो गया है।

## तकनीकी खराबी बनी थी बड़ी परेशानी..

लांजी के मुख्य डाकघर में संचालित आधार सेवा केंद्र में आइरिस स्कैनिंग मशीन खराब होने के कारण आधार से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण कार्य प्रभावित हो रहे थे। आंखों के बायोमेट्रिक सत्यापन के बिना नए आधार पंजीयन, बच्चों के आधार, वरिष्ठ नागरिकों के बायोमेट्रिक अपडेट तथा अन्य कई जरूरी प्रक्रियाएं पूरी नहीं हो पा रही थीं। प्रतिदिन दूर-दराज के गांवों से पहुंचने वाले लोग घंटों इंतजार करने के बाद मायूस होकर लौट रहे थे। स्थिति लगातार गंभीर होती जा रही थी। स्थानीय स्तर पर सुविधा उपलब्ध नहीं होने के कारण अनेक नागरिकों को मजबूरन महाराष्ट्र सीमा के आधार केंद्रों अथवा अन्य शहरों का रुख करना पड़ रहा था। एक छोटे से तकनीकी अवरोध ने आम लोगों का समय, श्रम और अतिरिक्त धन तीनों खर्च करा दिए। खासकर ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के लिए यह परेशानी और भी अधिक बढ़ गई थी।

## अधिकारियों ने दिखाई तत्परता, तीन नई मशीनें हुईं उपलब्ध..

जनसुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए लांजी पोस्ट ऑफिस के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने समस्या को गंभीरता से लिया। जिला मुख्यालय से तत्काल संपर्क स्थापित कर प्राथमिकता के आधार पर एक या दो नहीं, बल्कि तीन नई आइरिस मशीनें उपलब्ध कराई गईं। मशीनों की स्थापना के साथ ही आधार सेवा केंद्र में सभी आवश्यक सेवाएं पुनः सुचारू रूप से प्रारंभ हो गईं। अब आधार कार्ड बनवाने, बायोमेट्रिक अपडेट कराने और अन्य संशोधन कार्य बिना किसी व्यवधान के किए जा रहे हैं। सिर्फ तकनीकी समस्या का समाधान ही नहीं किया गया, बल्कि आधार केंद्र की व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी भी बनाया गया है।

## अब स्थानीय स्तर पर मिलेगी पूरी सुविधा..

केंद्र में आधार सेवाओं के लिए निर्धारित शासकीय शुल्क तथा आवश्यक दस्तावेजों की विस्तृत सूची स्पष्ट रूप से प्रदर्शित कर दी गई है, ताकि किसी भी नागरिक को जानकारी के अभाव में परेशानी न उठानी पड़े। वहीं केंद्र में मौजूद कर्मचारी भी प्रत्येक आवेदक को पूरी प्रक्रिया विनम्रतापूर्वक समझाकर आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान कर रहे हैं।

केंद्र में कार्यरत कर्मचारी ने बताया की तीन नई आइरिस मशीनें उपलब्ध होने के बाद लांजी पोस्ट ऑफिस का आधार सेवा केंद्र एक बार फिर पूरी क्षमता के साथ कार्य कर रहा है। अब नागरिकों को छोटे-छोटे कार्यों के लिए दूसरे जिलों या महाराष्ट्र की ओर नहीं जाना पड़ेगा। स्थानीय स्तर पर ही सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध होने से लोगों को समय और धन दोनों की बचत होगी।

# साडरा में विद्युत व्यवस्था चरमराई, 5 वार्डो में छाया अंधेरा, पढ़ाई, पेयजल आपूर्ति और आवश्यक प्रक्रिया प्रभावित..



जगप्रेरणा लांजी।

***बरसात के मौसम में जहां बिजली की निर्बाध आपूर्ति सबसे बड़ी आवश्यकता होती है, वहीं जनपद क्षेत्र लांजी अंतर्गत ग्राम पंचायत साडरा के वार्ड क्रमांक 1 से 5 तक के***

करीब 52 परिवार पिछले लगभग तीन सप्ताह से बिजली संकट से जूझ रहे हैं। गांव में लगा 100 केवी का ट्रांसफार्मर जल जाने के बाद से क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। विभाग द्वारा वैकल्पिक व्यवस्था तो की गई है, लेकिन उससे न तो पर्याप्त वोल्टेज मिल पा रहा है और न ही नियमित बिजली आपूर्ति हो रही है। ऐसे में ग्रामीणों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। लगातार बनी इस समस्या के कारण लोगों में विद्युत विभाग के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है और ग्रामीण जल्द से जल्द नया ट्रांसफार्मर लगाए जाने की मांग कर रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार ट्रांसफार्मर खराब होने के बाद से बिजली व्यवस्था केवल नाम मात्र की रह गई है। कम वोल्टेज और बार-बार बिजली गुल रहने से घरों में लगे विद्युत उपकरण ठीक से नहीं चल पा रहे हैं। शाम होते ही अंधेरा छा जाता है, जिससे छोटे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। पेयजल व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है, क्योंकि अधिकांश लोग बिजली से संचालित मोटरों के माध्यम से पानी की व्यवस्था करते हैं। ग्रामीणों ने बताया की उक्त समस्या को लेकर उन्होने विद्युत विभाग के हेल्प लाईन नंबर 1912 में भी शिकायत दर्ज कराई है परंतु समस्या जस की तस बनी हुई है।

## तीन सप्ताह के बाद भी समस्या का स्थायी समाधान नहीं..

ग्रामीण राजेंद्र भास्कर, वीरेंद्र घोरमारे, देवेंद्र वशिष्ठ, भोजराज भोंगड़े, जितेंद्र बोपचे, विजय रणदीवे एवं अंशुमन खोबरागड़े ने बताया कि तीन सप्ताह से अधिक समय बीत जाने के बाद भी समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पाया है। उन्होंने कहा कि बिजली नहीं होने से दैनिक दिनचर्या के सभी कार्य प्रभावित हो रहे हैं। व्यापारिक प्रतिष्ठानों का कामकाज प्रभावित हो रहा है, वहीं कृषि कार्यो में भी किसानों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। खेतों में सिंचाई सहित अन्य जरूरी कार्य समय पर नहीं हो पा रहे हैं, जिससे किसानों की चिंता बढ़ गई है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार विभागीय अधिकारियों को समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक नया ट्रांसफार्मर नहीं लगाया गया। उनका कहना है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो ग्रामीण सामूहिक रूप से विभाग के खिलाफ आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

## नगरीय क्षेत्र में भी बुरा हाल..

इधर, केवल साडरा ही नहीं बल्कि नगरीय क्षेत्र लांजी के लोग भी इन दिनों लगातार हो रही बिजली कटौती से परेशान हैं। नगर में प्रतिदिन कई-कई घंटों तक बिजली बंद रहने से आमजन को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का आरोप है कि विभाग द्वारा हर बार 'लोड बढ़ने' का हवाला देकर बिजली काट दी जाती है। इससे घरेलू कार्यों के साथ-साथ दुकानदारों, छोटे व्यापारियों एवं अन्य व्यवसायों पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती से लोगों में असंतोष बढ़ रहा है।

## बोले ललित मार्को..

वर्तमान में पावर हाउस में लोड बढ़ने के कारण इस प्रकार की समस्या उत्पन्न हो रही है। विभाग द्वारा स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है और शीघ्र ही इसका समाधान निकाल लिया जाएगा। उन्होंने ग्राम पंचायत साडरा के संबंध में बताया कि वहां 100 केवी का ट्रांसफार्मर जल जाने की जानकारी विभाग को है। ट्रांसफार्मर बदलने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है और दो से तीन दिनों के भीतर नया ट्रांसफार्मर स्थापित कर विद्युत आपूर्ति सामान्य कर दी जाएगी।

# 'नशे से दूरी है जरूरी 2.0' अभियान का शुभारंभ, पुलिस ने विद्यार्थियों को दिलाया नशामुक्ति का संकल्प..







जगप्रेरणा लांजी।

***भारत को वर्ष 2030 तक नशामुक्त बनाने के लक्ष्य को लेकर मध्यप्रदेश शासन एवं पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार जिले में 'नशे से दूरी है जरूरी 2.0' विशेष जनजागरूकता***

अभियान का शुभारंभ किया गया। अभियान का राज्यस्तरीय शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल के रवीन्द्र भवन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया। तो वही जिले यह शुभारंभ पुलिस महानिरीक्षक बालाघाट जोन ललित शाक्यवार, पुलिस उपमहानिरीक्षक विनीत कुमार जैन, कलेक्टर मृणाल मीना तथा पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकरियों की उपस्थित में किया गया तथा पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा के निर्देशन में यह अभियान 15 जुलाई से 30 जुलाई 2026 तक पूरे जिले में संचालित किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य युवाओं, विद्यार्थियों एवं आमजन को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना, नशामुक्त समाज की स्थापना के लिए जनसहभागिता बढ़ाना तथा समाज के प्रत्येक वर्ग को इस जनआंदोलन से जोड़ना है। अभियान को लेकर लांजी थाना प्रभारी मुकेश दुवोलिया ने बताया कि नशे से दुरी है जरूरी अभियान में सभी की सहभागिता, सभी नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं, शिक्षण संस्थानों तथा युवाओं से अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने और 'नशे से दूरी है जरूरी 2.0' को जन-जन तक पहुंचाकर नशामुक्त, स्वस्थ एवं सुरक्षित समाज के निर्माण में सहयोग करने की अपील की है। लांजी थाना प्रभारी के नेतृत्व में समस्त पुलिस अधिकारी कर्मचारी नगर में संचालित सरस्वती शिशु मंदिर एवं बिसोनी में संचालित पाली अकादमिक विद्यालय पंहुचकर उपस्थित छात्र छात्राओं को नशे से संबधी जानकारी दी गई कि कैसे लोग नशे के आदि होकर अपराध तक की दुनिया में प्रवेश कर लेते है। नशा हर तरह से हानिकारक है। हमे संकल्प लेना चाहिये तथा अपनें आस पास के लोगो को भी नशे से दुर रहने की सलाह देवें लांजी थाना प्रभारी एस आई मुकेश दुवोलिया ने अभियान को लेकर कहा कि 'नशे से दूरी ही जीवन की सबसे बड़ी सुरक्षा है।

नशा केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही नहीं, बल्कि उसके परिवार, शिक्षा, करियर और पूरे समाज को प्रभावित करता है। विद्यार्थी देश का भविष्य हैं, इसलिए अभी से सही संगति और अच्छे संस्कार अपनाना बहुत जरूरी है। यदि कोई भी व्यक्ति नशे की लत में फंसा है तो उसे छोड़ने के लिए परिवार, समाज और प्रशासन सभी का सहयोग लेना चाहिए। बालाघाट पुलिस द्वारा चलाया जा रहा 'नशे से दूरी है जरूरी 2.0' अभियान इसी उद्देश्य से संचालित किया जा रहा है कि हर युवा नशामुक्त होकर अपने उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करे। मैं सभी विद्यार्थियों से अपील करता हूं कि वे स्वयं नशे से दूर रहें और अपने परिवार व मित्रों को भी इसके दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करें।'

# स्वास्थ्य सुविधा के क्षेत्र में नया सोपान, एस एस हॉस्पिटल का आज होगा भव्य शुभारंभ..




जगप्रेरणा लांजी।

**क्षेत्र के नागरिकों को अब बेहतर और आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए बड़े शहरों की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी। स्वास्थ्य सुविधाओं के क्षेत्र में एक नया सोपान आज शुभारंभ होने जा रहा है।**

सांवरिया सेठ जनकल्याण समिति द्वारा संचालित एस.एस. हॉस्पिटल (सांवरिया सेठ हॉस्पिटल) का भव्य शुभारंभ आज 16 जुलाई 2026, दिन गुरुवार को प्रातः 10.30 बजे से दखनीटोला मार्ग मस्जिद के सामने होने जा रहा है। अस्पताल का निर्माण दखनीटोला रोड, लांजी में किया गया है। अस्पताल के सचिव सचिन अग्रवाल ने बताया कि हमारा संकल्प आपका स्वास्थ्य हमारी प्राथमिकता के ध्येय वाक्य के साथ यह अस्पताल क्षेत्र में चिकित्सा के क्षेत्र में नए मापदंड स्थापित करेगा। अस्पताल में 24 घंटे आपातकालीन चिकित्सा सेवा और रोगी वाहन (एम्बुलेंस) की सुविधा उपलब्ध रहेगी। इसके अलावा सर्वसुविधायुक्त जांच प्रयोगशाला (पैथोलॉजी लैब) और आधुनिक उपकरणों के जरिए रोगियों की संपूर्ण देखभाल की जाएगी।

## विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ डॉक्टर देंगे सेवाएं....

अस्पताल में क्षेत्र के मरीजों को उच्च स्तरीय परामर्श देने के लिए अनुभवी डॉक्टरों की टीम उपलब्ध रहेगी। इसमें डॉ. एल.एल. बजाज (मास्टर ऑफमेडिसिन) जो कि मधुमेह, हृदय रोग एवं गंभीर चिकित्सा (क्रिटिकल केयर) विशेषज्ञ हैं, प्रत्येक माह के चौथे रविवार को सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक अपनी सेवाएं देंगे। उनके साथ ही लंदन से प्रशिक्षित डॉ. धीरज परिहार (मास्टर ऑफ सर्जरी) जो कि दूरबीन विधि द्वारा मस्तिष्क एवं रीढ़ की हड्डी (एण्डोस्कोपिक ब्रेन एवं स्पाइन) के विशेषज्ञ सर्जन हैं, हर रविवार को सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक उपलब्ध रहेंगे। डॉ. अर्चना लिल्हारे (स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ) हर मंगलवार को सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक मरीजों की जांच करेंगी।

वहीं जनरल सर्जरी के विशेषज्ञ डॉ. शुभम लिल्हारे (मास्टर ऑफसर्जरी) भी हर मंगलवार को सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे। इसके अतिरिक्त और भी विशेषज्ञ डाक्टर्स को अस्पताल प्रबंधन के द्वारा आमंत्रित किया गया है जो कि सप्ताह या माह में उक्त अस्पताल में उपस्थित होकर मरीजो की सेवा करते दिखाई देंगे।

## प्रतिदिन उपलब्ध रहने वाले चिकित्सक..

अस्पताल में नियमित ओपीडी सेवाओं के लिए डॉ. शकील अहमद (होम्योपैथिक चिकित्सा एवं चिकित्सा प्रयोगशाला तकनीक डिप्लोमाधारी) तथा डॉ. राधा कनौजिया जनरल फिजिशियन) के रूप में प्रतिदिन सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक और शाम 4 बजे से रात्रि 7 बजे तक मरीजों के इलाज के लिए उपलब्ध रहेंगे। इसके अतिरिक्त डॉ सुचीता ऐड़े, डॉ देवेश ऐड़े सहित अन्य डाक्टर्स रोजाना सेवाऐं देते इस हास्पिटल में दिखाई देंगे।

## सचिन अग्रवाल ने की अपील..

सांवरिया सेठ हॉस्पिटल के सचिव, नगर के प्रतिष्ठित व्यापारी एवं समाज सेवी सचिन अग्रवाल ने क्षेत्र के समस्त जनों से अपील की है कि हमारा प्रयास है हम लांजी में एक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाऐं प्रदान कर सके। हम मरीज की हर सुविधा का यह ख्याल रखने की कोशिश की जायेगी।

बेहतर स्वास्थ्य लाभ पंहुचाना हमारा कर्तव्य भी होगा और हमारी प्राथमिकता भी होगी। आप सभी की शुभकामनाओं के साथ आज हॉस्पिटल का भव्य शुभारंभ किया जा रहा है आप सभी उपस्थित होकर आशिर्वाद प्रदान करे।

# लांजी के लाल को मिला प्रमोशन, चन्द्रकिशोर सिरामे के डीएसपी बनने पर समाज ,परिवार मित्रों ने दी बधाईयां..



जगप्रेरणा लांजी।

लांजी नगर के वार्ड क्रमांक 3 निवासी श्रीमती पुष्पा छोटेलाल सिरामे के पुत्र चंद्रकिशोर सिरामे को उल्लेखनीय सफलता मिली है। लखनवाड़ा सिवनी थाना प्रभारी के रूप में तीन वर्ष से अधिक समय तक सेवा देने के बाद उन्हें उप पुलिस अधीक्षक (डीएसपी) पद पर पदोन्नति प्राप्त हुई है। मंगलवार, 14 जुलाई को सिवनी एसपी ने उनके कंधों पर सितारे सजाकर इस उपलब्धि को औपचारिक रूप दिया।

अपने कार्यकाल के दौरान चंद्रकिशोर सिरामे ने अपराध नियंत्रण, जनसुनवाई, सामुदायिक पुलिसिंग और मधुर व्यवहार के माध्यम से पुलिस और जनता के बीच विश्वास की मजबूत नींव रखी। उनकी कार्यशैली ने उन्हें आमजन के बीच विशेष पहचान दिलाई। पदोन्नति की इस उपलब्धि से न केवल उनके परिवार में हर्ष का वातावरण है, बल्कि पूरे लांजी नगर में गर्व और उत्साह का माहौल है। यह सफलता उनकी ईमानदार सेवा और समर्पण का परिणाम है, जो क्षेत्र के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनेगी।

इस सफलता पर लता कोमल गुरदे, अर्चना युगलकिशोर सिरामें, तुलसी श्यामकिशोर, बीएल घरते, एमएल हनोते, एसआर धारने, टीआर बागडे, आकाश जामुरे, प्रियांशु गुरदे, भूपांशु गुरदे, मित्र मंडली डां. प्रकाश नगपुरे, महेन्द्र गुरदे, मोरध्वज गुरदे, रविन्द्र घोरमारे, महेश उमरे, विरेन्द्र घोरमारे, योगेश वराडे, मानिक ढेकवारे, चुनेन्द्र ठाकरे, संजीव उपाध्याय, राजेश मेहर, योगेश घरते तथा माना समाज उत्थान समिति लांजी, माना युवा प्रकोष्ठ खंड लांजी के समस्त पदाधिकारियों क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने बधाई प्रेषित किए हैं।

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# 'नशे से दूरी है जरूरी' का संदेश लेकर सड़कों पर उतरी परसवाड़ा पुलिसः छात्रों संग निकाली रैली..

## 30 जुलाई तक चलेगा नशा मुक्ति अभियान 2.0








हर्ष पाण्डेय, जगप्रेरणा परसवाड़ा।

***युवाओं को नशे की लत से बचाने और समाज में जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा संचालित 'नशा मुक्ति अभियान 2.0' के तहत बुधवार को परसवाड़ा पुलिस सड़कों पर उतरी।***

थाना पुलिस ने स्कूलों, ग्राम पंचायतों और सार्वजनिक स्थलों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए, वहीं छात्र-छात्राओं के साथ नगर में रैली निकालकर लोगों को नशे से दूर रहने का संदेश दिया।

अभियान की शुरुआत शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं सांदीपनी विद्यालय में आयोजित जागरूकता कार्यक्रमों से हुई। यहां पुलिस अधिकारियों ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान नहीं पहुंचाता, बल्कि परिवार, समाज और भविष्य को भी बर्बाद कर देता है। विद्यार्थियों से नशे से दूर रहने और अपने आसपास के लोगों को भी जागरूक करने की अपील की गई।

इसके बाद सांदीपनी विद्यालय से विशाल जागरूकता रैली निकाली गई। रैली बिजाटोला चौराहा, बैठकी बाजार, जनपद पंचायत कार्यालय होते हुए थाना परिसर पहुंची। रैली में शामिल छात्र-छात्राएं हाथों में जागरूकता तख्तियां लेकर चल रहे थे और ÷नशे से दूरी है जरूरी÷, ÷नशा छोड़ो, जीवन जोड़ो÷ जैसे नारे लगाकर लोगों का ध्यान आकर्षित कर रहे थे। बाजार क्षेत्र में व्यापारियों और राहगीरों ने भी रैली का स्वागत किया तथा अभियान की सराहना की।

कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधिकारियों ने शराब, तंबाकू, गुटखा, सिगरेट एवं अन्य मादक पदार्थों के सेवन से होने वाले शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और आर्थिक नुकसान की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नशे की लत कई बार अपराध, घरेलू हिंसा, सड़क दुर्घटनाओं और पारिवारिक विघटन का कारण भी बनती है। ऐसे में युवाओं को नशे से दूर रखना पूरे समाज की जिम्मेदारी है।

इस दौरान छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। सभी ने स्वयं नशा नहीं करने और समाज को नशा मुक्त बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

15 से 30 जुलाई तक चलेगा अभियान

मीडिया से चर्चा में नवागत नगर निरीक्षक अनुप नामदेव ने बताया कि पुलिस अधीक्षक बालाघाट के निर्देशन में 15 जुलाई से 30 जुलाई तक जिलेभर में ÷नशे से दूरी है जरूरी-2.0÷ अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत स्कूलों, महाविद्यालयों, ग्राम पंचायतों, बस स्टैंड, बाजारों और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर लगातार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि केवल रैलियों तक अभियान सीमित नहीं रहेगा। नुक्कड़ नाटक, चौपाल, पंपलेट वितरण, डिजिटल प्रचार, क्यूआर कोड, सोशल मीडिया और जनसंवाद के माध्यम से भी लोगों तक नशा मुक्ति का संदेश पहुंचाया जाएगा।

साथ ही आम नागरिकों से अपील की गई है कि यदि कहीं भी मादक पदार्थों का अवैध कारोबार या नशीले पदार्थों की बिक्री की जानकारी मिले तो तत्काल पुलिस को सूचित करें।

कार्यक्रम में नगर निरीक्षक अनुप नामदेव, उप निरीक्षक जी.एल. अहिरवार, थाना परसवाड़ा का पुलिस बल, विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं, पंचायत प्रतिनिधि, ग्रामीणजन एवं पत्रकार बंधु उपस्थित रहे।

# शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गढ़ी में निःशुल्क साइकिल वितरण का किया गया





अजय रजक, जगप्रेरणा गढ़ी।

***शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गढ़ी में आज दिनांक 15/07/2026को शासन के निर्देशानुसार कक्षा 6 वीं एवं 9 वीं के विद्यार्थियों को निःशुल्क साइकिलें प्रदान की गयी। यह योजना कक्षा 6 और 9 में प्रथम प्रवेश पर पात्र विद्यार्थियों को दी जाती है।***

इस योजना अंतर्गत आज शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गढ़ी में 21 बालक और 24 बालिका कुल 45 छात्र-छात्राओं को सायकल वितरण किया गया।इसका मुख्य उद्देश्य छात्र/छात्रों को अध्ययन के लिए सुविधा प्रदान करना है, खासकर उन छात्र/छात्राओं को जिनके स्कूल की दूरी अधिक है।

साइकल वितरण कार्यक्रम में पूरा विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।जिसमें श्री रवि शंकर मोहरे,कमल सिंह धुर्वे, नरेंद्र बिसेन, सम्मेलाल पंद्रे, हीरालाल मेरावी, इन्दिरा कुशरे, निर्मला नगपुरे, ज्योति उइके, मिथिला तेकाम,सुमनदास ढेकवारे, चंद्रशेखर खोबरागड़े, ज्वाला आर्मो, प्रेम कुमार वर्मा, अभिषेक ठाकरे, राकेश नागेन्द्र, माखन धारवैया, लाभसिंह धुर्वे, लक्ष्मण आर्मो, संदीप चौरे, रोशनी परवार,अमीषा वैध विद्यालय का स्टाफ उपस्थित रहा।इस कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य नागरिक सुश्री सोनाली कुशराम अध्यक्ष (भाजपा मण्डल गढ़ी), सुश्री रोशनी मेरावी, (सरपंच ग्राम पंचायत गढ़ी) श्री शिवाजी राव पाटिल (वरिष्ठ नागरिक गढ़ी)श्री टेकलाल धानेश्वर( भाजपा मंडल महामंत्री गढ़ी), अजय रजक (मंडल मीडिया प्रभारी गढ़ी)श्री मंगल यादव एवं अन्य गणमान्य लोग शामिल हुए।

निशुल्क साइकिल योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण इलाकों में रहने वाले छात्र/छात्राओं को स्कूल आने-जाने के लिए सुविधा देना है। सरकार नहीं चाहती कि इस वजह से किसी बच्चे की पढ़ाई छूटे। इस योजना की शुरुआत साल 2004-05 में हुई थी। इस योजना का लाभ मध्य प्रदेश में छठी और 9वीं क्लास में एडमिशन लेने के वक्त एक ही बार मिलता है। अच्छी बात यह है कि यह योजना किसी वर्ग तक सीमित नहीं है।

## क्या है यह योजना

निशुल्क साइकिल योजना के तहत गांव के सरकारी स्कूल में 6वीं और 9वीं क्लास में पढ़ने वाले वे छात्र हैं, जिनके गांव में सरकारी स्कूल नहीं है। उन्हें पढ़ाई के लिए दूसरे गांव जाना पड़ता है। ऐसे छात्र इस योजना के लिए पात्र होंगे।

छठी और 9वी क्लास में एडमिशन लेने पर एक ही बार इस योजना का लाभ मिलता है। अगर कोई फेल हो जाता है या दोबारा इन क्लास में एडमिशन लेता है तो उन्हें इस योजना का फायदा नहीं मिलेगा।

# नव दायित्व मिलने पर भोपाल पहुंचे अजय सुखदेव, शीर्ष नेतृत्व का जताया आभार..





**अजय रजक, जगप्रेरणा गढ़ी।**

भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष भगवान परमार की सहमति एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की अनुमति से घोषित जिला प्रभारियों की सूची में बालाघाट के भाजपा नेता अजय सुखदेव को शहडोल जिला प्रभारी का दायित्व सौंपा गया है।

नव दायित्व मिलने के बाद अजय सुखदेव ने भाजपा के वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद एवं संगठनात्मक मार्गदर्शन प्राप्त किया। उन्होंने भाजपा जिला अध्यक्ष रामकिशोर कावरे, सांसद श्रीमती भारती पारधी, पूर्व कैबिनेट मंत्री गौरीशंकर बिसेन, पूर्व सदस्य पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग श्रीमती मौसम हरिनखेड़े, पूर्व महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्रीमती लता एलकर तथा पूर्व युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य वैभव पवार से भेंट कर आभार व्यक्त किया।

इसके बाद अजय सुखदेव भोपाल स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने सबसे पहले कार्यालय की चौखट पर माथा टेककर नमन किया तथा पंडित दीनदयाल उपाध्याय और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके पश्चात अनुसूचित जाति मोर्चा कक्ष में प्रदेश महामंत्री कृष्णा चौधरी एवं प्रदेश कार्यालय मंत्री अमर अटवाल से मुलाकात कर उन्हें गमछा पहनाकर एवं गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर युवा नेता जितेंद्र गौतम, मनोज, अवलेश पारधी एवं विकास भी उपस्थित रहे।

अजय सुखदेव ने भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका वे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि वे शहडोल जिले में अनुसूचित जाति वर्ग के अधिक से अधिक लोगों को भाजपा की रीति-नीति एवं केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने का कार्य करेंगे।

उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं के सम्मान और स्वाभिमान की रक्षा करना उनका संकल्प है तथा संगठन के प्रति वे हमेशा चट्टान की तरह अडिग रहेंगे।

उन्होंने कहा कि प्रदेश के अंतिम छोर पर स्थित बालाघाट जिले के एक सामान्य कार्यकर्ता पर विश्वास जताकर उन्हें शहडोल का जिला प्रभारी बनाने के लिए वे भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के प्रति हृदय से आभारी हैं। उनके अनुसार वरिष्ठ नेताओं का मार्गदर्शन ही उनकी सबसे बड़ी प्रेरणा और शक्ति है।

# 3 बजे ही स्कूल में जड़ दिया ताला! 5 शिक्षक पदस्थ, फिर भी समय से पहले छुट्टी; ग्रामीणों ने बनाया पंचनामा, जांच की मांग





**जगप्रेरणा परसवाड़ा।**

सरकारी स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और समय पर अध्यापन सुनिश्चित करने के सरकार के दावों के बीच परसवाड़ा विकासखंड के ग्राम भादा स्थित विद्यालय परिसर से लापरवाही का मामला सामने आया है। आरोप है कि मंगलवार को विद्यालय परिसर में समय से पहले शैक्षणिक गतिविधियां प्रभावित मिलीं। मामले की जानकारी मिलने पर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पंचायत में पंचनामा तैयार कर शिक्षा विभाग से दोषी शिक्षकों के खिला कार्रवाई की मांग की।

ग्राम प्रधान दिनेश वरकड़े ने बताया कि मंगलवार को ग्रामीणों से सूचना मिली कि शासकीय प्राथमिक शाला में दोपहर करीब 3 बजे ही ताला लगा दिया गया है। सूचना मिलने पर वे ग्रामीणों के साथ करीब 3:30 बजे विद्यालय परिसर पहुंचे। वहां प्राथमिक शाला के मुख्य द्वार पर ताला लगा मिला, जबकि विद्यालय का निर्धारित समय अभी समाप्त नहीं हुआ था।

उन्होंने बताया कि उसी परिसर में संचालित एकीकृत माध्यमिक विद्यालय खुला हुआ था, लेकिन वहां एक भी छात्र मौजूद नहीं था। इस स्थिति ने पूरे विद्यालय परिसर की शैक्षणिक व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि विद्यालय का समय समाप्त नहीं हुआ था, तो बच्चों की अनुपस्थिति और पढ़ाई की जिम्मेदारी किसकी थी, इसकी जांच होना चाहिए। ग्राम प्रधान दिनेश वरकड़े ने यह भी आरोप लगाया कि यह पहली बार नहीं है। उनके अनुसार, पूर्व में भी कई बार विद्यालय समय से पहले बंद मिला है, जिसकी जानकारी संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाई गई, लेकिन न तो प्रभावी निगरानी की गई और न ही किसी प्रकार की कार्रवाई हुई। उनका कहना है कि विभागीय उदासीनता के कारण विद्यालयों में मनमानी बढ़ती जा रही है और इसका सीधा नुकसान ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को उठाना पड़ रहा है।

ग्रामीणों के अनुसार, एकीकृत माध्यमिक विद्यालय में 5 शिक्षक पदस्थ हैं। इसके बावजूद यदि विद्यालय परिसर में ऐसी स्थिति मिल रही है तो यह शिक्षा व्यवस्था की निगरानी पर गंभीर प्रश्नचिह्न है। ग्रामीणों का आरोप है कि पर्याप्त स्टाफ होने के बाद भी बच्चों को पूरा अध्ययन समय नहीं मिल रहा, जिससे उनकी पढ़ाई प्रभावित हो रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए ग्राम प्रधान दिनेश वरकड़े ने ग्रामीणों के साथ ग्राम पंचायत में बैठक कर पूरे घटनाक्रम का पंचनामा तैयार कराया। इसके बाद मीडिया के माध्यम से शिक्षा विभाग से शिकायत करते हुए दोषी शिक्षकों के विरुद्ध जांच कर कड़ी कार्रवाई की मांग की गई।ग्रामीणों ने कहा कि यदि सरकारी विद्यालयों में समय पालन और विद्यार्थियों की उपस्थिति को लेकर लापरवाही पर अंकुश नहीं लगाया गया, तो शासन की शिक्षा सुधार योजनाएं केवल कागजों तक सीमित रह जाएंगी। उन्होंने विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं जिला शिक्षा अधिकारी से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी पाए जाने वाले कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

इधर मामले पर, परसवाड़ा के बीआरसी अरुण कुमार बिठले ने कहा, ÷आपके माध्यम से मामला संज्ञान में आया है। पूरे प्रकरण की जांच कराई जाएगी। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।÷ अब सवाल यह है कि क्या इस बार भी जांच केवल कागजी औपचारिकता बनकर रह जाएगी, या फिर बार-बार सामने आ रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए शिक्षा विभाग वास्तव में जिम्मेदारों पर कार्रवाई करेगा। ग्रामीणों की नजर अब विभागीय जांच और उसके परिणाम पर टिकी है।

# गर्रा (मशीनटोला) विद्यालय में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित, विद्यार्थियों को कानूनों और अधिकारों की दी गई जानकारी..



**जगप्रेरणा बालाघाट।**

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री प्राणेश कुमार प्राण के मार्गदर्शन में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गर्रा (मशीनटोला) में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों को उनके संवैधानिक अधिकारों, कर्तव्यों तथा विभिन्न महत्वपूर्ण कानूनों की जानकारी देकर उन्हें जागरूक नागरिक बनने के लिए प्रेरित करना था। शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बालाघाट के सचिव श्री सतीष शर्मा ने विद्यार्थियों को पॉक्सो अधिनियम, निःशुल्क विधिक सहायता योजना, भारतीय संविधान में वर्णित मौलिक अधिकार एवं मौलिक कर्तव्यों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि शिक्षा व्यक्ति को अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक बनाती है तथा उसे समाज का जिम्मेदार और सक्रिय नागरिक बनने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। श्री शर्मा ने विद्यार्थियों को साइबर अपराध एवं साइबर सुरक्षा, मोटर व्हीकल एक्ट, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम तथा नशे के दुष्परिणामों के संबंध में भी महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों से कानूनों का पालन करने, डिजिटल माध्यमों का सुरक्षित उपयोग करने तथा सामाजिक कुरीतियों से दूर रहने का आग्रह किया।

इस अवसर पर उन्होंने पंच अभियान की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक रहने का संदेश भी दिया।

कार्यक्रम में विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती विद्या रामटेके, विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। शिविर के माध्यम से विद्यार्थियों को विधिक जागरूकता के साथ-साथ सामाजिक उत्तरदायित्व और संवैधानिक मूल्यों के प्रति भी प्रेरित किया गया।

# निर्माण कार्यों का 'श्रम सेवा पोर्टल' पर पंजीकरण अनिवार्य, उल्लंघन पर होगी कार्यवाही..

**जगप्रेरणा बालाघाट।**

मध्य प्रदेश शासन द्वारा निर्माण श्रमिकों के कल्याण, निर्माण कार्यों की प्रभावी निगरानी और श्रम कानूनों एवं सुरक्षा मानकों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। इसके तहत राज्य सरकार ने 'श्रम सेवा पोर्टल' और 'रू-श्रम सेवा मोबाइल ऐप' विकसित किया है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य निर्माण कार्यों से संबंधित सूचनाओं का एक एकीकृत और मानकीकृत डेटाबेस तैयार करना है। अब बालाघाट जिले के अंतर्गत संचालित सभी परियोजनाओं और उनके तहत किए जा रहे सभी निर्माण कार्यों का पंजीकरण 'म.प्र. भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण अधिनियम 1996' के अंतर्गत श्रम सेवा पोर्टल के माध्यम से करना अनिवार्य कर दिया गया है, ताकि श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा और कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित किया जा सके।

जिला श्रम अधिकारी श्री राकेश ठाकरे ने बताया कि बालाघाट जिले में अब तक 92 निर्माण कार्यों का पंजीकरण इस पोर्टल के माध्यम से किया जा चुका है। नियमों के अनुसार, किसी भी भवन या अन्य निर्माण कार्य को शुरू करने से कम से कम 30 दिन पहले इसकी सूचना देना और पंजीकरण कराना अनिवार्य है। यदि कोई नियोक्ता या निर्माण एजेंसी इस नियम का उल्लंघन करती है या पंजीकरण नहीं कराती है, तो उसे 3 महीने तक की जेल, 2 हजार रुपये का जुर्माना अथवा दोनों से दंडित किये जाने का प्रावधान है। जिले के सभी नियोक्ताओं और निर्माण एजेंसियों को सूचित किया गया है कि वे अपने निर्माण कार्यों को श्रम विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अनिवार्य रूप से पंजीकृत कराएं। इसके साथ ही आम नागरिक भी 'श्रम सेवा प्रहरी' के रूप में अपनी भूमिका निभा सकते हैं और किसी भी निर्माण कार्य से संबंधित जानकारी टोल-फ्री दूरभाष क्रमांक 18002338888 पर दे सकते हैं।

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



जग प्रेरणा ग्रामीण गोंदिया भंडारा
● तिरोड़ा ● गोरेगांव ● आमगांव ● सालेकसा ● देवरी ● मोरगांव अर्जुनी ● तुमसर ● साकोली ● लाखांदूर

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# संगठन को मजबूत करने की जिम्मेदारी और बढ़ गई - सांसद राजेंद्र जैन..

## गोरेगांव में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी द्वारा नवनिर्वाचित राज्यसभा सांसद राजेंद्र जैन का भव्य सम्मान, बीएलए बैठक संपन्न..









**जगप्रेरणा गोरेगांव।**

*गोंदिया जिले के गोरेगांव स्थित शारजा लॉन में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी, गोरेगांव की ओर से नवनिर्वाचित राज्यसभा सांसद राजेंद्र जैन का भव्य सम्मान समारोह एवं तालुका स्तरीय बीएलए* **(Booth Level Agent)** की बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर पार्टी पदाधिकारियों ने सांसद राजेंद्र जैन का शॉल, श्रीफल एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मान किया तथा उनके सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं।

बैठक को संबोधित करते हुए सांसद राजेंद्र जैन ने कहा कि वरिष्ठ नेता प्रफुल पटेल के मार्गदर्शन में पार्टी ने उन पर विश्वास जताते हुए राज्यसभा की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होंने कहा कि अब संगठन को और अधिक मजबूत, अनुशासित एवं बूथ स्तर तक सशक्त बनाने की जिम्मेदारी बढ़ गई है। प्रत्येक कार्यकर्ता को बूथ स्तर पर सक्रिय रहकर पार्टी को मजबूत बनाने के लिए कार्य करना चाहिए। बैठक में संगठन विस्तार तथा एसआईआर **(Special Intensive Revision)** की पृष्ठभूमि में बूथवार संगठन निर्माण, बीएलए की भूमिका, मतदाता सूची को अद्यतन रखने तथा पार्टी की संगठनात्मक शक्ति बढ़ाने के लिए आवश्यक रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की गई।

इस अवसर पर प्रेमकुमार राहंगडाले, राजलक्ष्मी तुरकर, केतन तुरकर, केवल बघेले, श्रद्धा राहंगडाले, विशाल शेंडे, सुरेंद्र राहंगडाले, कृष्णकुमार बिसेन, राम हरिनखेड़े, प्रकाश राहंगडाले, महेंद्र चौधरी, रघुपति अगड़े, सुषमा अगड़े, अनिता तुरकर, सोमेश राहंगडाले, गिरधारी कटरे, धनेश्वर तिरेले, भूपेश गौतम, अनिल मड़ावी, खुशाल वैद्य, गणेश बघेले, प्रतीक पारधी, सुनील कापसे, उमेश बिसेन, प्रदीप सहारे, श्याम फाये, चौकलाल येडे, उषा रामटेके, रंजू अगड़े, डिलेश्वरी तिरेले, महेश कटरे, दीपक बोपचे, सुशांत बोपचे, रविकांत लांजेवार, उमेश ठाकरे, प्रल्हाद वालगये, प्रमोद जैन, टेकेश्वर राहंगडाले, भास्कर मानापुरे, हेमराज राहंगडाले, सहारेजी, येडे जी, राम अगड़े, कैलाश वाघाडे, धनराज रामटेके, अमन कटरे, बाबा बोपचे, नितेश येल्ले, कल्पना शेवटे, नादिश चुलपार, ईश्वरी टेटे, आर. डी. कटरे, गोविंदजी खंडेलवाल, बाबा बिसेन, दा. येडे, गणेशजी जैन, डॉ. फाये, चोपलाल येडे, वाडेगावकर मैडम, दिलेश्वरी वाघाडे, मंगला राहंगडाले, विशेष राऊत सहित तालुका के पदाधिकारी, बीएलए, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

# साहेब ! अति आवश्यक जगह पर के रेल्वे ओवरब्रिज पुल के निर्माण को लेकर देरी क्यों

## जनप्रतिनिधि की चुप्पी पिछले अनेक सालों से केवल मंजुरी मिलने का मिल रहा लालीपाप..



**जगप्रेरणा आमगांव।**

रेल लाईन की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है पहले दो रेल्वे लाईन थी अब तीन हो गई और जानकारी के अनुसार चौथी रेल्वे लाईन को भी मंजुरी मिल गई है ऐसे में रेल्वे लाईन पर यातयात बढ चुकी है उसी प्रकार रेल्वे क्रासिंग के दोनो बाजु मार्ग पर भी बडे पैमाने पर वाहनों की यातयात बढ रही है ऐसे में मानवसहित एवं मानवविरहित रेल्वे क्रासिंग पर ओवरब्रिज पुल एवं अडंर पास पुलों को बनाये जाने को लेकर बड़े कार्यक्रम का आयोजन कर ऐलान किया गया किन्तु अत्यंत आवश्यक मानवसहित रेल्वे क्रासिंग पर ओवरब्रिज के काम थंडे बस्ते मे है जिससे वाहनचालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है कभी कभी आंधा आंधा घंटो तक रेल्वे क्रासिंग बंद रहने से वाहन चालकों को इंतजार करना पड़ता है ,आमगांव -देवरी मार्ग की बाम्हणी रेल्वे क्रासिंग, आमगांव-गोदिया मार्ग पर के रेल्वे क्रासिंग पर का ओवरब्रिज इन सभी रेल्वे क्रासिंग पर घंटों वाहनचालकों को इंतजार करना पड़े रहा है आमगांव-देवरी मार्ग महामार्ग बन जानें से मार्ग पर वहनो की यातयात बढ चुकी है ऐसे में रेल्वे क्रासिंग पर दोनों बाजु वाहनों की लंबी कतारें मानो रोजना की बात है साथ ही आमगांव-गोदिया महामार्ग पर किडंगीपार रेल्वे क्रासिंग पर भी वाहनचालकों को इंतजार करना पड़े रहा जिससे वाहनचालकों को बड़े पैमाने पर आर्थिक एवं मानसिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है यह दोनों रेल्वे क्रासिंग पर के मार्ग एकतरफ जिला मुख्यालय एवं दुसरी तरफ देवरी राष्ट्रीय राजमार्ग को जोडते हैं इन दोनों ओवरब्रिज अतीआवश्यक है अनेक मरीज रेल्वे क्रासिंग बंद रहने से अस्पताल पोहचने का इंतजार करना पड़ रहा है तो परीक्षा पढाई हो इन रेल्वे क्रासिंग बंद होने से बडे पैमाने पर परेशान होना पड़ रहा है इसी प्रकार सालेकसा-तिरखेडी मार्ग पर ग्रामीण अस्पताल के पास गडमाता चौक के पास की रेल्वे क्रासिंग पर भी वाहनचालकों को इंतजार करना पड़ा रहा जिससे वाहनचालकों को बड़े पैमाने पर मानसिक आर्थिक रूप से परेशान होना पड़ रहा है अतीआवश्यक जगह पर जंहा रेल्वे क्रासिंग पर ओवरब्रिज अतीआवश्यक है उस जगह पर ओवरब्रिज निर्माण में इंतजार लंबा हो रहा जिससे वाहनचालकों सहित नागरिक का आक्रोश बढ़ते जा रहा है किंतु किसी प्रकार की हलचल नही दिखाई दे रही है

स्थानीय जनप्रतिनिधि की चुप्पी क्यों

गोंदिया मे भीमनगर की ओर जानेवाली रेल्वे क्रासिंग पर अंडरपास बनानें के लिए रेल्वे ने तैयारी कर ली थी किन्तु स्थानीय नागरिकों ने इसका विरोध किया जिसको देखते हुए स्थानीय जनप्रतिनिधि ने तुरंत इसका संज्ञान लेकर रेल्वे के अधिकारी एवं स्थानीय अधिकारियों की संयुक्त टीम गठित कर आवश्यकता के हिसाब से पुल बनाया जा सकता है क्या इसका जायजा लिया जा रहा है वही हमारे जनप्रतिनिधि नागरिक के इतने संवेदनशील प्रश्न पर क्यों चुप्पी साधे हैं इसका आश्चर्य व्यक्त किया जा

### बोले सामाजिक कार्यकर्ता उत्तम नंदेश्वर..

'आमगांव -देवरी मार्ग, आमगांव-गोदिया मार्ग पर के रेल्वे क्रासिंग पर ओवरब्रिज अतीआवश्यक है जो बनाने काम तुरंत सुरु करने की जरूरत है किंतु अती आवश्यक रेल्वे क्रासिंग पर के ओवरब्रिज बनानें को लेकर देरी के चलते प्रति दिन वाहनचालकों को मानसिक आर्थिक रूप से परेशान होना पड़ रहा है इस ओर स्थानिक जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ता को इस मांग को लेकर ध्यान देने की आवश्यकता है'।

दैनिक जगप्रेरणा मे समाचार एवं विज्ञापनो के लिये संपर्क करे मो. 9329033433

# MS-CIT को MKCL की सिल्वर जुबली के मौके पर प्रतिष्ठित SKOCH अवॉर्ड' मिला..

## गोंदिया जिले में 'चलो बनाये महाराष्ट्र AI रेडी' फ्री AI मास्टरक्लास कैंपेन लॉन्च किया गया..



**जगप्रेरणा गोरेगांव।**

महाराष्ट्र नॉलेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड **(MKCL)** के सिल्वर जुबली ईयर के मौके पर, महाराष्ट्र के सबसे पॉपुलर डिजिटल लिटरेसी कोस **MS-CIT** को देश भर में मशहूर **SKOCH** अवॉर्ड 2026 मिला है।

यह डिजिटल लिटरेसी, स्किल डेवलपमेंट और सोशल ट्रांसफॉर्मेशन में इसके शानदार योगदान के लिए एक नेशनल पहचान है। इसी बैकग्राउंड में, **MKCL** ने पूरे राज्य में एक अवेयरनेस कैंपेन 'चलो बनाये महाराष्ट्र **AI** रेडी' शुरू किया है और स्टूडेंट्स, टीचर्स, पेरेंट्स, सरकारी कर्मचारियों, प्रोफेशनल्स के साथ-साथ सभी तक पहुंच रहा है। **फ्री AI मास्टरक्लासः** सभी नागरिकों के लिए 60 मिनट की फ्री **AI** मास्टरक्लास उपलब्ध है। **पंजीकरण (Registration):** इंटरेस्टेड नागरिक **www.mscit.ai** वेबसाइट पर पंजीकरण कर इस फ्री क्लास का लाभ ले सकते हैं। **नया करिकुलमः MS-CIT** के नए **AI**-इनेबल्ड करिकुलम में 125 से ज़्यादा **AI** टूल्स और 250+ डिजिटल टूल्स शामिल हैं, जिनमें **Chat GPT, Microsoft Copilot, Google Gemini** और **Canva AI** शामिल हैं। **रोजगार-ओरिएंटेड कोर्सः** इसके अलावा, टैली विद **GST**, डेटा साइंस, वेब डिजाइनिंग, पायथन, साइबर सिक्योरिटी और क्लाउड कंप्यूटिंग जैसे एम्प्लॉयमेंट-ओरिएंटेड **KLiC** कोर्स भी उपलब्ध हैं।

जानकारी देते समय **MKCL** के गोंदिया जिला समन्वयक श्री उमेश वैद्य ने कहा: 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस **AI** भविष्य की स्किल नहीं बल्कि आज की ज़रूरी स्किल है। गोंदिया ज़िले के हर स्टूडेंट, टीचर, माता-पिता और नागरिक को इस फ्री **AI** मास्टरक्लास में हिस्सा लेना चाहिए और **AI** का सही और असरदार इस्तेमाल सीखना चाहिए। **MS-CIT** की क्वालिटी को **SKOCH** अवॉर्ड की वजह से नेशनल लेवल पर पहचान मिली है और ज़िले के सभी **MKCL**ऑथराइज़्ड एजुकेशन सेंटर हर नागरिक तक यह मौका पहुँचाने के लिए काम कर रहे हैं।' सभी स्कूल, कॉलेज, इंडस्ट्री, इंस्टीट्यूशन, पेरेंट्स और स्टूडेंट्स से इस कैंपेन में हिस्सा लेने की अपील की जाती है। आने वाले दिनों में अलग-अलग जगहों पर **AI**अवेयरनेस प्रोग्राम, गाइडेंस सेशन और रजिस्ट्रेशन ड्राइव किए जाएंगे।

# सांसद डॉ. नामदेव किरसान का जन्मदिन अलग-अलग समाजिक उपक्रम के ज़रिए बड़े जोश के साथ मनाया गया..




## एक लाख से ज़्यादा स्कूली छात्रा को फ्री नोटबुक बांटी गईं..



**जगप्रेरणा आमगांव।**

*आमगांव-चिमूर लोकसभा क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद डॉ. नामदेवजी किरसान के जन्मदिन के मौके पर, पूरे लोकसभा सीट में अलग-अलग सोशल सामाजिक उपक्रम की गईं।*

कांग्रेस के पदाधिकारी और लोगों ने सामाजिक उपक्रम के ज़रिए उनका जन्मदिन बड़े जोश के साथ मनाया। इस मौके पर, लोकसभा क्षेत्र के एक लाख से ज़्यादा स्कूली छात्रा को फ्री नोटबुक बांटी गईं। साथ ही, गढ़चिरोली के जिला महिला हॉस्पिटल समेत अलग-अलग तालुका लेवल के तहसील स्तर उप जिला हॉस्पिटल में मरीज़ों को फल और खाना बांटा गया। जिला महिला हॉस्पिटल में भोजन दान उपक्रम चलाकर सामाजपयोगी उपक्रम का संदेश दिया गया। इसके अलावा, गढ़चिरोली-चिमूर लोकसभा क्षेत्र के अलग-अलग गांवों में पेड़ लगाना, ब्लड डोनेशन, मरीज़ों की देखभाल, पढ़ाई का सामान बांटना, भोजनदान उपक्रम वगैरह जैसी सामाजिक उपक्रम पूरे जोश के साथ की गईं।

## गोंदिया पुलिस डायरी..

संजीव बापट, शहर प्रतिनिधि मो. 9922607145

### पैदल जा रहे अज्ञात पुरुष को मोटर सायकल चालक ने ठोस मारकर उतारा मौत के घाट मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के ग्रामीण पुलिस थाना अंतर्गत वाहन अपघात का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 9/7/2026 के शाम 7 बजे के दरम्यान कारंजा गांव के पास अज्ञात पुरुष उम्र अंदाजन 65 वर्ष गोरेगांव रोड पर पैदल जा रहा था। पीछे से आये मोटर सायकल चालक ने अपना वाहन लापरवाही से चलाकर पैदल जा रहे युवक को ठोस मारी गंभीर चोट लगने से उसकी मौत हो गई। डॉक्टर के लिखित मेमो पर पोस्टे गोंदिया ग्रामीण मे अपराध क्रमांक 409/2026 धारा 281,106,1, भान्यास 2023 सहकलम 184 मोवाका के तहत अपराध दर्ज कर जाच पोहवा कोरे 1507 ग्रामीण पोस्टे गोंदिया कर रहे है।

### दिनदहाडे दांडेगाव मे महिला के घर से गहने चोरी मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के गंगाझरी पुलिस थाना अंतर्गत चोरी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 14/7/2026 के सुबह 9 बजे दांडेगाव मे फर्यादी सुग्रताबाई बेवा रूपलाल रहांगडाले उम्र 75 वर्ष निवासी दांडेगाव अपने घर का दरवाजा खुला रखकर नहाने गई। उसी दरम्यान अज्ञात चोर ने खुर्ची पर रखे 6 गेहू मणी बारीक और उसमे 1 डोरला लगा हार किमत 52 हजार रुपये का माल चुराकर ले जाने से दिये शिकायत पर पोस्टे गंगाझरी मे अपराध क्रमांक 330/2026 धारा 305, अ, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच पोहवा श्यामकुमार देशपांडे 743 पोस्टे गंगाझरी कर रहे है।

### पुराने इन्वेस्टमेंट की झुटी जानकारी देकर की लाखो की धोखाधड़ी मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के तिरोडा पुलिस थाना अंतर्गत धोखाधडी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 15/12/2025 से दिनांक 12/2/2026 के दरम्यान फर्यादी रंजीतकुमार सहादेव नंदरधने उम्र 50 वर्ष निवासी तिरोडा को 9990723805 नंबर से आरोपी ने फोन कर बताया की आपके पिताजी का पुराना इन्वेस्टमेंट है, उसे भुगतान के लिये समय समय पर 6,75,999 रुपये लिये। जब फर्यादी को धोखाधडी समझ मे आयी तो उसने तरुंत बँक को सुचित करने से 2,65,572,73 पैसे वापस आ गये। बाकी 4,10,426,27 रूपये की धोखाधडी करने से दिये शिकायत पर पोस्टे तिरोडा मे अपराध क्रमांक 672/2026 धारा 318, 4, 316, 2, भान्यास 2023 सहकलम 66, क, 66, ड, माहिती तंत्र ज्ञान कानून के तहत अपराध दर्ज कर जाँच पोनि अमित वा नखडे पोस्टे तिरोडा कर रहे है।

### ज्यादा शराब पीने से हुई मौत मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के रामनगर पुलिस थाना अंर्तगत अकस्मात मौत का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 14/7/2026 के 1 बजे के दरम्यान राजु लक्ष्मण डहारे उम्र 55 वर्ष निवासी कुडवा यह ग्राम पंचायत के पीछे शराब के नशे मे बेहोश हालत मे मिले, वहा के लोगो ने 108 अम्बुलेंस से केटीएस अस्पताल ले गये जहा उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। वैद्यकीय अधिकारी डाक्टर विश्वदीप वाघमारे के लिखित मेमो पर पोस्टे रामनगर मे अकस्मात मौत क्रमांक 14/2026 धारा 194, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के तहत मर्ग दर्ज कर जॉच पोहवा सुमेद चंद्रिकापुरे 111 पोस्टे रामनगर कर रहे है।

# लोधी और 33 दूसरी पिछड़ी जातियों को केंद्रीय सुची में शामिल करें..

## 'आलोक'संघटना के एक शिष्टमंडल ने सांसद प्रशांत पडोले को निवेदन दिया..



**जगप्रेरणा आमगांव।**

*'आलोक'संघटना के एक शिष्टमंडल ने भंडारा-गोंदिया के सांसद डॉ. प्रशांत पडोले से मुलाकात की और उन्हें एक विस्तृत निवेदन दिया, जिसमें मांग की गई कि महाराष्ट्र में 27+6 (कुल 33) दूसरी पिछड़ी जातियों* (OBC) *और खासकर लोधी जाती को सेंट्रल* OBC *लिस्ट में शामिल किया जाए।*

इस मुद्दे पर फॉलो-अप करने और सकारात्मक दखल देने के लिए सेंट्रल मिनिस्ट्री ऑफ़ सोशल जस्टिस एंड एम्पावरमेंट से रि वेस्ट की गई थी।

लेकिन, सेंटर की तरफ से इस पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। लोध/लोधा/लोधी कम्युनिटी को महाराष्ट्र स्टेट **OBC** लिस्ट में शामिल हुए 20 साल हो गए हैं। इस कम्युनिटी के लोग स्टेट गवर्नमेंट की अलग-अलग वेलफेयर स्कीम और रिज़र्वेशन का फायदा उठा रहे हैं। लेकिन, इस कम्युनिटी को सेंट्रल **OBC** लिस्ट में शामिल न करने की वजह से, महाराष्ट्र के लाखों स्टूडेंट्स और यूथ सेंट्रल गवर्नमेंट के एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन, सेंट्रल जॉब और सेंट्रल गवर्नमेंट की स्कीम के फायदे से दूर हो गए हैं।

बयान देते समय 'आलोक' के नेशनल प्रेसिडेंट अनंतलाल दमाहे, नेशनल वाइस प्रेसिडेंट सुनील नागपुरे, आलोक महाराष्ट्र प्रदेश प्रेसिडेंट नरेंद्र कुमार लिल्हारे, धनंजय बिरनवार, रवींद्र नागपुरे, पी. के. कस्तूरे, पन्नालाल उपवंशी, सुमित माहुले, सुनील उर्फबंधु नागपुरे, कंकर अत्रे, कृपाल लिल्हारे और लोधी समाज के पदाधिकारी मौजूद थे।

### नेशनल बैकवर्ड क्लास कमीशन की सिफारिश पेंडिंग..

इस सेंसिटिव मुद्दे पर नेशनल बैकवर्ड क्लास कमीशन **(NCBC)**, महाराष्ट्र स्टेट बैकवर्ड क्लास कमीशन और राज्य सरकार के संबंधित विभागों की मौजूदगी में दो बार डिटेल में सुनवाई हो चुकी है। राज्य सरकार की सिफारिश के बाद, नेशनल बैकवर्ड क्लास कमीशन के तत्कालीन चेयरमैन हंसराज अहीर और सदस्य भुवन भूषण कमल ने मामले की डिटेल में जांच की। उसके बाद, इन सभी जातियों को सेंट्रल **OBC** लिस्ट में शामिल करने की सिफारिश वाला एक ऑफिशियल प्रपोजल नई दिल्ली में सेंट्रल सोशल जस्टिस मिनिस्ट्री को भेजा गया है। लेकिन, यह प्रपोज़ल अक्टूबर 2024 से मिनिस्ट्री के पास पेंडिंग है।

### एम पीस से पॉज़िटिव मीडिएशन की अपील..

समाज के आर्थिक रूप से कमज़ोर तबके और युवाओं को सेंट्रल लिस्ट में शामिल न होने की वजह से पढ़ाई-लिखाई और पैसे का बहुत बड़ा नुकसान हो रहा है। इसलिए, डेलीगेशन ने सांसद डॉ. प्रशांत पडोले से ज़ोर देकर मांग की कि वे इस मामले में पर्सनल इंटरेस्ट लें और इस प्रपोज़ल को जल्द से जल्द सेंट्रल मिनिस्ट्री ऑफ़सोशल जस्टिस से मंजूर करवाएं सांसद ने भी इस पर सकारात्मक फैसला लेने का भरोसा दिया।

### व्हाटसअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..

**बालाघाट, गोंदिया एवं सिवनी में एक साथ प्रसारित दैनिक 'जगप्रेरणा' अब व्हाट्स अप पर भी उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचाने के लिये जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को अपने किसी भी ग्रुप में जोड़ें और स्वयं और अन्य लोगों को भी ताजा एवं महत्वपूर्ण खबरों से जोड़ें।**

TYRE WORLD
(अपोलो टायर्स के अधिकृत विक्रेता)
★ टायर ★ अलाईनमेन्ट
★ बैलेंसिंग ★ नाइट्रोजन
हिंदुस्थान ऑटोमोबाईल के पास, रामनगर, गोंदिया
79991 54494, 98233 95921

अंकुर टेस्ट ट्युब बेबी एंड रिसर्च सेंटर
बंधत्व पीड़ितों के लिये एक आशा की किरण
उपलब्ध सुविधाऐं..
■ टेस्ट ट्युब बेबी (IVF ET) ■ इक्सी टेस्ट ट्युब बेबी (ICSI) ■ (IUI) आय.यू.आय. ■ अधिक उम्र में मातृत्व ■ ओव्हम डोनेशन द्वारा ■ बंद फॉलोपियन ट्युब खोलना
■ पुरुष बंधत्व निदान व उपचार ■ शुक्राणु बैंक सुविधा ■ सोनोग्राफी ■ हार्मोस की जांच ■ हार्मोस की गड़बड़ी की ईलाज ■ दुरबीन द्वारा ऑपरेशन
डॉ. संजीव चिटणवीस अस्थि रोग विशेषज्ञ
डॉ.सौ.प्रणिता चिटणवीस प्रसुति, स्त्रीरोग व बंधत्व चिकित्सा विशेषज्ञ
एक्सीडेंट हॉस्पीटल व अंकुर क्लिनिक
गणेश नगर, गोंदिया फोन - 07182 - 236692 मो. 9823970754

12 गुरुवार 16 जुलाई 2026
जग प्रेरणा live गोंदिया भंडारा
● आमगांव ● गोरेगांव ● सड़क अर्जुनी ● देवरी ● सालेकसा ● अर्जुनी मोरगांव ● तिरोड़ा ● लाखांदुर ● साकोली

महावीर डेवलपर्स गोरेगांव
1 महावीर कॉम्पलेक्स
एन.एच.रोड, बस स्टेंड के पास
2. अश्ट विनायक अपार्टमेंन्ट
2 बीचके फ्लेट रेडी पजेशन, लिफ्ट, पार्किंग, बैंक लोन सुविधा.. 3) एनए किये हुए प्लॉट उपलब्ध..
संपर्क-नायरा पेट्रोल पंप मो. 9372316555

# गोंदिया तहसील के दासगांव में अनियंत्रित बोलेरो ने मासूम बच्ची को रौंदा, उपचार के दौरान मौत..

## पुरे गांव में पसरा मातम, आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर परिजनों और ग्रामीणों का रात 3 बजे तक चक्काजाम, पुलिस प्रशासन के खिलाफ की जमकर नारेबाजी..



जगप्रेरणा गोंदिया।

***गोंदिया तहसील के अंतर्गत ग्राम दासगांव में मंगलवार 14 जुलाई को रात 08 बजे करीब एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा घटित हो गया। साप्ताहिक बाजार के दौरान एक तेज रफ्तार अज्ञात बोलेरो पिकअप ने पिता-पुत्री को जोरदार टक्कर मार दी। इस भीषण हादसे में 3 वर्षीय मासूम बच्ची की इलाज के दौरान दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी***

चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों और परिजनों ने बच्ची के शव को हाथ में लेकर रात 3 बजे तक सड़क पर धरना प्रदर्शन किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बलमाटोला निवासी लक्ष्मीचंद सेवईवार मंगलवार को अपनी 3 वर्षीय बेटी कुमारी पासी के साथ दासगांव के साप्ताहिक बाजार में आए थे। रात करीब 8 बजे के दौरान, काटी मार्ग से बेहद तेज रफ्तार में आ रही एक अज्ञात मालवाहक बोलेरो ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पिता और मासूम बेटी दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों की मदद से दोनों को तुरंत दासगांव प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, लेकिन बदकिस्मती से उपचार के दौरान मासूम बच्ची ने दम तोड़ दिया।

### शव हाथ में लेकर रात 3 बजे तक सड़क पर बैठे परिजन, चला हंगामा..

हादसे के बाद गुस्साए परिजनों ने रावणवाडी पुलिस स्टेशन में अज्ञात चालक के खिलाफ मामला दर्ज कराया। लेकिन पुलिस द्वारा आरोपी और वाहन को जल्द पकड़ने का ठोस आश्वासन न मिलने पर पीड़ित पिता अपनी मृत बेटी के शव को हाथों में लेकर सड़क पर बैठ गए। देखते ही देखते सैकड़ों ग्रामीण वहां एकत्र हो गए और पुलिस प्रशासन के खिलाफ÷पुलिस हाय-हाय÷ के नारे लगाने शुरू कर दिए। पूर्व जिला परिषद सदस्य नरेंद्र तुरकर भी पीड़ित परिवार के समर्थन में उतरे और उनके नेतृत्व में काटी-गोंदिया मार्ग पर चक्काजाम आंदोलन शुरू कर दिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए रावणवाडी पुलिस थाना प्रभारी ने दलबल के साथ घटनास्थल का दौरा किया। पुलिस द्वारा 24 घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार करने का लिखित आश्वासन दिए जाने के बाद, रात करीब 3 बजे आंदोलन समाप्त हुआ। इसके बाद बच्ची के शव को पोस्टमार्टम के लिए गोंदिया जिला अस्पताल भेजा गया।

### स्पीड ब्रेकर हटाने से बढ़ा खतरा

ग्रामीणों में प्रशासन के खिलाफभारी आक्रोश नजर आया। ग्रामीणों का आरोप है कि पिछले 2 महीनों के भीतर इसी जगह पर यह तीसरा बड़ा हादसा है। कुछ समय पहले कुछ अज्ञात असामाजिक तत्वों ने इस मार्ग पर बने स्पीड ब्रेकर्स (गतिरोधक) को हटा दिया था। ग्रामीणों का कहना है कि अगर सड़क पर ब्रेकर होते, तो वाहन की रफ्तार कम होती और इस मासूम की जान बच सकती थी।

### बोले पूर्व जिला परिषद सदस्य नरेंद्र तुरकर..


गौरतलब है कि घटना के दौरान पूर्व जिला परिषद सदस्य नरेन्द्र तुरकर बेहद दुखी और आक्रोशित नजर आए। पुरे समय वे गांव वालों के साथ प्रदर्शन में डटे रहे। नरेन्द्र तुरकर ने कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। प्रशासन की लापरवाही के कारण आज एक मासूम की जान चली गई। हमने पुलिस से लिखित आश्वासन लिया है कि आरोपी को 24 घंटे में गिरफ्तार किया जायेगा, साथ ही, हमारी मांग है कि साप्ताहिक बाजार के दिन इस व्यस्त मार्ग पर भारी और व्यावसायिक वाहनों के प्रवेश पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाया जाए, साथ ही आवश्यकतानुसार स्पीड ब्रेकर भी बनाए जाएं।

### पुरे गांव में शोक की लहर..

गौरतलब है कि एक लापरवाह वाहन चालक की अनियंत्रीत रफ्तार ने एक मासुम बच्ची का जीवन छीन लिया, जिससे कि पुरे परिवार संहित मासुम बच्ची के खिलखिलाते चेहरे को मौत के आगोश में देखकर पुरा गांव सदमे में और आक्रोशित नजर आया। जानकारी के अनुसार बच्ची बहुत ही मासूम और परिवारजनों और आस पड़ोस में सभी की चहेती थी। इस दुखद घटना के बाद से दासगांव और बलमाटोला परिसर में मातम पसरा हुआ है। हर आंख नम है और लोग पुलिस से आरोपी को जल्द से जल्द सलाखों के पीछे भेजने तथा बाजार के दिन भारी वाहनों पर पाबंदी लगाने की मांग कर रहे हैं।

# गोंदिया के डबलिंग ग्राऊंड जगन्नाथ मंदिर से आज निकलेगी भगवान श्री जगन्नाथ जी की भव्य रथयात्रा..

## श्रद्धालुओं से बड़ी संख्या में शामिल होने की अपील



जगप्रेरणा गोंदिया।

***गोंदिया शहर के सिविल लाईन मार्ग पर डबलिंग ग्राउंड स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर पूजा समिति द्वारा आज 16 जुलाई को भगवान श्री जगन्नाथ स्वामीजी की वार्षिक रथयात्रा धुमधाम***

से निकाली जायेगी, तथा इसी के साथ भव्य धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। समिति द्वारा जारी कार्यक्रमों के अनुसार आज 16 जुलाई 2026 (गुरुवार) को सुबह 10 बजे पूजा एवं महाआरती के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। इसके पश्चात दोपहर 1 बजे छेरा पहरा की रस्म संपन्न होगी तथा दोपहर 2 बजे भगवान श्री जगन्नाथ, बलभद्र एवं सुभद्रा की भव्य रथयात्रा नगर में निकाली जाएगी।

वहीं शाम 7 बजे श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसाद एवं प्रसाद वितरण का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा 24 जुलाई 2026 (शुक्रवार) को बाहुड़ा यात्रा दोपहर 2 बजे निकलेगी, जबकि शाम 7 बजे से महाप्रसाद का आयोजन रहेगा। श्री जगन्नाथ मंदिर पूजा समिति ने सभी धर्मप्रेमी नागरिकों से रथयात्रा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर धार्मिक आयोजन को सफल बनाने का आग्रह किया है।

## व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरे पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़े जगप्रेरणा को..

बालाघाट एवं गोंदिया से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक 'जगप्रेरणा' समाचार पत्र व्हाट्स अप पर भी आम जनों के लिये उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचा सकते हैं। जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को किसी भी ग्रुप में जोड़ा जा सकता है।

गोंदिया शहर में दैनिक जगप्रेरणा की प्राप्ति हेतु संपर्क करें..
जग प्रेरणा
चौरसिया पान सेंटर
जय स्तंभ चौक बस स्टॉप, गोंदिया
मो. 08806083231

# नेतृत्व की नई उड़ानः साकेत पब्लिक स्कूल गोंदिया में हाउस इन्वेस्टिचर समारोह संपन्न



जगप्रेरणा गोंदिया।

***साकेत पब्लिक स्कूल में हाउस इन्वेस्टिचर समारोह उत्साह, गरिमा और उल्लासपूर्ण वातावरण में आयोजित किया गया। इस अवसर पर नव-निर्वाचित छात्र परिषद को औपचारिक रूप से नेतृत्व की जिम्मेदारियां सौंपी गईं।***

समारोह का उद्देश्य विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, उत्तरदायित्व और सेवा-भाव विकसित करना रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आयकर अधिकारी श्री सुमित कुमार सिन्हा तथा विशिष्ट अतिथि आयकर निरीक्षक श्री अनिल कुमार सुखदेव उपस्थित रहे। विद्यालय की निदेशक श्रीमती वीणा देवी बजाज एवं प्राचार्य श्री शंकर उपाध्याय की गरिमामयी उपस्थिति ने समारोह की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम का शुभारंभ मधुर स्वागत गीत से हुआ, जिसके बाद नव-निर्वाचित छात्र परिषद ने आकर्षक मार्च पास्ट प्रस्तुत किया। समारोह का मुख्य आकर्षण छात्र नेताओं को बैज एवं सैश पहनाकर सम्मानित करना रहा, जो उनके नेतृत्व, ईमानदारी, समर्पण और उत्तरदायित्व का प्रतीक है। विद्यालय की नव-निर्वाचित छात्र परिषद में मास्टर अयान थावरे (हेड बॉय), कु. शारवरी हटवार (हेड गर्ल), मास्टर पार्थ सोनकुसरे (जूनियर हेड बॉय), कु. मोही रहांगडाले (जूनियर हेड गर्ल), कुशल सोयाम एवं पावनी गौतम (स्पोर्ट्स सेक्रेटरी), तुषार लांजेवार एवं हनी केसवानी (साइंस सेक्रेटरी), विराट बघेले एवं आराध्या अग्रवाल (कल्चरल सेक्रेटरी), शाश्वी काटरे (डिसिप्लिन प्रेसिडेंट), स्पंदन राजत एवं ज़ियाना पठान (रेड हाउस कैप्टन), शिवांग तुरकर एवं यशवी अग्रवाल (ब्लू हाउस कैप्टन), अंशा डोडानी एवं हिमांशी केसवानी (ग्रीन हाउस कैप्टन) तथा तक्ष भंडारकर एवं श्रावणी दोनाडकर (येलो हाउस कैप्टन) शामिल हैं।

समारोह के दौरान अतिथियों ने सभी नव-निर्वाचित छात्र नेताओं को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें अनुशासन, सेवा-भाव, ईमानदारी और उत्कृष्टता के मूल्यों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करते हुए विद्यालय की गौरवशाली परंपराओं को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। प्रेरणादायी वातावरण में संपन्न यह समारोह विद्यार्थियों के लिए नेतृत्व की नई शुरुआत और विद्यालय के उज्ज्वल भविष्य का प्रतीक बनकर यादगार रहा।

# जीभ के कैसर के कष्टों से जुझती वृद्धा को डॉ. ब्राम्हाणकर के प्रयासों से मिला नया जीवन..

## परिवार ने जताया डॉ. ब्राह्मणकर के प्रति आभार..



जगप्रेरणा गोंदिया।

***गोंदिया जिले के एक अत्यंत गरीब परिवार की लगभग 70 वर्षीय महिला जीभ के कैंसर से पीड़ित थी। कैंसर जीभ से बढ़कर गर्दन के लिम्फनोड्स तक फैल चुका था, जिसके कारण महिला की स्थिति गंभीर हो गई थी। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण परिवार के लिए महंगे उपचार का खर्च उठाना संभव नहीं था।***

मदद के लिए महिला ने गोंदिया के नगराध्यक्ष श्री सचिन शेंडे से संपर्क किया। उस समय श्री शेंडे पंढरपुर यात्रा पर थे। उन्होंने वहीं से तत्काल डॉ. नोव्हिल ब्रम्हाणकर से दूरभाष पर संपर्क किया। मरीज की स्थिति की जानकारी मिलते ही डॉ. ब्राम्हाणकर ने तुरंत महिला को ब्रम्हाणकर हॉस्पिटल में भर्ती करने के निर्देश दिए।

मरीज की आवश्यक जांचें की गईं। इसके बाद विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में **Hemiglossectomy with Radical Neck Dissection** यह जटिल एवं बड़ी शल्यक्रिया सफलतापूर्वक की गई। इस ऑपरेशन में जीभ के कैंसरग्रस्त हिस्से को निकालने के साथ-साथ गर्दन में फैले प्रभावित लिम्फनोड्स को भी हटाया गया इस उपचार की विशेष बात यह रही कि पूरी शल्यक्रिया का खर्च महात्मा ज्योतिराव फुले जन आरोग्य योजना के अंतर्गत किया गया। इससे मरीज के परिवार पर किसी भी प्रकार का आर्थिक बोझ नहीं पड़ा।

ब्राम्हाणकर हॉस्पिटल के संचालक एवं कैंसर तथा जनरल सर्जरी विशेषज्ञ डॉ. नोव्हिल ब्राम्हाणकर अपनी उत्कृष्ट शल्य चिकित्सा सेवाओं के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए अनेक आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों की जटिल शल्यक्रियाएं विभिन्न सरकारी योजनाओं के माध्यम से सफलतापूर्वक की है। नागपुर जैसे बड़े शहरों में अधिक खर्च में होने वाली कई प्रमुख शल्यक्रियाएं जरूरतमंद मरीजों को ब्रम्हाणकर हॉस्पिटल में उपलब्ध कराने का उनका निरंतर प्रयास रहता है। इस सफल शल्यक्रिया से संबंधित महिला को नया जीवन मिला है। उसके परिवार ने डॉ. नोव्हिल ब्राम्हाणकर, ब्राम्हाणकर हॉस्पिटल की पूरी टीम तथा नगराध्यक्ष श्री सचिन शेंडे के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया।

# भगवान श्री झूलेलाल चालीसा महोत्सव 2026 आज से..

**जगप्रेरणा गोंदिया।** भगवान श्री झूलेलाल धाम माताटोली, पूज्य बाबा गुरुमखदास सेवा समिती, गोंदिया द्वारा आज गुरुवार, 16 जुलाई से 25 अगस्त तक भगवान श्री झूलेलाल चालीसा महोत्सव 2026 बहुत ही धूमधाम से मनाया जायेगा। यह महोत्सव सतगुरु सांई लालदास साहेब जी एवं सांई भोलाराम साहब जी के सानिध्य में पूज्य चालीसा महोत्सव की अखंड ज्योत प्रज्वलित, झंडा वंदन एवं भगवान श्री झूलेलाल जी का ग्रंथ साहेब आरंभ होगा तथा गुरुवार 16 जुलाई को ही संध्या 7:30 बजे से दिव्य सत्संग भगवान श्री झूलेलाल धाम, माताटोली, गोंदिया में होगा। दिव्य सत्संग पश्चात भंडारा साहिब का आयोजन किया गया है। भगवान श्री झूलेलाल धाम माताटोली, पूज्य बाबा गुरुमखदास सेवा समिति, गोंदिया ने समस्त श्रृद्धालुओं से दिव्य सत्संग में उपस्थित रहकर लाभ प्राप्त करने का आवाहन किया है।

नया सोचो आयुर्वेद सोचो...
सुश्रुत प्रोक्टो आयुर्वेदा
मुळव्याध (बवासीर), फिशर भगंदर व अन्य गुदारोग चिकित्सा व आयुर्वेद पंचकर्म केन्द्र
● कमर का दर्द ● घुटनों का दर्द
● पिठ का दर्द ● गर्दन व कंधों का दर्द
● आमवात, गठीया वात एवं सायटिका
• अत्याधुनिक सुविधा युक्त पंचकर्म चिकित्सा कक्ष
• शास्त्रशुद्ध एवं गुणवत्तायुक्त स्वनिर्मीत औषधियों का प्रयोग
• रोगी एवं व्याधी अनुरुप पंचकर्म सुविधा
डॉ. अपर्णा खोब्रागडे
B.A.M.S., M.D. (Nashik)
आयुर्वेद पंचकर्म चिकित्सक
7620340356
साकेत पब्लिक स्कुल रोड़, गणेश नगर, गोंदिया 07182-796738

## - सूचना -

यदि आपको प्रतिदिन दैनिक जगप्रेरणा समाचार पत्र नहीं मिल रहा हो तो कृपया दिनेश उके से मोबाईल नंबर 98605 58902 पर संपर्क करें।

## क्लासिफाईड विज्ञापन सिर्फ 100/- प्रतिदिन..

*दैनिक जगप्रेरणा में क्लासिफाईड विज्ञापन सिर्फ 100 /- प्रतिदिन में प्रकाशित किये जाते हैं। कृपया संपर्क करें.. मो. 9329033433*

SONO VIEW
SONOGRAPHY X-RAY CT SCAN
DR. GHANSHYAM M. TURKAR
M.B.B.S., M.D., D.N.B., M.N.A.M.S.
Diplomate of National Board
Radiologist, Sonologist & Imagiologist
DR. PADMINI TURKAR
M.B.B.S., D.C.H.
बालरोग एवं नवजात शिशु विशेषज्ञ
FACILITIES AVAILABLE
SONOGRAPHY
■ Color Doppler ■ Power Doppler Imaging
■ B-flow Imaging ■ Tissue Harmonic Imaging
■ Transrectric & TV Sonography
■ Pediatric Sonography ■ Orbital Sonography
■ Breast, Thyroid, Scrotal Sonography
■ Neonatologist Neurosonogram
■ 2 D Echo Cardiography ■ Foetal Echo
■ Whole Body Ct Scan ■ Digital X-ray Digital Radiography System ■ M.R.I.
DIGITAL X-RAY
● 2D, 3D/4D High Resolution Sonography
● 2D Echo
● Colour Doppler
● Siemens Germany Multislice/Spiral High Resolution CT Scan
राष्ट्रीय क्षयरोग दुरीकरण कार्यक्रम अंतर्गत मुफ्त सोनोग्राफी, एक्स रे, सी.टी. स्कैन
तुरकर क्लिनिक SONOGRAPHY, X-RAY, C.T. SCAN
सिव्हिल लाईन, गोंदिया
फोन - 07182- 231149, 234198, 236391
E-mail : sonoview@gmail.com SONOGRAPHY C.T. SCAN

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक आशीष वर्मा द्वारा जगप्रेरणा पेपर इंडस्ट्रीज कटंगीकला गोंदिया से मुद्रित तथा कार्यालय जगप्रेरणा, वार्ड नं.16, कल्पतरु मॉल, महावीर चौक, बालाघाट (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित..
संस्थापक - स्व. गंगाबिसन जी वर्मा, प्रधान संपादक - आशीष वर्मा मो. 9329033433 आर.एन.आई. रजि. नं. एमपी/हिन्दी/2012/43298 ईमेल - jagprernaw@gmail.com